Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

# पायनियर

Established 1865

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

RNI NO. CHHHIN/2016/70655
वर्ष-09, अंक-206
रायपुर, गुरुवार 20 मार्च 2025
पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 3.00


## क्विक न्यूज

### डेयरी विकास के लिए मंत्रिमंडल ने 2790 करोड़ की परियोजनाओं को दी मंजूरी



**नयी दिल्ली।** सरकार ने डेयरी के बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण और विकास लिए मंत्रिमंडल ने 2790 करोड़ की परियोजनाओं को मंजूरी दी। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम (एनपीडीडी) को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा यह संशोधित एनपीडीडी केंद्रीय योजना है जिसमें 1000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त परिव्यय से 15 वें वित्त आयोग चक्र (2021-22 से 2025-26) की अवधि के लिए कुल 2790 करोड़ रुपये का बजट हो गया है।

### सदन को मुफ्त सुविधाओं पर विचार-विमर्श करने की आवश्यकता : धनखड़



**नयी दिल्ली।** सभापति जगदीप धनखड़ ने राज्यसभा में कहा कि शांति व्यवस्था, तुष्टिकरण, जिसे अक्सर मुफ्त सुविधाएं कहा जाता है, पर इस सदन को विचार-विमर्श करने की आवश्यकता है, क्योंकि पूंजीगत व्यय उपलब्ध होने पर ही देश आगे बढ़ता है। धनखड़ ने सदन में शून्यकाल के दौरान यह टिप्पणी उस समय की जब समाजवादी पार्टी के प्रो.रामगोपाल यादव ने सांसद निधि को बढ़ाकर वार्षिक 20 करोड़ रुपए करने की मांग की। प्रो.यादव ने कहा कि पहले एक हैंडपंप लगाने की लगत 15 हजार रुपए थी लेकिन अब यह बढ़कर 85 हजार से एक लाख रुपए तक हो गई है।

### राष्ट्र को सर्वोपरि रखकर कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए निडरता से लक्ष्य हासिल करें लोगः राजनाथ



**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोगों से आह्वान किया है कि वे मेजर बॉब खाथिंग के सिद्धांत के अनुरूप सदैव राष्ट्र को सर्वोपरि रखें, एकजुट रहें, ईमानदारी के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करें तथा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए निडरता से आगे बढ़ें। सिंह ने असम राइफल्स और यूनाइटेड सर्विसेज इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडिया द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित मेजर बॉब खाथिंग स्मृति कार्यक्रम के पांचवें संस्करण को संबोधित करते हुए यह बात कही।

# मन सच्चा और संवेदनशील हो, तभी जनता के लिए योजनाएं बनती हैं : मुख्यमंत्री विष्णु देव

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ विधानसभा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से संबंधित विभागों की वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 19,643 करोड़ 78 लाख 42 हजार रुपए की अनुदान मांगें चर्चा उपरांत ध्वनिमत से पारित की गई। चर्चा में पक्ष एवं विपक्ष के विधायकों ने भाग लिया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने विभाग से संबंधित अनुदान मांगों पर हुई चर्चा के अंत में कहा कि यह बजट छत्तीसगढ़ की प्रगति और विकासशील छत्तीसगढ़ को विकसित छत्तीसगढ़ बनाने की ओर ले जाने वाला बजट है। हमने अपने अधीन सभी विभागों में जनकल्याण और विकास के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है और इसके लिए बीते वर्ष की तुलना में इस वर्ष अधिक राशि का प्रावधान किया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अनुदान मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि जब आपका मन सच्चा हो और संवेदनशीलता हो, तभी ऐसी योजनाएं बनती हैं जिनसे आम जनता के जीवन में वास्तविक बेहतरी आती है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि हमारा संकल्प दृढ़ है, इरादे बुलंद हैं और लक्ष्य स्पष्ट है। वर्ष 2047 तक विकसित छत्तीसगढ़ की संकल्पना को साकार करने हम निरंतर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि पिछले सवा साल से लगातार छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा में जुटे हैं। सीएम साय ने कहा कि उनकी सरकार का पहला बजट 'ज्ञान' अर्थात गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति को समर्पित था। इस वर्ष का बजट 'ज्ञान के लिए गति' पर आधारित है, जिसका अर्थ गुड गवर्नेंस, एक्सेलरेटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, टेक्नोलॉजी और इंडस्ट्रियल ग्रोथ है। भ्रष्टाचार पर प्रहार करते हुए सीएम साय ने कहा भ्रष्टाचार की मूल जड़ मैनुअल फाइल प्रणाली को खत्म करने के लिए ई-ऑफिस प्रणाली आगामी 1 अप्रैल से लागू होगी। ई-ऑफिस के लिए बजट में 22 करोड़ 67 लाख रुपए का प्रावधान है। अब फाइलें कंप्यूटर पर चलेंगी और तय समय सीमा में उनका निपटारा होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आबकारी विभाग के राजस्व में सुधार इस बात का उदाहरण है कि जो पैसा पिछली सरकार में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता था, वह अब जनकल्याण में लग रहा है। वर्ष 2019-20 में आबकारी राजस्व 4,952.79 करोड़ था, जो वर्ष 2024-25 में बढ़कर 9,573 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। हमने सभी प्रकार के लायसेंस की समस्त प्रक्रिया को इज ऑफ डूईंग बिजनेस के तहत ऑनलाईन किया। समस्त प्रकार की शराब के परमिटों को भी ऑनलाईन किया गया, जिससे कर की चोरी नहीं की जा सकेगी। हमारी सरकार ने छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा विदेशी शराब की थोक खरीदी-बिक्री की प्रक्रिया को पुनः लागू किया। इससे विदेशी शराब की सप्लाई में मध्यस्थों का अंत हुआ। हमारी सरकार बनने के बाद हमने निर्णय लिया कि होलोग्राम के संबंध में किसी भी प्रकार की अनियमितता को दूर रखने के लिए सीधे शासकीय मुद्रणालय से होलोग्राम प्राप्त किया जाए। विभाग के 33 जिला स्तरीय उड़नदस्तों के लिए 425 नवीन पद स्वीकृत हुए हैं, जिसके लिए 19 करोड़ का बजट रखा गया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि सुशासन को बढ़ावा देने के लिए अनूठी पहल करते हुए हमने सुशासन एवं अभिसरण विभाग की स्थापना की है। प्रशासनिक कार्यप्रणाली में सुधार के लिए नवगठित 'सुशासन एवं अभिसरण विभाग' को 74.37 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। लोक प्रशासन में उत्कृष्टता हेतु मुख्यमंत्री पुरस्कार योजना के लिए 1 करोड़, नवाचार प्रोत्साहन हेतु 4 करोड़, मुख्यमंत्री सुशासन फेलोशिप योजना के लिए 7.20 करोड़, तथा अटल मॉनिटरिंग डैशबोर्ड के लिए 12 करोड़ रुपए का बजट है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नागरिकों की बढ़ती अपेक्षाओं और शिकायत निवारण प्रणाली में सुधान की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए एक आधुनिक और एकीकृत 'मुख्यमंत्री हेल्पलाइन' प्रणाली के लिए 22 करोड़ और कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन से सीधे आम जनता से फीडबैक लेने के लिए एकीकृत नागरिक डाटाबेस बनाने और नागरिक कॉल सेंटर स्थापित करने के लिए 'जनसंवाद' कार्यक्रम के लिए 13 करोड़ का प्रावधान किया गया है। साय ने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश की जनता को परिवहन से संबंधित सुगम सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। परिवहन विभाग के लिए कुल 209 करोड़ 50 लाख रुपए का बजट रखा गया है।



### सीएम साय फिर से शुरू करेंगे जनदर्शन

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा प्रदेश भर से लोग जनदर्शन में आकर अपनी समस्याएं रखते है, जिनका त्वरित समाधान किया जाता है, जिससे आमजन को लाभ मिलता है। सीएम ने कहा चुनाव और आचार संहिता के कारण यह प्रक्रिया कुछ समय तक के लिए स्थगित थी, अब इसे पुनः प्रारंभ किया जाएगा।

# अंतरिक्ष परी सुनीता विलियम्स ने रचा इतिहास, नौ महीने बाद किया धरती को स्पर्श

एजेंसी < चेन्नई
www.dailypioneer.com



आठ दिनों के लिए संयुक्त क्रू फ्लाइट टेस्ट मिशन पर गयीं और तकनीकी कारणों से करीब नौ माह तक अंतरिक्ष में 'फंसी' रहीं भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स के बुधवार तड़के धरती को आलिंगनबद्ध करते ही उनकी सुरक्षित वापसी के लिए कई घंटों से 'दिल थामे' टकटकी लगाये विश्वभर में लोगों की आंखें खुशियों से छलछला गयीं और इसके साथ ही, अंतरिक्ष विज्ञान में 19 मार्च स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो गया। 'अंतरिक्ष परी' सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर ने नौ महीने 14 दिन बाद धरती पर कदम रखा। उनका ड्रैगन फ्रीडम स्पेसक्राफ्ट भारतीय समयानुसार बुधवार सुबह 3:27 बजे फ्लोरिडा के तट पर लैंड हुआ। इस मौके पर एक और सुंदर नजारा देखने को मिला। ड्रैगन के स्प्लैशडाउन होते ही कई डॉल्फिन मछलियों ने उसे घेर लिया। इस दौरान डॉल्फिन का झुंड अंतरिक्ष यान की चारों ओर तैरतने लगा जैसे वे 'अंतरिक्ष परी' के लिए स्वागत गीत गा रही हों। दोनों अंतरिक्ष यात्री बोइंग और नासा के आठ दिन के जॉइंट 'क्रू फ्लाइट टेस्ट मिशन' पर गए थे, लेकिन स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट के थ्रस्टर्स में तकनीकी समस्या के कारण इनकी आठ दिन की यात्रा नौ माह 14 में तब्बदील हो गयी। स्पेसएक्स कैप्सूल ने अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री विलियम्स, बुच विलमोर तथा निक हेग और रूसी अंतरिक्ष यात्री अलेक्जेंडर गोर्बुनोव को फ्लोरिडा तट के पास अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से चार पैराशूट का उपयोग करके सुरक्षित रूप से वापसी की। नासा द्वारा निर्धारित समय पर जैसे ही ड्रैगन ने स्प्लैशडाउन किया अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष वैज्ञानिकों और इस चमत्कृत करने वाले दृश्य का सीधा प्रसारण देख रहे लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई।

### पीएम मोदी ने सुनीता विलियम्स की वापसी पर खुशी जताई, दीं शुभकामनाएं



**नयी दिल्ली।** भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स की जटिल परिस्थितियों के बीच धरती पर सकुशल वापसी से भारत में खुशी का महौल है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित देश के शीर्ष नेतृत्व ने सुनीता विलियम्स, साथ लौटे अंतरिक्ष यात्रियों और अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा को शुभकामनाएं और बधाई दी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सुनीता और अंतरिक्ष स्टेशन के साथी यात्रियों की वापसी पर सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'क्रू 9, आपका स्वागत है! पृथ्वी को आपकी याद आई।' मोदी ने इन अंतरिक्ष यात्रियों के धैर्य और मनोभाव की प्रसंशा करते हुए लिखा, 'उनका धैर्य, साहस और असीम मानवीय भावना की परीक्षा रही है। सुनीता विलियम्स और क्रू 9 के अंतरिक्ष यात्रियों ने एक बार फिर हमें दिखाया है कि दृढ़ता का सही मतलब क्या है। विशाल अज्ञात के सामने उनका अटूट दृढ़ संकल्प हमेशा लाखों लोगों को प्रेरित करेगा।' मोदी ने लिखा, 'अंतरिक्ष अन्वेषण मानव क्षमता की सीमाओं को आगे बढ़ाने, सपने देखने की हिम्मत करने और उन सपनों को वास्तविकता में बदलने का साहस रखने के बारे में है। सुनीता विलियम्स, एक पथप्रदर्शक और एक आदर्श, ने अपने पूरे करियर में इस भावना का उदाहरण दिया है।'प्रधानमंत्री ने लिखा, 'हमें उन सभी पर बहुत गर्व है जिन्होंने उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए अथक परिश्रम किया। उन्होंने दिखाया है कि जब सटीकता जुनून से मिलती है और तकनीक दृढ़ता से मिलती है तो क्या होता है।' पीएम मोदी ने इस पोस्ट के साथ सुनिता के साथ अपनी एक मुलाकात की फोटो भी टैग की है।

## केंद्रीय एजेंसियोंः सीबीआई, ईडी, आईटी के खिलाफ आंदोलन की रणनीति पर पायलट के साथ हुई चर्चा



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

कांग्रेस की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी एवं वरिष्ठ नेताओं की बैठक छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट, राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत एवं प्रभारी सचिव एस.ए. संपत कुमार, जरिता लेतफलांग, विजय जांगिड़ की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में एआईसीसी द्वारा संगठनात्मक मजबूती के लिए दिये गये दिशा-निर्देश पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आगामी माह की कार्ययोजना तैयार करने पर चर्चा की गयी। केंद्रीय एजेंसियों-सीबीआई, ई.डी., आई.टी. के खिलाफ आंदोलन की रणनीति पर चर्चा की गयी। इसके साथ ही राज्य भाजपा सरकार के 15 माह के कार्यकाल की विफलताओं, वादाखिलाफी को जन-जन तक पहुंचाने की रणनीति पर चर्चा की गयी।

### आतंकवाद से निपटने की जीरो टॉलरेंस की नीति पर अडिग है भारतः रक्षा सचिव

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



भारत ने स्पष्ट किया कि वह आतंकवाद से निपटने की जीरो टॉलरेंस की अपनी नीति पर अडिग है और इसके लिए क्षेत्रीय सहयोगियों से एकजुटता का आह्वान करता है। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने आतंकवाद से निपटने के लिए आसियान देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक प्लस और विशेषज्ञ कार्य समूह की 14वीं बैठक में मुख्य भाषण के दौरान कहा, 'भारत आतंकवाद के प्रति अपनी शून्य-सहिष्णुता की नीति पर अडिग है और एक ऐसे दृष्टिकोण में विश्वास करता है जो मजबूत घरेलू तंत्र, बढ़ी हुई खुफिया जानकारी साझा करने और मजबूत क्षेत्रीय सहयोग को जोड़ता है।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक 21 से 23 मार्च तक बेंगलुरु में

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक 21 से 23 मार्च तक कर्नाटक के बेंगलुरु में आयोजित होगी। प्रतिनिधि सभा संघ की सर्वोच्च नीति निर्धारक इकाई है। इसका आयोजन प्रतिवर्ष होता है। इस बार यह बैठक बेंगलुरु के चन्नेनहल्ली स्थित जनसेवा विद्या केंद्र परिसर में होगी। आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने बेंगलुरु में पत्रकार वार्ता में बताया कि बैठक में गत वर्ष 2024-25 का कार्यवृत्त रखा जाएगा तथा उस पर समीक्षात्मक चर्चा के साथ ही विशेष कार्यों का निवेदन भी होगा। आगामी विजयादशमी 2025 को संघ कार्य के 100 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस निमित्त विजयादशमी (दशहरा) 2025 से 2026 तक संघ का शताब्दी वर्ष मनाया जाएगा। बैठक में शताब्दी वर्ष के कार्य विस्तार की समीक्षा के साथ-साथ विभिन्न कार्यक्रमों एवं आयोजन तथा अभियानों की रूपरेखा तैयार की जाएगी। बैठक के बाद रानी अब्बक्का पर वक्तव्य जारी किया जाएगा। उनकी इस वर्ष 500वीं जयंती होगी। बैठक में बांग्लादेश घटनाक्रम पर आगे की भूमिका और संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर कृतज्ञता एवं आगे की कार्य योजना से जुड़े दो प्रस्तावों पर विचार होगा। इसके साथ ही संघ की शाखाओं में अपेक्षित सामाजिक परिवर्तन के कार्यों सहित विशेष रूप से पंच परिवर्तन के प्रयासों पर चर्चा होगी। वर्तमान परिदृश्य के विश्लेषण एवं करणीय कार्यों की चर्चा भी बैठक में होगी।

### निलंबित आईएएस रानू साहू की जमानत याचिका खारिज



**बिलासपुर।** कोल स्कैम में निलंबित आईएएस रानू साहू लगातार कोर्ट में जमानत याचिका दायर कर रही है। जिसपर हाईकोर्ट ने सुनवाई में रानू साहू की जमानत याचिका खारिज कर दी है। कोयला घोटाला मामले में बिलासपुर हाईकोर्ट ने निलंबित रानू साहू को एक बार फिर बड़ा झटका देते हुए फैसला सुनाया है। दरअसल, निलंबित आईएएस रानू साहू ने ईओडब्ल्यू की विशेष कोर्ट में डीएमएफ घोटाला में मंगलवार को जमानत अर्जी लगाई थी। बता दें कि डीएमएफ घोटाले में एसीबी और ईओडब्ल्यु द्वारा जांच की जा रही है, जिसमें करोड़ों रुपए के हेरफेर का आरोप है। रानू साहू के अलावा कस्टम मिलिंग घोटाला मामले में आरोपी रोशन चंद्राकर ने भी जमानत याचिका दाखिल किया था। कोर्ट ने रोशन चंद्राकर की जमानत याचिका पर भी सुनवाई की। इस सुनवाई में भी कोर्ट ने आरोपी को राहत नहीं दी।

## स्वास्थ्य के लिए बनायी गयी है व्यापक नीति, हर क्षेत्र का रखा गया है ध्यान : जेपी नड्डा

वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे पी नड्डा ने मोदी सरकार द्वारा देश को तपेदिक मुक्त बनाने के लिए किये जा रहे उपायों का उल्लेख करते हुये राज्यसभा में कहा कि इस सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए नयी स्वास्थ्य नीति बनायी है जो समग्र और व्यापक होने के साथ ही स्वास्थ्य से जुड़े हर क्षेत्र को ध्यान में रखा गया है। नड्डा ने सदन में उनके मंत्रालय के कामकाज पर हुयी चर्चा का जबाव देते हुये कहा कि इस चर्चा में 37 सदस्यों ने भाग लिया और कई सदस्यों ने अंतिम मील कनेक्टिविटी और जमीनी स्तर पर डिलीवरी के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि चूंकि राज्य एक स्वास्थ्य विषय है, इसलिए कार्यान्वयन राज्य सरकार के हाथ में है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की भूमिका वित्तीय और तकनीकी सहायता, नीति-निर्माण और योजना, अनुसंधान और विकास और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के लक्ष्यों तक पहुंचने के लिए हाथ पकड़ना है।

### 'आप' सरकार की ओर से किये गये सभी घोटाले खुलेंगे, गुनहगार सलाखों के पीछे जाएंगे : सचदेवा



**नयी दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने राष्ट्रीय राजधानी में सीसीटीवी लगवाने में हुए घोटाले को लेकर अपराध निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की ओर से पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने को लेकर आप पर निशाना साधा है और कहा है कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा किये गये सभी घोटाले अब खुलेंगे और गुनहगार सलाखों के पीछे जाएंगे। सचदेवा ने सीसीटीवी लगाने के मामले में एसीबी की ओर से जैन के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का स्वागत किया और कहा, 'यह तो शुरुआत है, अभी आगे ऐसे अनेक मामले सामने आयेंगे, जिन्हें अरविंद केजरीवाल सरकार ने दबा रखा था या जिनकी जांच विलंबित की थी।' उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार ने 2017-18 में एक निजी कम्पनी 'बी.ई.एल.' को सीसीटीवी लगाने का 571 करोड़ रुपए का ठेका दिया था और सीसीटीवी लगाने में विलंब होने के कारण वर्ष 2019 में कम्पनी पर 16 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया था।



# मुख्यमंत्री रेवंत रेडडी ने अनुसूचित जातियों के लिए न्याय की प्रतिबद्धता जतायी

एजेंसी हैदराबाद
www.dailypioneer.com



तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेडडी ने अनुसूचित जाति (एससी) समुदाय के साथ किये जा रहे अन्याय को दूर करने के लिए अपनी सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। रेडडी ने संवाददाताओं से कहा कि उनकी सरकार ने शीर्ष न्यायालय में मजबूत तर्क प्रस्तुत किये थे, जिससे बहुत समय से लंबित एक मामले को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया जा सका। उन्होंने एससी समुदाय के लिए न्याय सुनिश्चित करने में अपने प्रशासन के समर्पित प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी शासित राज्यों में भी एससी वर्गीकरण लागू नहीं किया गया है, जबकि तेलंगाना ने इस मील के पत्थर को हासिल करने में अग्रणी भूमिका निभायी है। उन्होंने जोर दिया कि एससी को तीन समूहों में वर्गीकृत करने का कदम किसी भी समुदाय को नुकसान पहुंचाने के लिए नहीं है, बल्कि सभी के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए एक कदम है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार नयी संरचना समूह-1 के लिए 1 प्रतिशत, समूह-2 के लिए 9 प्रतिशत और समूह-3 के लिए 5 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करेगी।

सरकार ने समान विकास सुनिश्चित करने के लिए सबसे कम आबादी वाले और विकास तक सबसे कम पहुंच वाले लोगों को समूह-1 में रखने को प्राथमिकता दी। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को उनके अटूट समर्थन का श्रेय देते हुए कहा कि उनके बिना, यह स्थायी समाधान हासिल करना संभव नहीं होता। उन्होंने विधानसभा में किये गये प्रयासों को भी स्वीकार किया, जहां किसी भी पार्टी ने विधेयक का विरोध नहीं किया। उन्होंने कहा कि भविष्य की कानूनी बाधाओं से बचने के लिए, सरकार ने एक सदस्यीय आयोग नियुक्त किया, जिसने वर्गीकरण का समर्थन करते हुए 199-पृष्ठ की एक व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने जोर दिया कि तेलंगाना देश का एकमात्र राज्य है जिसने एससी वर्गीकरण पर शीर्ष न्यायालय के फैसले को लागू करने की पहल की है। मुख्यमंत्री ने मडिगा समुदाय के प्रोफेसर कुमार मोलुगरम को उस्मानिया विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त करके एससी समुदाय के उत्थान के लिए अपनी सरकार की प्रतिबद्धता को उजागर किया। उन्होंने कहा, अगर मैं आपके मित्र के रूप में इस कुर्सी पर बैठता हूं, तो मेरा एकमात्र उद्देश्य आपके लिए अच्छा करना है।

# संजय निषाद का विवादित बयान बना राजनैतिक गलियारे में चर्चा का विषय

**सुल्तानपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार में सहयोगी दल के कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद का विवादित बयान राजनीतिक गलियारे में चर्चा का विषय बन गया है। संवैधानिक अधिकार रथ यात्रा लेकर निकले डॉ निषाद को प्रतापपुर कमैचा ब्लॉक अंतर्गत मदारडीह में एक महिला ने शिकायती पत्र देकर पुलिस की शिकायत की थी जिस पर मंत्री नाराज हो गए और मंच से उन्होंने कह डाला मुझे सब मालूम है कौन फर्जी फंसा रहा है। उसे मैं खत्म करा दूंगा। मैं महिलाओं और गरीबों के लिए पैदा हुआ हूं। मैं यहां ऐसे नहीं पहुंचा हूं, सात दरोगाओं का हाथ-पैर तुड़वाकर उसे गड्ढे में फिकवा कर तब डॉक्टर संजय यहां पहुंचा है। आप लोगों की कमी है आप लोग हमें तुरंत बताते नहीं हो। मैं पांच मिनट में मुख्यमंत्री को सूचना दे दूं, पांच मिनट में सही हो जाए। मेरा मोबाइल नम्बर सबके पास है, नहीं है तो नेट से निकाल लो। हमें एसएमएस भेज दो, फोन नहीं करो खाली लिखकर भेज दो हमारे साथ अन्याय हो रहा। मैं किसी पीए से नहीं बतलाता हूं, एक बार डीएम से एसपी को, और पांच मिनट में रिप्लाई नहीं आया तो मुख्यमंत्री के यहां भेज देता हूं। मंत्री ने कहा, पहले निषादों की कोई आवाज नहीं था। आप बोलने लायक हो गए बोलना एक हथियार है। आवाज एक हथियार है। संविधान से देश चलता है, आपके पुरखों ने देश आजाद कराया है। डा निषाद के इस बयान का वीडियो वायरल हुआ तो विपक्ष को भी मुद्दा मिल गया।



# भाजपा राज में महिलायें असुरक्षित : अखिलेश

एजेंसी लखनऊ
www.dailypioneer.com



समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में महिलाओं के साथ अपराध की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं और महिला सुरक्षा का मुद्दा सिर्फ भाजपाई नारों में सिमट कर रह गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में महिलाएं, बहन, बेटियां असुरक्षित हैं। हर दिन जिलों-जिलों में महिलाओं के साथ जघन्य घटनाएं हो रही हैं। कानून व्यवस्था बहुत खराब हो चुकी है। अपराधियों में पुलिस का डर नहीं रह गया है। महिला सुरक्षा और अपराध पर भाजपा सरकार का जीरो टॉलरेंस का दावा जीरो हो चुका है। कानून व्यवस्था और अपराधों पर जीरो टॉलरेंस का राग अलापने वाली सरकार में महिला कर्मचारी और अधिकारी ही उत्पीड़न का शिकार हैं। यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार में महिला सुरक्षा को लेकर कई काम हुए थे। वीमेन हेल्पलाइन 1090 सेवा शुरू की गई थी, जिसे महिलाएं अपने साथ होने वाली घटनाओं शिकायत करके सुरक्षा मांग सकती थी लेकिन भाजपा सरकार में सब बर्बाद कर दिया। इसी तरह से इस सरकार में डायल 100 सेवा को भी खराब कर दिया। उन्होंने कहा सपा सरकार के शासनकाल में उत्तर प्रदेश में शुरु हुए 'महिला सुरक्षा' के लिए समर्पित '1090' मॉडल को अब राजस्थान सरकार अपना रही है। आशा है इससे राजस्थान में नारी की सुरक्षा की एक प्रभावकारी और सार्थक व्यवस्था तैयार होगी।

# श्रीलंका की नौसेना की ओर से बार-बार गिरफ्तारी के विरोध में रामेश्वरम के मछुआरों की हड़ताल

एजेंसी रामेश्वरम
www.dailypioneer.com

तमिलनाडु के रामेश्वरम में मछुआरों ने श्रीलंकाई नौसेना की ओर से यहां के मछुआरों की लगातार गिरफ्तारी और उनकी नौकाओं को जब्त करने की निंदा करते हुए एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल की। व्यस्त रामेश्वरम मछली पकड़ने वाली घाट पर सन्नाटा पसरा रहा। करीब चार हजार मछुआरों ने मछली पकड़ने की गतिविधियों से दूरी बना ली, जिससे घाट पर सात सौ से अधिक पंजीकृत मशीनीकृत मछली पकड़ने वाली नौकाएं खड़ी रहीं। यह हड़ताल ऑल मशीनीकृत बोट्स फिशरमैन एसोसिएशन के आह्वान पर हुई, जो श्रीलंकाई नौसेना द्वारा रामेश्वरम के तीन मछुआरों को गिरफ्तार करने और उनकी मशीनीकृत नौकाओं को जब्त करने के विरोध में आयोजित की गई थी। श्रीलंकाई नौसेना ने मंगलवार को इन मछुआरों को कथित रूप से अपनी समुद्री सीमा में घुसपैठ करने के आरोप में पकड़ा था। तमिलनाडु कोस्टल मशीनीकृत बोट्स फेडरेशन के सचिव पी. सेसु राजा ने पत्रकारों से कहा कि श्रीलंकाई नौसेना द्वारा निर्दोष मछुआरों की लगातार गिरफ्तारी सैकड़ों मछुआरों और मछली उद्योग पर निर्भर अन्य कामगारों की आजीविका के लिए बड़ा खतरा है। उन्होंने बताया कि पिछले 11 वर्षों में श्रीलंकाई नौसेना ने 500 से अधिक नौकाएं (मशीनीकृत और पारंपरिक दोनों) जब्त कर ली हैं, लेकिन अब तक एक भी नाव श्रीलंकाई सरकार द्वारा वापस नहीं की गई है। तमिलनाडु कोस्टल मशीनीकृत बोट्स फेडरेशन के सचिव पी. सेसु राजा ने बताया कि सिर्फ 2024 में ही श्रीलंका की नौसेना ने तमिलनाडु और पुडुचेरी के 554 मछुआरों को गिरफ्तार किया और 72 नौकाएं जब्त कर लीं। इसके अलावा, भारतीय मछुआरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की गई और उन पर भारी जुर्माना लगाया गया। उन्होंने कहा, हम केंद्र सरकार से लगातार अपील कर रहे हैं कि इस मुद्दे का स्थायी समाधान निकाला जाए और पाल्क खाड़ी में भारतीय मछुआरों के मछली पकड़ने के अधिकार सुनिश्चित किए जाएं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं मिला है। सचिव ने बताया कि रामेश्वरम के मछुआरों के एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष के. अन्नामलाई के नेतृत्व में 13 मार्च को नयी दिल्ली में विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की।

# प्राइवेट प्रैक्टिस में लिप्त डाक्टरों के खिलाफ होगी कार्रवाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में नॉन प्रैक्टिसिंग एलाउंस (एनपीए) लेने के बावजूद प्राइवेट प्रैक्टिस में लिप्त डाक्टरों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जायेगी। अधिकृत सूत्रों ने बताया कि उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने एनपीए लेने वाले डॉक्टरों द्वारा निजी प्रैक्टिस किये जाने की सूचना पर नाराजगी जाहिर करते हुये विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि सरकारी अस्पतालों के डॉक्टरों को प्राइवेट प्रैक्टिस की मनाही है। इसके लिए सरकार डॉक्टरों को हर महीने हजारों रुपए नॉन प्रैक्टिसिंग एलाउंस (एनपीए) दे रही है। इसके बावजूद कुछ डॉक्टर प्राइवेट प्रैक्टिस कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार प्रदेश के 17 डॉक्टर प्राइवेट प्रैक्टिस में लिप्त पाए गए हैं जिनमें बलरामपुर जिले में दस, हाथरस में छह और कुशीनगर के एक चिकित्साधिकारी शामिल है। इन डॉक्टरों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है।

# स्टालिन ने सिंधु घाटी सभ्यता की खोज करने वाले जॉन मार्शल की प्रतिमा का किया अनावरण

एजेंसी चेन्नई
www.dailypioneer.com



तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने सिंधु घाटी सभ्यता की खोज करने वाले जॉन मार्शल की जयंती के अवसर पर उनकी एक विशाल प्रतिमा का अनावरण किया। यह प्रतिमा शहर के एग्मोर इलाके में सरकारी संग्रहालय परिसर में 50 लाख रुपये की लागत से स्थापित की गई है। इस अवसर पर स्टालिन के अलावा उनके मंत्रिमंडल के सहयोगी और अधिकारी मौजूद थे। स्टालिन ने एक्स पर लिखा, मैंने चेन्नई एग्मोर संग्रहालय परिसर में एएसआई के पूर्व महानिदेशक सर जॉन मार्शल की प्रतिमा का अनावरण उनकी जयंती पर किया। जॉन मार्शल, जिन्होंने सिंधु घाटी सभ्यता की खोज की और दुनिया में इसकी घोषणा की, ने भारतीय पुरातत्व में एक नया अध्याय जोड़ा। उनकी खोज ने इस गलत धारणा को तोड़ दिया कि संस्कृत ही हर चीज की आधारशिला है, और इससे द्रविड़ सिद्धांत की नींव पड़ी, जिसने प्राचीन भारतीय उपमहाद्वीप की हमारी समझ को हमेशा के लिए बदल दिया। मुख्यमंत्री ने कहा, हम उस मार्ग को और मजबूत और विकसित करते रहेंगे, जिसे उन्होंने हमारे देश के सच्चे इतिहास को उजागर करने के लिए प्रशस्त किया।

# मुरादाबाद में फर्जी विजिलेंस अधिकारी गिरफ्तार

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश में मुरादाबाद जिले के कटघर क्षेत्र में पुलिस ने फर्जी विजिलेंस अधिकारी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से फर्जी आई कार्ड, फ्लैशर लाइट लगी एक लग्जरी कार बरामद की है। पुलिस अधीक्षक (नगर) कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि 10 मार्च को कटघर क्षेत्र के फ्रेंड्स एमडीए कालोनी, रामपुर रोड मुरादाबाद निवासी सुहेल अहमद नामक व्यक्ति ने सिविल लाइंस थाने में तहरीर दी थी, जिसमें आरोप लगाया था कि उसका अपहरण कर बिजनौर ले जाकर मुकदमे वापस लेने तथा दूसरे गुट से समझौता करने का दबाव बनाया गया। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर 19 मार्च को पुलिस अकादमी के समीप स्थित पुलिस चौकी क्षेत्र से आरोपी कुलदीप शर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त फ्लैशर लाइट लगी सफेद रंग की कार, दो स्मार्ट फोन, एक फर्जी आई कार्ड, एक आधार कार्ड तथा 1230 रुपये नकद बरामद किए हैं। एसपी सिटी ने बताया कि आरोपी ने पुलिस के समक्ष स्वीकार किया है कि उसने विजिलेंस अधिकारी का फर्जी आई कार्ड बनवा रखा है और खुद को बड़ा अधिकारी का रौब गालिब कर आपसी झगड़े निबटाने में खुद की कार का इस्तेमाल करता है। झगड़े निबटाने की एवज में लोगों से रुपये लेता है।



# बहराइच में कृषि विभाग के कर्मचारी ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

एजेंसी बहराइच
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के कोतवाली देहात क्षेत्र में कृषि विभाग में कनिष्ठ सहायक के पद पर तैनात एक कर्मचारी ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बागपत जिले के राम नगर निवासी नीरज गिरी (35) कृषि विभाग के एसडीओ कृषि कार्यालय में कनिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत थे और लखनऊ रोड स्थित तिकोनी बाग में विकास मिश्रा के मकान में किराए पर रहते थे। मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार रात को नीरज अपनी पत्नी का फोन नहीं उठा रहे थे। चिंतित पत्नी ने मकान मालिक विकास मिश्रा को इसकी सूचना दी और उनसे संपर्क करने का अनुरोध किया। विकास मिश्रा ने थाने में सूचना दी और बताया कि पत्नी के कहने पर जब उन्होंने नीरज के कमरे का दरवाजा देखा तो वह बंद था और नीरज का शव पंखे से लटक रहा था। कोतवाली देहात पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अपराध निरीक्षक ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

# भजनलाल की राजस्थान वरिष्ठ अधिस्वीकृत पत्रकार सम्मान योजना के पात्र पत्रकारों की सम्मान निधि को मंजूरी



**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान वरिष्ठ अधिस्वीकृत पत्रकार सम्मान योजना के पात्र पत्रकारों की सम्मान निधि को मंजूरी प्रदान की हैं। शर्मा ने आवेदनकर्ता पात्र 18 पत्रकारों को सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की विभागीय समिति की अनुशंसा के बाद 'राजस्थान वरिष्ठ अधिस्वीकृत पत्रकार सम्मान योजना' का लाभ देते हुए उनकी सम्मान निधि प्रारम्भ किए जाने को मंजूरी प्रदान कर दी है। उल्लेखनीय है कि योजना के तहत पात्र पत्रकारों को प्रतिमाह 15 हजार रुपए सम्मान निधि प्रदान की जाती है। साठ वर्ष की आयु से अधिक जिन कुल 18 वरिष्ठ पत्रकारों को यह सम्मान निधि मंजूर की गई है उनमें दो दिवंगत पत्रकारों की सम्मान निधि प्रतिमाह उनकी पत्नियों को नियमानुसार प्रदान की जाएगी।

# तीस मोटरसाइकिलें सहित चोर गिरफ्तार

**जैसलमेर।** राजस्थान में जैसलमेर जिले के रामदेवरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने दुपहिया वाहन चोरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार करके उनसे चोरी की 30 मोटरसाईकिलें बरामद की हैं। पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने बताया कि पोकरण क्षेत्र में हो रही वाहन चोरी की वारदातों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस का विशेष जांच दल गठित किया गया। दल ने मुखबिरों से सूचना हासिल करके अशोक पटेल और महावीर पटेल को पकड़कर उनसे गहन पूछताछ करके उनसे विभिन्न जगहों से चोरी की गई 30 मोटरसाईकिलें बरामद की गयीं। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों ने कड़ाई से पूछताछ करने पर बताया कि उक्त सभी मोटरसाईकिलें जोधपुर शहर एवं आस पास के गांवों एवं कस्बों से चोरी करके लाई गई हैं। दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। उनसे विस्तृत पूछताछ की जा रही है।

# तनाव हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रभाव डालता है : गुप्ता

एजेंसी दरभंगा
www.dailypioneer.com

बिहार के प्रतिष्ठित डॉ. भीम राव अम्बेडकर बिहार विश्वविद्यालय, मुज़फ्फरपुर के मनोविज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. रजनीश कुमार गुप्ता ने कहा कि तनाव हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रभाव डालता है। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग में विभागाध्यक्ष प्रो.मनसा कुमारी सुल्तानिया की अध्यक्षता में बुधवार को तनाव प्रबंधन और सांवेगिक स्वास्थ्य विषय पर आयोजित संगोष्ठी के मुख्य वक्ता प्रो. गुप्ता ने कहा कि तनाव मात्र मानसिक स्वास्थ्य के लिए ही नकारात्मक नहीं होता, बल्कि कई मामलों में यह उपयोगी सिद्ध होता है। विवेकपूर्ण और संतुलित जीवन शैली को अपना कर इसका प्रबंधन किया जा सकता है और सांवेगिक स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाया जा सकता है। प्रो.गुप्ता ने वर्तमान जीवन-शैली के अनिवार्य बायप्रोडक्ट के रूप में सामने आने वाले तनाव और उसके सांवेगिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों की चर्चा करते हुए कहा कि वर्तमान समय में हम लोगों की वैयक्तिक, सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियों में दिन- प्रतिदिन जटिलता आने के कारण तनाव तेजी से लोगों को अपनी गिरफ्त में ले रहा है, नतीजन समाज के बड़े हिस्से के सांवेगिक स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ रहा है। अध्यक्षीय संबोधन में विभागाध्यक्ष प्रो. सुल्तानिया ने तनाव के नकारात्मक प्रभावों और इसके समुचित प्रबंधन पर अपने व्यक्तिगत अनुभवों से चर्चा शुरू करते हुए कहा लोगों के जीवन में तनाव एक दोधारी भूमिका निभाता है। यह हम पर निर्भर करता है कि हम इसका कैसे प्रबंधन करते हैं। उन्होंने तनाव प्रबंधन के स्किल को सिखाने के लिए परिवार और शैक्षणिक संस्थानों को तेजी से पहल करने की जरूरत को रेखांकित किया।

# बहराइच में लापता युवक का शव मिला

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के मोतीपुर क्षेत्र में लापता युवक का शव एक नाले में जलकुंभी से दबा मिला है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि नौसर गुमटिहा गांव निवासी शत्रोहन (32) 11 मार्च को अपने घर से लापता हो गया था। परिजनो ने 15 मार्च को उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। बीती देर शाम उसका शव जंगल में एक नाले में जलकुंभी से दबा हुआ मिला। शव की पहचान परिजनो ने की है। मृतक के चचेरे भाई ने पुरानी रंजिश के चलते हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस अब मामले की जांच कर रही है।



# ललितपुर में युवती ने की आत्महत्या

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश में ललितपुर जिले के मड़ावरा क्षेत्र में एक युवती ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने बताया कि ग्राम गिदवाहा निवासी शीला (35) 15 दिन पूर्व अपने बच्चों के साथ जीजा के घर ग्राम डारा के मजरा चौतरा घाट आई थी। वह घर से निकल कर ग्राम में चली गई और देर तक वापिस नहीं आई। उसकी नौ वर्षीय बेटी घूमने के लिये ग्राम की तरफ गई तब उसने बबूल के पेड़ पर अपनी माँ को साड़ी के फंदे पर लटका देखा। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज कर जांच प्रारम्भ कर दी। पुलिस आत्महत्या के कारण का पता लगा रही है।




# तेलंगाना सरकार ने 3.04 लाख करोड़ रुपये के व्यय के साथ राज्य का बजट पेश किया


एजेंसी हैदराबाद
www.dailypioneer.com



तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री भट्टी विक्रमार्क मल्लू ने विधानसभा में 2025-26 के लिए राज्य का तीन लाख चार हजार 965 करोड़ रुपये का कर-मुक्त बजट पेश किया। राज्य में कांग्रेस सरकार के सत्ता में आने के बाद यह पहला पूर्ण बजट है और वक्रमार्क का यह तीसरा बजट भाषण है। बजट में कुल राजस्व व्यय 2,26,982 करोड़ रुपये आंका गया है, जबकि पूंजीगत व्यय 36,504 करोड़ रुपये है। विक्रमार्क ने कहा कि सरकार ने जनहित में पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ काम करते हुए सदन में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए वार्षिक बजट पेश किया है। उन्होंने जोर दिया कि प्रशासन ने कल्याण और विकास के बीच सफलतापूर्वक संतुलन स्थापित किया है। उन्होंने इसकी तुलना सुशासन के रथ को खींचने वाले 'घोड़ों की जोड़ी' से की। उन्होंने डॉ. बी.आर. अंबेडकर के भारत को राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक न्याय को बनाए रखने वाले एक मजबूत राष्ट्र के रूप में देखने के दृष्टिकोण को याद किया और संवैधानिक मूल्यों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। बजट में अनुसूचित जाति (एससी) कल्याण विभाग को 40,232 करोड़ रुपये और अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग को 17,169 करोड़ रुपये तथा पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग को 11,405 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं। पंचायत राज के लिए 31,605 करोड़ रुपये अलग रखे गये हैं, जबकि कृषि विभाग को 24,439 करोड़ रुपये, शिक्षा क्षेत्र को 23,108 करोड़ रुपये और पशुपालन विभाग को 1,674 करोड़ रुपयों का आवंटन किया गया है। सरकार ने युवा भारत एकीकृत स्कूलों के निर्माण की योजना की भी घोषणा की है, जिसमें छात्रों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं प्रदान करने के लिए 11,600 करोड़ रुपये अलग रखे गए हैं। किसानों के कल्याण के लिए रायथु भरोसा योजना के तहत 18,000 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं। स्वास्थ्य विभाग को 12,393 करोड़ तथा सिंचाई विभाग को 23,373 करोड़ रुपयों का आवंटन किया गया है। बजट में अन्य विभागों एवं विकासपरक कार्यों के लिए आवंटन में नागरिक आपूर्ति विभाग- 5,734 करोड़ रुपये,महिला एवं बाल कल्याण विभाग- 1,862 करोड़ रुपये, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग- 3,527 करोड़ रुपये, आईटी विभाग- 774 करोड़ रुपये, हथकरघा क्षेत्र- 371 करोड़ रुपये, रोजगार कार्यक्रम- 900 करोड़ रुपये, बिजली विभाग- 21,221 करोड़ रुपये, उद्योग- 3,525 करोड़ रुपये, नगर प्रशासन एवं शहरी विकास- 17,677 करोड़ रुपये, सड़क एवं भवन विभाग- 5,907 करोड़ रुपये, पर्यटन- 775 करोड़ रुपये, संस्कृति विभाग- 465 करोड़ रुपये वन एवं पर्यावरण- 1,023 करोड़ रुपये और बंदोबस्ती विभाग- 190 करोड़ रुपये मिलेंगे।

# राजस्थान विधानसभा में विपक्ष कांग्रेस सदस्यों ने किया सदन से बहिर्गमन

एजेंसी जयपुर
www.dailypioneer.com



राजस्थान विधानसभा में अवैध बजरी खनन के मुद्दे पर सरकार की तरफ से जवाब नहीं देने को लेकर विपक्ष कांग्रेस के सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन किया। शून्यकाल में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने स्थगन प्रस्ताव के तहत अवैध बजरी खनन का मुद्दा उठाते हुए इस पर सरकार से जवाब देने की मांग की लेकिन इस पर कोई जवाब नहीं आने पर एक बार सदन में शोर शराबा एवं हंगामा हुआ और बाद में कांग्रेस के सदस्य सदन से बहिर्गमन कर गए। इससे पहले जूली ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में अवैध बजरी खनन की घटनाएं घट रही है लेकिन डबल इंजन की गहरी नींद में सो रही है। सरकार के रवैये पर उच्च न्यायालय को भी टिप्पणी करनी पड़ी कि सीबीआई का सहयोग नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर अवैध बजरी खनन नहीं संभल रहा है तो सीआरपीएफबुलाओ, दूसरे राज्यों से मदद लो। इस पर सत्ता पक्ष के कुछ सदस्य खड़े हो गए और दोनों तरफ से बोलने पर सदन में शोरशराबा और हंगामा हुआ। इस दौरान जूली ने आरोप लगाया कि इसी सरकार के मंत्री ने भी अवैध खनन को लेकर अपनी ही सरकार पर सवाल उठाए हैं और कई विधायकों ने इस मुद्दे को सदन में उठा चुके हैं लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। जूली ने हंगामे के बीच सरकार से जवाब देने की मांग की लेकिन जवाब नहीं मिलने पर कांग्रेस के सदस्य सदन से बहिर्गमन कर गए। बहिर्गमन के बाद संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने पलटवार करते हुए कहा कि जिस पार्टी के शासन में खनन माफिया हावी थे, पुलिस रोज पिटती थी वे हम पर आरोप लगा रहे हैं। कांग्रेस को पहले अपने घर में झांकना चाहिए। उनके पास कोई ठोस मुद्दा नहीं बचा, इसलिए वे बिना कारण हंगामा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा की कार्यवाही में कांग्रेस हमेशा विरोध ही करती है। बिना किसी आधार के सदन की कार्रवाई बाधित करना उनकी आदत बन गई है। उन्होंने इसकी निंदा की।

# नारायणपुर विकासखंड स्तरीय बस्तर पंडुम का बेनूर में आयोजन

## लोकनृत्य, संस्कृति, खान पान वेशभूषा की रंगारंग प्रस्तुति





पायनियर संवाददाता ◄ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

जनजातीय बाहुल्य बस्तर संभाग की अदभुत कला और संस्कृति को संरक्षित और संवर्धित करने के उद्देश्य से इस वर्ष बस्तर पंडुम का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के अन्तर्गत नारायणपुर जनपद स्तर पर ग्राम पंचायत बेनूर में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें प्रत्येक प्रतिभागी को प्रोत्साहन राशि और यात्रा व्यय भी प्रदान किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विधाओं में प्रतिभागीयो ने हिस्सा लिया जिनमें जनजातीय नृत्य, जनजातीय गीत, जनजातीय नाट्य, जनजातीय वाद्ययंत्रों का प्रदर्शन, जनजातीय वेशभूषा एवं आभूषण का प्रदर्शन, जनजातीय शिल्प एवं चित्रकला का प्रदर्शन, जनजातीय पेय पदार्थ एवं व्यंजन का प्रदर्शन प्रतियोगिता के माध्यम से किया गया। विजेताओं को प्रत्येक विधा में 10,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी गई। विकासखण्ड नारायणपुर अंतर्गत सामूहिक नृत्य में नेतानार के कचरा सलाम एवं साथियों के द्वारा तुड़बुड़ी नृत्य को प्रथम स्थान, लोकगीत में बोरावण्ड की हेमलता करंगा एवं साथियों के द्वारा प्रथम स्थान, नाटक में उड़िदगांव के रमसू करंगा एवं साथियों के द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त किया गया। वाद्ययंत्रों के प्रदर्शन में बेनूर के श्यामलाल बघेल, वेशभूषा एवं आभूषण प्रदर्शन में भाटपाल के दिनेश सलाम, शिल्पकला एवं चित्रकला के प्रदर्शन में गढ़बेंगाल के बलदेव मण्डावी और पेय पदार्थ एवं व्यंजनों के प्रदर्शन में बेनूर की प्रतिमा दीवान को प्रथम पुरस्कार मिला। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष नारायण मरकाम ने संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार बस्तर संभाग में जनजातीय बाहुल्य बस्तर संभाग की अदभुत कला और संस्कृति को संरक्षित और संवर्धित करने के उद्देश्य से इस वर्ष बस्तर पंडुम का आयोजन किया जा रहा है, जो एक बस्तर के लिए ऐतिहासिक महत्व का आयोजन है। सर्व आदिवासी समाज के संरक्षक रूपसाय सलाम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बस्तर संभाग के लिए बस्तर पंडुम का आयोजन संस्कृति एवं परंपरा को बचाए रखने के लिए बेहतरीन कार्यक्रम साबित होगा। उन्होंने देवताओं की पूजा पद्धति, विभिन्न जातियों की संस्कृति संबंधी जानकारी देते हुए कहा कि आने वाले पीढ़ी को संस्कृति, लोक नृत्य, वेशभूषा, जात्रा सहित बस्तर की संस्कृति बचाए रखने के लिए अपने बेटे बेटियों को जागरूकता लाने अपील किया। जिला पंचायत सदस्य हीना नाग और संतनाथ उसेण्डी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता नारायण प्रसार साहू ने किया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष पिंकी उसेण्डी, उपाध्यक्ष चैतूराम कुमेटी, सरपंच रैनी मरकाम, नगरपालिका परिषद के पार्षदगण, एसडीएम गौतम पाटिल, जनपद सीईओ लोकनाथ पटेल, क्षेत्र के सरपंच एवं पंचगण सहित छात्र छात्राए तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# संपत्ति कर में लग रहे ब्याज से छूट की मांग : संजय सिंह ठाकुर

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ आरटीआई एक्टिविस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सिंह ठाकुर ने रायपुर नगर निगम की एमआईसी की पहली बैठक में महापौर एवं सदस्यों से मांग की है कि जनहित में संपत्ति कर पर लग रहे ब्याज से छूट देने का प्रस्ताव अनिवार्य रूप से लाया जाए। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के कारण हर वर्ग की आर्थिक स्थिति प्रभावित हुई थी, विशेष रूप से मध्यम और निम्न वर्ग की, जिससे वे समय पर संपत्ति कर जमा नहीं कर पाए। अब नगर निगम रायपुर 2021-24 से लंबित कर पर भारी ब्याज वसूल रहा है, जो मूल कर से भी अधिक हो गया है। यह स्थिति आम नागरिकों के लिए असहनीय हो गई है और वे संपत्ति कर जमा करने में असमर्थ महसूस कर रहे हैं।

### हरियाणा सरकार का उदाहरण एवं रायपुर नगर निगम से मांग

संजय सिंह ठाकुर ने बताया की कोरोना महामारी के प्रभाव को देखते हुए, हरियाणा सरकार ने संपत्ति करदाताओं को राहत देने के लिए मार्च 2024 में 31 मार्च 2023 तक के बकाया प्रॉपर्टी टैक्स के ब्याज पर 100% छूट और मूल राशि पर 15% की छूट प्रदान की थी। शासन का यह निर्णय लाखों करदाताओं के लिए राहतकारी साबित हुआ और इससे सरकार की राजस्व वसूली में भी बेहिसाब बढ़ोतरी हुई। संजय सिंह ठाकुर ने कहा कि यदि रायपुर नगर निगम भी इसी तरह की ब्याज माफी योजना लागू करता है, तो करदाता राहत महसूस करेंगे और संपत्ति कर जमा करने के लिए प्रोत्साहित होंगे। इससे नगर निगम की राजस्व वसूली में भी वृद्धि होगी और उसकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि नगर निगम रायपुर की पहली एमआईसी बैठक में राजधानीवासियों को यह बड़ी राहत जरूर मिलेगी।

# जिले के पंचायत में जलसंकट को दूर करने 15वीं वित की राशि जारी करने का निर्देश दिये हैं : जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



जिले में पेयजल के गिरते स्तर को देखते हुए नवनिर्वाचित जिला पंचायत बेमेतरा के अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देशित किए कि 15वें वित आयोग की लगभग 9 करोड 80 लाख की राशि जल्द से जल्द जनसंख्या के हिसाब से जिला के पंचायतों के खातों में डाली जाए, जिससे कि पंचायत द्वारा उक्त राशि का उपयोग पेयजल समस्या को दूर करने एवं गांवों में गंदगी की साफ-सफाई कराने ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य करने में उस राशि का उपयोग किया जायेगा, जिससे कि ग्रामवासियों को राहत मिलेगी एवं मितव्यता से खर्च करें। गांव में गर्मी को देखते हुए मुख्य रूप से बिजली पानी की व्यवस्था को दुरूस्थ रखने के निर्देश दिये। गांव में कार्यरत स्वच्छाग्राही महिलाओं का मानदेय रूका हो तो तत्काल वह मानदेय उनको प्रदान करने के लिए कहा गया ताकि और प्रोत्साहित होकर गांव को स्वच्छ बनाने में मदद हो सके। इसी तरह से प्रत्येक गांव में भू-जल स्तर का कम होना चिंतनीय विषय है, इसके बचाव के लिए भूमिगत पानी को रिचार्ज करने के तरीके के बारे में गांव-गांव में एक अभियान चलाया जाए, जिससे कि आने वाले समय में हमारे गांव में बरसात का पानी रिचार्ज हो सके फिर हमेशा के लिए पानी का स्तर कम होने का खतरा टल जायेगा। कल्पना योगेश तिवारी ने गांव में गौठान में रह रहे गौमाता के चारे-दाने एवं छांव पानी की समुचित व्यवस्था के निर्देश दिये है। जिले में जिला पंचायत के बाथरूम को मरम्मत कराने एवं साफ-सफाई रखने के लिए कहा गया। जिला पंचायत को हरा-भरा रखने ज्यादा से ज्यादा लगे हुए पेड़ जो सुख रहे हैं उसकी निगरानी कर पानी डालने खाद डालने के लिए कहा गया। बाहर गांव से कोई भी समस्या लेकर ग्रामवासी जिला मुख्यालय आते है, किन्तु चतुर्थ वर्ग के कर्मचारी, ड्रायवर आदि अपने ड्रेस कोड में नहीं होने से पहचान में नहीं आते, अतः चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों को अपने ड्रेस कोड में रहे, जिससे जनप्रतिनिधि या ग्रामवासियों को पहचान करने एवं पूछताछ में कोई समस्या न आये। इसी तरह से सामान्य सभा की बैठक में सभी अधिकारी-कर्मचारियों को उपस्थित रहने के लिए निर्देशित करने को कहा गया ताकि सभी से परिचय प्राप्त कर गांव, गरीब, किसान एवं आम नागरिकों की समस्याओं को सुलझाया जा सके।

# अवैध निर्माणों पर होगी कार्यवाही, डस्टबिन नहीं रखने पर दुकानदारों को देना होगा जुर्माना : निगम आयुक्त

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने नगर निगम मुख्यालय भवन में साप्ताहिक टी एल बैठक लेते हुए सभी जोन कमिश्नरों को अवैध निर्माणों को नोटिस देकर हटाने की कार्यवाही करने, अवैध पार्किंग, अवैध प्लाटिंग, अवैध अतिक्रमणों पर कार्यवाही सहित एन्डडी वेस्ट पर लगातार अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही उन्होंने डस्टबिन नहीं रखने और गन्दगी फैलाने वाले दुकान दारों पर जुर्माना करने के भी निर्देश दिए। आयुक्त ने स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान की पुख्ता तैयारी करने जोन कमिश्नरों और वार्ड प्रभारियों को सभी नियत पॉइंट्स पर प्रतिदिन नियमित भ्रमण कर व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने निर्देश दिए है। आयुक्त ने शत- प्रतिशत राजस्व वसूली निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप सर्वोच्च प्राथमिकता से सुनिश्चित करने निर्देशित किया। आयुक्त ने मुख्यमंत्री जन दर्शन, कलेक्टर जन चौपाल, निदान 1100, जनप्रतिनिधियों से प्राप्त पत्रों, जन शिकायतों का नियमानुसार शत-प्रतिशत संख्या में त्वरित निराकरण प्राथमिकता से करवाने के निर्देश दिए है। साप्ताहिक टीएल बैठक में अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, यू. एस. अग्रवाल, पंकज के. शर्मा, विनोद पाण्डेय, कृष्णा खटीक, उपायुक्त डॉक्टर अंजलि शर्मा, प्रीति सिंह, डॉक्टर दिव्या चन्द्रवंशी, जसदेव सिंह बाबरा, मुख्य अभियंता यू. के धलेन्द्र, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, संजय बागड़े, स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणीग्रही, नगर निवेशक आभाष मिश्रा, सभी जोन कमिश्नरों, कार्यपालन अभियंताओं, विभागों के प्रभारी अधिकारी उपस्थित थे।

# सभापति सूर्यकांत राठौड़ ने किया पदभार ग्रहण



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

नगर निगम रायपुर के नव निर्वाचित सभापति सूर्यकान्त राठौड़ ने नगर पालिक निगम रायपुर के मुख्यालय भवन महात्मा गांधी सदन के प्रथम तल पर सभापति कार्यालयीन कक्ष में पहुंचकर नगर निगम सभापति पद का प्रशासनिक कार्य दायित्व सम्हाल लिया। सूर्यकान्त राठौड़ ने नगर निगम मुख्यालय भवन में पहुंचते ही भूतल पर स्थित प्रथम पूज्य देव श्रीगणेश की पूजा-अर्चना की।

# नगरपालिका अध्यक्ष रूबी शैलेंद्र सिंह ने दंतेवाड़ा कलेक्टर से की सौजन्य भेंट



पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

नगर पालिका किरंदुल के अध्यक्ष रूबी शैलेंद्र सिंह ने दंतेवाड़ा कलेक्ट्रेट जाकर कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी से मुलाक़ात की और उनके द्वारा किरंदुल के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गया। जिसमें प्रमुख रुप से बाढ़ प्रभावित इलाकों में बड़ा नाला निर्माण के लिए कलेक्टर से निवेदन किया गया ओर पीडब्ल्यूडी के द्वारा इस नाले का सिर्फ मरम्मत का कार्य कराया जा रहा था। जिससे स्थानीय रहवासी संतुष्ट नहीं थे क्योंकि पिछली आपदा में गहरी चोट खाये हुए लोग फिर से नाला टूटने की आशंका से भयभीत हैं। जिसके मद्देनजर 5 मीटर चौड़ा नाली बनाने की मांग की गई। कलेक्टर ने तुरंत निर्देशित करके मरम्मत कार्य को रोककर नया नाला बनाने कि प्रक्रिया शुरू करने को कहा ओर नाले की ज़मीन पर जो अतिक्रमण हैं उसको उठाने को ज़िम्मेदारी सभी जन प्रतिनिधियों ने अपने ऊपर लिए जिससे नाला पूरी चौड़ी बन सके और भविष्य में बाढ़ कि चिंता से मुक्त हो सके।

# भारतीय मजदूर संघ द्वारा केंद्रीय वित्तमंत्री के नाम दंतेवाड़ा कलेक्टर को सौंपा गया ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com



भारतीय मजदूर संघ द्वारा ईपीएस-95 के तहत न्यूनतम पेंशन राशि को रूपये 1000/- से बढाकर रुपये 5000/- की मांग को लेकर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन के नाम का ज्ञापन समस्त जिला मुख्यालयों में जाकर एकसाथ समस्त जिलाधीशों को सौंपने के प्रदेशव्यापी निर्णय के तहत जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी की उपस्थिति में भारतीय मजदूर संघ जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा प्रभारी रूद्र ताती के मार्गदर्शन में खदान मजदूर संघ शाखा किरंदुल के अध्यक्ष बी दिल्ली राव, सचिव महेंद्र कुमार, खदान मजदूर संघ शाखा बचेली के अध्यक्ष दीप शंकर देवांगन, सह सचिव अमित देवांगन, दानेश्वर जोशी, दिलीप शेट्टी, राजू कुंजाम, कमल इलामी, भारत दुर्गा, राहुल नाग, हरबंधु, सुधीर कुमार भगत, बुदरु कुंजाम द्वारा दंतेवाड़ा कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में वैश्विक पटल पर विश्व में तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ते हुए उत्तरोत्तर प्रगति तथा आयकर के नए स्लैब में ऐतिहासिक छूट प्रदान करते हुए मध्यम वर्ग को बड़ी राहत प्रदान किये जाने पर भारतीय मजदूर संघ की ओर से प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय वित्त मंत्री का हार्दिक आभार व्यक्त किया गया हैं।



# अर्जुनी में बनेगा धमतरी का नया बस स्टैण्ड, कलेक्टर ने किया स्थल निरीक्षण



पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

धमतरी शहर के नये बस स्टैण्ड का काम जल्द ही अर्जुनी में शुरू होगा। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने महापौर रामू रोहरा के साथ अर्जुनी में बनने वाले नये बस स्टैण्ड का स्थल निरीक्षण किया। इसी के साथ कलेक्टर ने शहर में विकास कार्यों को गति देने नगर के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान ऑडिटोरियम, नया बस स्टैण्ड, नालंदा परिसर, इंडोर स्टेडियम, प्रस्तावित सड़कों सहित अन्य कार्यो.स्थलों का मौका मुआयना किया। कलेक्टर ने सबसे पहले जिले में निर्माणाधीन ऑडिटोरियम का निरीक्षण किया। उन्होंने ऑडिटोरियम में निर्मित किये गये कक्षों, बिजली, पानी, शौचालय, पार्किंग सहित अन्य व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने कहा कि परिसर के समीप बनी दुकानों और ऑडिटोरियम के बीच पक्की बांउड्री भी बनाई जाए ताकि भविष्य में किसी तरह की कोई दिक्कत न हो। इसके साथ ही ऑडिटोरियम के अंदर सौंदर्यीकरण, साउंड सिस्टम के लिए प्रस्ताव जल्द तैयार करने के भी निर्देश कलेक्टर ने अधिकारियों को दिये। इस अवसर पर नगरनिगम आयुक्त प्रिंया गोयल, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग एस के नेताम, जिला परिवहन अधिकारी मुजाहिद खान और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### सभी सुविधाओं से लैस होगा नया बस स्टैण्ड, नयी सड़कें बनेंगी

जिले में बढ़ते आवागमन के दबाव को कम करने व सुविधाओं के विस्तार के लिए अर्जुनी गांव में बनने वाले नये बस स्टैण्ड का कलेक्टर मिश्रा और महापौर रोहरा ने स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने जिले में बनने वाले बस स्टैण्ड को भविष्य में जनसंख्या बढ़ने से पड़ने वाले दबाव के अनुरूप तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि इसमें वे सारी सुविधाओं होनी चाहिए, जो एक हाईटेक बस स्टैण्ड में होती हैं। कलेक्टर ने कहा कि 40 फीट चौड़ी सड़कें बनाई जाये। इसके साथ ही बस स्टैंण्ड के सामने आकर्षक गार्डन, रैन बसेरा, वाहनों के लिए पार्किंग, वाहन चालकों के रूकने के लिए अलग से कक्ष, बिजली, शौचालय आदि की व्यवस्था की जाये। उन्होंने बस स्टैंड पहुंच मार्गो को जल्दी बनाने कहा। कलेक्टर मिश्रा ने बस स्टैंड से बायपास तक पहुंचने वाले मार्गों का डिवाईडर सहित प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। उन्होंने बस स्टैंण्ड क्षेत्र में लगे बिजली के खंबों को भी हटाने कहा।

### स्टोर्स कॉम्प्लेक्स की तर्ज पर तैयार होगा इंडोर स्टेडियम, सिंथेटिक कोर्ट, फुटबॉल हॉकी मैदान बनेगा

सभी खेलों के लिए एक ही स्थान पर सुविधायें उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इंडोर स्टेडियम बनेगा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मैदान को बेहतर कर रनिंग एथलेटिक्स का अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों के लिए 8 लेयर सिंथेटिक कोर्ट, फुटबॉल और हॉकी के खिलाड़ियों के लिए मैदान विकसित किया जाये। इसके साथ ही इंडोर खेल जैसे टेबल टेनिस, बैडमिंटन, जिम के लिए भीतर हॉल में वुडन कोर्ट का भी निर्माण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने खेलो इंडिया के तहत् प्रस्ताव तैयार कर 15 अप्रैल तक प्रस्तुत करने कहा।

### मुख्यमार्ग सड़क चौड़ीकरण का लिया जायजा, अतिक्रमण हटाने के दिये निर्देश

जिले की अधिक आवागमन वाली सड़कों सिहावा चौक से कोलियारी, रत्नाबांध चौक से मुजगहन और अंबेडकर चौक से रूद्री तक बनने वाली सड़कों का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों का निर्देशित किया कि वे सड़कों की सर्वे रिपोर्ट और डीपीआर जल्द प्रस्तुत करें। यदि मार्ग के आसपास कोई अतिक्रमण हो तो उसे भी हटाने के निर्देश राजस्व अधिकारियों का दिये। कलेक्टर ने सड़क निर्माण में आने वाली दिक्कतों की जानकारी ली। उन्होंने रमसगरी तालाब का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को गार्डन में एमपी थियेटर बनाने कहा।

### नालंदा लायब्रेरी होगी हाईटेक

जिले के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रस्तावित स्थल का कलेक्टर मिश्रा और महापौर रामू रोहरा ने निरीक्षण किया। कलेक्टर ने अधिकारियों से लायब्रेरी निर्माण संबंधी जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि बड़े शहरों की लाइब्रेरी में जिस तरह की सुविधाएं हैं, उसी तर्ज में जिले की लाइब्रेरी में भी सुविधाएं होंगी और जिले में पढ़ाई का बेहतर वातावरण बनेगा। लाइब्रेरी के बनने के बाद विद्यार्थियों को पुस्तकों के लिए भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। कलेक्टर ने लायब्रेरी के लिए डीपीआर तैयार करने कहा और नीचे वाहनों के पार्किंग के लिए स्थल रखने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने लायब्रेरी के सामने फूड पार्क बनाने कहा। मुजगहन से हटकेश्वर वार्ड पहुंच मार्ग के अवलोकन के दौरान कलेक्टर ने भूमि के लिए प्रस्ताव तैयार कर जल संसाधन विभाग को भेजने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने लगभग एक किलोमीटर सड़क निर्माण का प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अधिकारियो को दिये।

# अग्रवाल समाज के होली मिलन सम्मान समारोह में शामिल हुए महापौर



पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

अग्रवाल समाज व्दारा अग्रसेन भवन में रंगोत्सव समारोह के अंतर्गत फूलो की होली एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महपौर रामू रोहरा शामिल हुए। वहीं अन्य अतिथियों में निगम आयुक्त प्रिया गोयल, सुंदरगंज वार्ड पार्षद नरेंद्र रोहरा, सदर दक्षिण वार्ड पार्षद अनिता अग्रवाल शामिल हुए। इस अवसर पर रोहरा ने कहा कि अग्रवाल समाज व्दारा बहुत ही सुंदर होली मिलन का आयोजन किया गया है। रोहरा ने आगे कहा कि धमतरी के विकास में हमेशा अग्रवाल समाज का मार्गदर्शन आवश्यक अतः समाजजनों से अनुरोध है कि शहर विकास में हमेशा साथ दे। कार्यक्रम में दयाराम अग्रवाल अध्यक्ष, बिहारीलाल अग्रवाल, रमेश लाठ, अनिल अग्रवाल, अमित अग्रवाल, मदन गोयल, सुरेश गोयल, अंकित अग्रवाल, अनिता अग्रवाल, रिंका गिन्नौरिया, प्रीति गुप्ता, अनिता गोयल समेत समाज के अनेक लोग उपस्थित थे।

# मातृ सेवा मातृ भूमि सेवा समान : हिन्दू जागरण मंच



पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

सुदूर जनजाति क्षेत्रों में लगातार जनजागरण और सेवा कार्य करने में हिन्दू जागरण मंच के कार्यकर्ता माताओं और मातृ भूमि की सेवा में लगातार समर्पित होकर कार्य कर रहे हैं। इसी क्रम में डाकेश्वर साहू, पुरुषोत्तम निषाद, प्रतीक सोनी, चित्रेश साहू के लगातार प्रवास और प्रांत के दीपक सिंह ठाकुर, मोहन साहू के अनवरत प्रयासों से नगरी सिहावा क्षेत्र में करण सेन के नेतृत्व में समाजसेवा का कार्य, जनजागरण का कार्य लगातार किया जा रहा है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर बिरगुड़ी में शिशु को टिका लगाया गया जिसमें हिंदू जागरण मंच के द्वारा शिशु वती माताओं को केला भेंट किया गया जिसमें ग्राम पंचायत बिरगुड़ी के सरपंच अमृत नाग और हिंदू जागरण मंच खंड नगरी संयोजक करण सेन, शिवांस साहू, सतीश भास्कर, छोटु यादव, त्रिवेणी साहू, आंजू कोर्राम, नैना ध्रुव, निलोबती कश्यप, गौरी साहू, ममता सेन, टिकेश्वरी समुद्र, लिलेश्वरी यादव, सुनिता बाई साहू और मितानिन शांता समुद्र, सुलोचना यादव मौजूद रही।

# देश सेवा मनुष्य के जीवन की मानव समाज के लिये सर्वोच्च सेवा है : कविता योगेश बाबर

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com



ग्राम जुनवानी निवासी दानवीर साहू सुपुत्र राजू साहू का चयन भारतीय टेरीटोरियल आर्मी में हुआ है। इस उपलक्ष्य में सम्मान समारोह एवं विदाई का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत वन समिति सभापति कविता योगेश बाबर थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता ज्ञानिक राम साहू सरपंच जुनवानी थे। कार्यक्रम के इस अवसर पर बाबर ने उपस्थित परिवारजनों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम जुनवानी का एक पुत्र आज भारतीय सेना में अपनी सेवाएँ प्रदान करने जा रहा है। उसके अनंत जीवन के लिए हम सभी शुभकामनाएं देते हैं। इनके जैसे युवाओं के बदौलत ही देश सुरक्षित है और हम अपने घर में सुख चैन से रह पाते हैं। जो सीमा पर खड़े होकर देश सेवा की भावना लेकर हम सबकी रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। भारतीय सेना में जाना अपने आप में एक बहुत ही गौरवान्वित करने वाला क्षण है। उन्होंने कहा कि देश की सेवा का जज़्बा मन में लेकर चलना अपने आप में एक बहुत ही कठिन कार्य है जिसे आज दानवीर साहू ने करके दिखाया है। हम इनके भावी जीवन के लिए ईश्वर से प्रार्थना करेंगे कि वो अपना कार्यकाल सफलतापूर्वक करके अपने गाँव अपने देश का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम के इस अवसर पर सुजन यादव, पंच डोमार साहू, पंच आसकरण साहू, गंगू यादव, चौथराम साहू, उत्तम साहू, मिनेश साहू, रोशन साहू, चंद्रमणि साहू, पीताम्बर साहू, खोरबाहरा राम साहू एवं उनके मित्रगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे जिन्होंने दानवीर साहू को विदाई एवं सम्मान के साथ रवाना किया।

# बम्हनीझोला में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन 28 मार्च को

### ग्रामीणों की मांग एवं समस्याओं से संबंधित आवेदनों का किया जायेगा निराकरण

पायनियर संवाददाता गरियाबंद
www.dailypioneer.com

जिले के मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम बम्हनीझोला (कोयबा) में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन शुक्रवार 28 मार्च को प्रातः 10 बजे से किया जायेगा। शिविर में ग्राम बम्हनीझोला सहित आसपास के गांवों के लोगों के मांग एवं समस्याओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जायेगा। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को शिविर में स्टॉल लगाकर विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देने एवं आम लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये हैं। यह शिविर शासकीय प्राथमिक शाला परिसर बम्हनीझोला (कोयबा) में आयोजित किया जायेगा।

# सीईओ ने निर्माणाधीन पीएम आवास का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल ने गत दिवस बलौदाबाजार जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत कोकड़ी और दशरमा का दौरा कर प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया। उन्होंने हितग्राहियों एवं सम्बंधित कर्मचारियों को तेजी से आवास निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिये। सीईओ जिला पंचायत के द्वारा हितग्राही सोहन दास, सेवती बाई, जोधराम, सेवक राम मानिकपुरी के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत बनाए जा रहे आवासो का निरीक्षण किया गया। पंचायतों में कुछ हितग्राहियों को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से सेंट्रिंग प्लेट प्रदान किया गया है। इस दौरान जनपद सीईओ फकीरचरण पटेल, कार्यक्रम अधिकारी अविनाश पैंकरा, ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर पूजा केरकेट्टा, सब-इंजीनियर, तकनीकी सहायक, सरपंच, रोजगार सहायक, आवासमित्र, सक्रिय महिला उपस्थित रहे।


# सामाजिक समन्वय जनसंकल्प अभियान 27 को

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

सर्व समाज समन्वय महासभा के सनातन संकल्प आह्वान पर 27 मार्च गुरूवार को शाम 4 बजे नूतन स्कूल प्रांगण धमतरी में सामाजिक समन्वय जनसंकल्प अभियान का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के संयोजक मंडल अधिकारी नीलेश राजा ने बताया कि जातिवाद छोड़ेंगे, समाज कों जोड़ेंगे, सामाजिक लोकतंत्र बनाएंगे, समाज रक्षा करेंगे, संस्कृति रक्षा करेंगे, राष्ट्र निर्माण के लिए संकल्प लेंगे आदि संकल्पों के साथ यह अभियान का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में राष्ट्र पुरुष देश को आजादी दिलाने वाले अग्रज क्रांतिवीर नेताजी सुभाष चंद्र बोस के वंशज सोमनाथ बोस कों जिलेवासी सुनेंगे। अखिल भारतीय संत महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री महात्यागी संत रामज्ञानी दास एवं विश्व हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय केंद्रीय मार्गदर्शक मण्डल अधिकारी संत महात्यागी रामरूप दास से मार्ग दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण में भागीरथी प्रयास करने वाले एवं आदिवासी समाज प्रणेता डॉ उदय भान सिंह से मार्ग दर्शन प्राप्त होगा। कार्यक्रम आयोजन को लेकर इसकी तैयारी में नीलेश राजा कार्यक्रम सयोजक मण्डल अधिकारी, चंद्रकला पटेल जिला सचिव संगठन मंत्री, पद्मिनी चंद्राकर जिला अध्यक्ष सभापति, प्रोफेसर डॉ संजीव वशिष्ठ प्रान्त अध्यक्ष सर्व समाज समन्वय महासभा आदि लोग जुटे हुए हैं।

# बलौदा बाजार नगरी में परम प्रभावी माता एवं संघ 45 माताजी का अगवानी, आहार विहार संपन्न हुआ

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




बलौदा बाजार की पावन धरा पर परम पूज्य एवं प्रभावक 105 गुरुमति माता एवं दृढ़मति माता 40 माताओ का ससंघ जो डोंगरगढ़ से शिखरजी झारखंड की ओर जैन धर्म के सर्वोच्च तीर्थ स्थल शिखर की ओर पैदल बिहार कर रहे हैं उनकी अगवानी जैन समाज ने बड़े ही गाजे बाजे के साथ की बलोदा बाजार जैन मंदिर में माता संघ ने दर्शन कर शांति धारा का पाठ पढ़ा उसके पश्चात आपने मंगल प्रवचन दिया एवं इसके पश्चात विधि मिलने पर पढगाहन और फिर आहार किया। आहारचर्या में समाज की महिला मंडल का योगदान अतुलनीय था समाज के अध्यक्ष दिनेश जैन सचिव अमित जैन के साथ बलोदा बाजार नगर अध्यक्ष अशोक जैन भी पूरे कार्यक्रम और व्यवस्था में साथ रहे उन्होंने माता जी के बिहार में भी अपना साथ दिया माता जी का मंगल प्रवेश और विहार, समाज के लिए इतने बड़े संघ का पूरी विधि नियम के साथ कार्यक्रम को सफल बनाना एक परीक्षा के समान था जिसमें माताजी ने बलौदा बाजार जैन समाज की प्रशंसा कर पास कर दिया जैन समाज के अध्यक्ष दिनेश जैन एवं सचिव अमित जैन एवं कमेटी ने भाटापारा, नैला जांजगीर और सर्व समाज बलौदा बाजार से आए हुए लोगों का जैन महिला मंडल के अध्यक्षा सुमन जैन उनकी कमेटी एवं महिला मंडल साथ में श्रेयांश, रचित, आयुष, सुजल, दिलीप जैन संजय जैन (मोना मसाला)सुभाष जैन का हृदय से धन्यवाद दिया है और पूरे जैन समाज के सदस्यों का आभार प्रकट किया है।

# इस साल तीन दिन तक कुरुद नगर मे बजेगा अंतरराष्ट्रीय सिरामिक उत्सव नगाड़ा 2025

पायनियर संवाददाता कुरुद
www.dailypioneer.com

हीरा सिरामिक फाउंडेशन, कुरुद द्वारा आयोजित 'सिरामिक उत्सव नगाड़ा 2025' 19 से 21 मार्च 2025 तीन दिन तक अंतरराष्ट्रीय स्तर का सिरामिक कार्यशाला प्रारंभ होने जा रहा है, जिसमें इजराईल और भारत के विभिन्न राज्यों से गुजरात, महाराष्ट्र, उडिसा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के 22 कलाकार भागीदारी करेंगे। कार्यशाला के संयोजक और हीरा सिरामिक फाउंडेशन के अध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त, कुरुद का अपना कलाकार चिरायु सिन्हा ने जानकारी देते हुए कहा कि युवा कलाकारों को प्रोत्साहन हेतु फाउंडेशन हर साल होली के बाद रंग पंचमी के दिन से सिरामिक कार्यशाला का आयोजन करता है। जिससे नवयुवा कलाकारों को देश-विदेश के विभिन्न भागों से आये हुए कलाकारों के साथ काम करने का और चर्चा करने का मौका मिलता है और साथ ही तत्कालीन समय में हो रही घटनाओं की जानकारी भी प्राप्त होती है। कार्यशाला को होली के बाद रखने का तात्पर्य समजाते हुए चिरायु सिन्हा ने बताया कि भारतीय संस्कृति की महिमा चारों ओर फैली हुई है उसमें हमारा अपना रंग पंचमी का त्योहार हम कलाकारों के साथ उजागर करे ताकि आये कलाकारों को छत्तीसगढ़ की पारंपरिक और सांस्कृतिक गतिविधियों की जानकारी प्राप्त हो। कार्यशाला का नाम नगाड़ा उत्सव इसी कारण रखा गया है कि हमारी लोक परंपरा नगाड़ा के साथ जुड़ी हुई है और इन दिनों को नगाड़ा के साथ लोकगीत और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम को भी जोड़ा गया है। सांस्कृतिक आदान-प्रदान का केन्द्र कलाकार ही है और इसे न सिर्फ कोई एक विधा बल्कि अनेकानेक विधाओं के साथ जोड़ कर उत्सव के तौर पर मनाना शुरू करें। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में योगेन्द्र त्रिपाठी, हुकुम लाल वर्मा, अनंत साहू और रविकांत चंद्राकर उपस्थित रहकर कलाकारों के साथ कार्यशाला का आनंद उठायेंगे। अन्य अतिथि कलाकार के रूप में गुजरात से कृष्ण पडिया, सुदीपा पंत, महाराष्ट्र से मुकुन्द जेठवा, उडिसा से सरोज राउत, उत्तर प्रदेश से प्रेम शंकर प्रसाद, सुडॉ. लकी टांक, सुपल्लवी सिंघ, राजस्थान से पवन शर्मा, मध्य प्रदेश से दिव्या पोरवाल, छत्तीसगढ़ से डॉ. छगेन्द्र उसेंडी, सुविजया त्रिपाठी, सुराखी गुप्ता, युगल किशोर, हूमन चक्रधारी, संयोजक सुदेशना जैन और आयोजक चिरायु सिन्हा अपनी-अपनी कला से कुरुद नगर में कलारंग का नगाड़ा बजाकर रंग पंचमी का त्योहार मनाएंगे। छत्तीसगढ़ की कलाप्रेमी जनता से आग्रह है कि आप इस कला उत्सव नगाड़ा की मुलाकात ले और कलाकारों की कला को प्रोत्साहित करने की कृपा करें।

# औषधीय एवं सगंध फसलों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

पायनियर संवाददाता गरियाबंद
www.dailypioneer.com



कृषि विज्ञान केन्द्र गरियाबंद तथा अखिल भारतीय समन्वित परियोजना औषधीय तथा सगंध फसल, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले की जलवायु परिस्थितियों को ध्यान रखते हुए कृषि में फसलों के विविधीकरण द्वारा उपयुक्त औषधियाँ फसलों का चुनाव करके कृषकों की आय में वृद्धि तथा प्राकृतिक संसाधन जैसे भूमि तथा जल का विवेकपूर्ण उपयोग करते हुये कृषि उत्पादन कार्य करना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में वैज्ञानिक एवं डॉ. मनीष चौरसिया द्वारा गरियाबंद में औषधियाँ फसलों की सम्भावना तथा उनके विपणन के विषय में कृषकों को जानकारी प्रदान की गई। तकनीकी सत्र में पादप कार्यिकी, कृषि जैव रसायन, औषधिय एवं सगंध विभाग, इं.गा.कृ.वि., रायपुर के वैज्ञानिक डॉ. यमन देवांगन द्वारा अश्वगंधा, कालमेघ, बच आदि फसलों की उत्पादन तकनीक के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की तथा डॉ. एलिस तिर्की द्वारा लेमनघास तथा खस के विषय पर कृषकों को जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित कृषक अवनीश पात्र का सम्मान शाल, श्रीफल तथा स्मृति चिन्ह देकर किया गया। पात्र द्वारा पान तथा औषधीय फसलों के विषय पर कृषकों को अपना अनुभव से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न ग्रामों से आये 50 कृषकों ने भाग लिया। इस दौरान मनीष आर्य, प्रवीण जामरे तथा ज्योति भारद्वाज द्वारा प्रक्षेत्र भ्रमण तथा कृषि विज्ञान केन्द्र की गतिविधियों के विषय पर अवगत कराया गया।

# बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा 23 मार्च को

पायनियर संवाददाता गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देशन में एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जी. आर. मरकाम एवं जिला शिक्षा अधिकारी ए.के. सारस्वत के नेतृत्व में जिले के समस्त ग्राम प्रभारियों का 23 मार्च 2025 को राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा के आयोजन किया जायेगा। इस संबंध में शासकीय हाई स्कूल नहरगांव गरियाबंद में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के शिक्षा मंत्रालय, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा असाक्षर शिक्षार्थियों के आकलन के लिए 23 मार्च 2025 को राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन कराये जाने हेतु मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गरियाबंद द्वारा आवश्यक दिशानिर्देश दिया गया साथ ही परीक्षा में अधिक से अधिक परीक्षार्थीयों को सम्मिलित करने हेतु आवश्यक वातावरण निर्माण/व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु निर्देश दिया गया। राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण रायपुर द्वारा दिए गए लक्ष्य अनुसार गरियाबंद जिले सभी विकासखण्डों के विभिन्न ग्राम पंचायत/वार्ड के निकटतम कुल 713 शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं को परीक्षा केन्द्र बनाए गए है, जिसमें कुल 20 हजार परीक्षार्थी सम्मिलित होने वाले है। परीक्षा का समय प्रातः 10:00 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक निर्धारित है। जिसमें पढ़ना लिखना एवं संख्यात्मक ज्ञान से संबंधित दक्षता हेतु प्रश्नों के उत्तर के लिये प्रत्येक शिक्षार्थी को कुल 3 घण्टे का समय दिया जाता है।

# कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जिला स्तरीय अधिकारियों की ली समय सीमा की बैठक

**वित्तीय प्रबंधन और योजनाओं की प्रगति की समीक्षा, लंबित बिलों को प्राथमिकता से भुगतान करने दिए निर्देश**

- अनाधिकृत अनुपस्थित शासकीय सेवकों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com




कलेक्टर अभिजीत सिंह ने प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और प्रभावशीलता को सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों को समय सीमा बैठक में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने वन, जिला पंचायत, लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, आरईएस, पीएमजीएसवाई, सीएमजीएसवाई, सभी नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों से लंबित बिलों के भुगतान की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों को वित्तीय वर्ष में लंबित देयकों के भुगतान नही होने का विशिष्ट कारण बताते हुए प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने इस संबंध में सख्त हिदायत देते हुए कहा कि संबंधित मद में बजट उपलब्ध हो जाने के पश्चात भी भुगतान नही करने पर संबंधित अधिकारी अपने वेतन देयक से भुगतान करेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जहां भी आबंटन उपलब्ध है, वहां आबंटन की उपलब्धता की सीमा तक लंबित बिजली बिलों का भुगतान तत्काल करें। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को राजस्व सीमांकन के प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ शीघ्रता से और सही तरीके से निपटाने को कहा। कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्तों को अतिक्रमण के विरूद्ध जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने रजिस्ट्री के मामलों में पावर ऑफ एटॉर्नी का सही तरीके से उपयोग करने की आवश्यकता पर जोर दिया, साथ ही ठेकेदारों पर नजर रखने की बात कही, ताकि कोई गलत जानकारी या मिसगाइडिंग न हो। इसके अलावा उन्होंने सभी संबंधित प्रक्रियाओं को पारदर्शी तरीके से पूरी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने भारतमाला परियोजना के तहत अधिग्रहण किए गए भूमि का तहसीलदार एवं पटवारी के माध्यम से जांच करा कर उचित कार्यवाही करते हुए मुआवजा राशि प्रदान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि समय-सीमा और जनदर्शन से संबंधित मामलों को पूरी तरह से निपटाना आवश्यक है। समाधान के पश्चात् ही प्रकरणों को विलोपन हेतु प्रस्तुत किया जाए। कलेक्टर ने अनाधिकृत अनुपस्थित या कर्तव्य विमुख शासकीय सेवकों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जनपद पंचायतों एवं नगर निगमों को पीएम सूर्य घर योजना के तहत प्राप्त हुए लक्ष्य एवं पूर्ण किए गए कार्यो की जानकारी अगले समय सीमा में उपलब्ध कराने को कहा, जिससे इस योजना की प्रगति पर नजर रखी जा सके। कलेक्टर ने अचल सम्पत्ति का बाजार मूल्य मार्गदर्शिका सिद्धांत वर्ष 2025-26 निर्धारित करने के संबंध में निर्धारित मापदंडों को ध्यान में रखकर गाईडलाईन तैयार करने को कहा। शासन द्वारा निर्धारित मानदंडों व दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए गाईडलाईन तैयार करने के लिए समय सीमा तय की गई है। उप जिला मूल्यांकन समिति द्वारा प्रस्ताव 31 मार्च तक देने के निर्देश दिए।

# महापौर, सभापति, कमिश्नर, पार्षद और सैकड़ों नागरिकों ने तालाब सफाई का लिया संकल्प

## महापौर व कमिश्नर ने पकड़ा फावड़ा, नागरिकों ने उठाया कचरा

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत वार्ड 18 शक्ति नगर, जवाहर नगर स्थित शक्ति तालाब की सफाई की गई। जिसमें महापौर अलका बाघमार ने तालाब के आस पास फैले जलकुंभी और कचरे को निकालने फावड़ा उठाया। वही सभापति श्याम शर्मा, आयुक्त सुमित अग्रवाल, लोक कर्म विभाग प्रभारी व वार्ड पार्षद देव नारायण चन्द्राकर का सहयोग करने सैकड़ों लोगों ने कतार में खड़े हो कर सपाई अभियान में हाथ बढ़ाया। तालाब सफाई अभियान में एम आईसी सदस्य लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर, राजस्व विभाग प्रभारी चंद्रशेखर चन्द्राकर, स्वास्थ्य विभाग प्रभारी नीलेश अग्रवाल, गरीबी उन्मूलन, समाज कल्याण विभाग प्रभारी शिव नायक,वार्ड पार्षद सावित्री दमाहे, पार्षद सुरुचि उमरे, अरुण सिंह, मनमोहन शर्मा के अलावा सहायक अभियंता संजय ठाकुर, वीपी मिश्रा, धर्मेंद्र मिश्रा, पंकज साहू, मोहित मरकाम, तेखन सिन्हा, जितेंद्र सिंह राजपूत आदि शामिल हुए। उन्होंने पहले नागरिकों से चर्चा की, फिर तालाब को साफ करने आम लोगों से सहयोग की अपील की।महापौर और वार्ड पार्षद का सयोग करने आम लोगो सहज रूप से तैयार हो गए। महापौर, सभापति, कमिश्नर एमआई सी,पार्षद और निगम अधिकारियों व पदाधिकारियों के साथ मिलकर तालाब से पालीथीन को तालाब से बाहर निकाला। दो घंटा से अधिक समय तक चले इस अभियान में टैक्टर ट्राली भरकर कचरा निकाला गया। महापौर अलका बाघनर ने अंत में शहर के प्रत्येक तालाब को साफ रखने नागरिकों को सजग रहने कहा। उन्होंने निगम अधिकारियों से कहा कि नागरिक की शिकायत दूर हो यही उनकी प्राथमिकता है। सफाई अभियान के बाद महापौर अलका बाघमार ने तालाब के आस पास के क्षेत्र का भ्रमण किया। उन्होंने तालाब के किनारे खाली जगह पर पौध रोपण करने निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तालाब किनारे हराभरा होने से नागरिकों को अच्छा वातावरण मिलेगा।

# डॉ.गागेंद्र सिंह राजपूत बेस्ट क्रॉप फिजियोलॉजिस्ट अवॉर्ड से सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◀ पाटन
www.dailypioneer.com



उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सांकरा-पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.) में पदस्थ डॉक्टर गागेन्द्र सिंह राजपूत को बेस्ट क्राप फिजियोलॉजिस्ट अवॉर्ड से नवाजा गया, यह अवॉर्ड उसे पादप कार्यिकी के क्षेत्र में किये गये उल्लेखनीय कार्य के लिए दिया गया। यह सम्मान 20 से 21 फरवरी 2025 को भाई गुरुदास ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूटशन संगरूर, पंजाब मे आयोजित 5 वा अन्तर्राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन न्यूट्रींट-2025 के समापन समारोह में दिया गया। अवार्ड सेरेमनी में डॉ. एस. एस. गोसल कुलपति पंजाब कृषि विश्वविद्यालय लुधियाना. डॉक्टर अनिल दीक्षित संयुक्त निदेशक, राष्ट्रीय जैविक तनाव प्रबंधन संस्थान रायपुर डॉक्टर तनूजा श्रीवास्तव निदेशक, गुरदास ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन संगरूर एवं डॉक्टर अंकुर शर्मा मुख्य सचिव, एग्रीमीट फाउंडेशन भारत द्वारा प्रदान किया गया. पूर्व में भी डॉ. राजपूत को कृषि मे नवाचार एवं उत्कृष्ठ कार्य के लिये अन्य और अवॉर्ड से सम्मानित किये जा चूके हैं जिनमें साइंटिस्ट एसोसिएट अवॉर्ड 2018, छत्तीसगढ़ राज्य बेस्ट एनएसएस वॉलिंटियर अवॉर्ड 2020, बेस्ट पीएचडी थीसिस अवार्ड 2023, डॉक्टर राजपूत का 10 से अधिक शोध पत्र अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय जनरल में प्रकाशित हुआ है, 15 से अधिक पापुलर एक्सटेंशन आर्टिकल, 8 से अधिक एब्सट्रैक्ट, 2 बुक/ पीएचडी प्रैक्टिकल मैन्युअल एवं किसानों के लिए महत्वपूर्ण जानकारी आकाशवाणी केंद्र रायपुर से भी प्रसारित हुआ है साथ ही राजपूत द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से लगातार सामाजिक कार्य कर लोगों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है जिसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता अभियान, नशा मुक्ति, कुपोषण मुक्त देश, बेटी- बचाओ, बेटी -पढ़ाओ, केंद्र एवं राज्य की महत्वाकांक्षी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने. सड़क सुरक्षा, साइबर क्राइम आदि की जानकारी देकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं।

# 31 मार्च के बाद संपत्तिकर जमा किया तो देना पड़ेगा 15 प्रतिशत पेनाल्टी

**छुट्टी के दिन भी लोग संपत्ति कर जमा कर सकते हैं, टैक्स वसूली के लिए निगम ने ताकत झोंक दी हैं**

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर निगम दुर्ग में 31 मार्च के बाद टैक्स जमा करने वालों को 15 प्रतिशत ब्याज व एक हजार रुपए अधिभार देना होगा। इसके लिए नगर पालिक निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने अपील जारी की है। आयुक्त ने कहा है कि जलकर, संपत्ति कर, भू भाटक सही समय पर जमा करने पर अधिभार नहीं लगेगा। वित्तीय वर्ष 2024-25 का टैक्स जमा करने के लिए केवल 13 दिन ही शेष रह गए हैं। 31 मार्च की अंतिम तिथि तक टैक्स जमा करने में अधिभार नहीं लगेगा। इसके बाद से 15 प्रतिशत व एक हजार रुपए अतिरिक्त अधिकार लगेगा। हालांकि इस बार संपत्ति कर जमा करने के लिए राजस्व टैक्स काउंटर में लोगों की भीड़ देखने को मिल रही है। निगम प्रशासन द्वारा संपत्ति कर जमा करने के लिए विशेष व्यवस्था की है। आगामी 31 मार्च तक टैक्स का भुगतान नहीं करने पर बकाया राशि का पन्द्रह फीसदी अधिभार व एक हजार रुपए की पैनाल्टी निगम करदाताओं से वसूल करेगी। बहरहाल वितिय वर्ष के सिर्फ 13 ही दिन शेष है।

### टैक्स वसूली के लिए निगम ने ताकत झोंक दी हैं

नगर निगम आयुक्त ने वसूली के लिए राजस्व विभाग अमला एवं राजस्व अधिकारी आरके बोरकर व सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर को निर्देश दिए हैं। उन्हें हर हाल में लक्ष्य के करीब पहुंचने कहा गया है। आयुक्त ने बताया कि, 31 मार्च के बाद टैक्स जमा करने वालों को 15 प्रतिशत अधिभार व एक हजार रुपये पेनाल्टी देना होगा। संपत्ति कर जमा करने के लिए राजस्य टैक्स काउंटर में लोगों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। छुट्टी के दिन भी लोग संपत्ति कर जमा कर सकते हैं!

# चन्दूलाल चन्द्राकर शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के प्रबंध कारिणी समिति एवं स्वशासी समिति की बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com



जिले के कचान्दुर स्थित चन्दूलाल चन्द्राकर शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के प्रबंध कारिणी समिति एवं स्वशासी समिति की बैठक महाविद्यालय सभा कक्ष में आयोजित की गई। दुर्ग संभाग के आयुक्त एस.एन. राठौर की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में कलेक्टर अभिजीत सिंह भी शामिल हुए। बैठक में महाविद्यालय की सप्तम बैठक में किये गये निर्णय के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा की गई। महाविद्यालय हेतु एप्रोच रोड, हाई मॉस्क लाईट, सुरक्षा गॉड, सीसी कैमरा एवं मेडिकल कॉलेज में अध्ययनरत् विद्यार्थियों की सुविधाओं और मरीजों के लिए मूलभूत सुविधाओं के विस्तार हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक पहल करने के निर्देश दिये गये। बैठक में स्वशासी समिति के बजट, लेक्चरल हॉल हेतु एसी क्रय, डेस्कटॉप कम्प्यूटर एवं अन्य उपकरण क्रय, काउंसिलिंग कार्य के देयकों के भुगतान, सेमीनार देयकों के भुगतान, वार्षिक उत्सव कार्यक्रम, स्वशासी समिति के ऑडिट के देयकों का कार्योत्तर स्वीकृति, एथिकल कमेटी, पहुंच मार्ग में प्रकाश व्यवस्था, सीटी बस व्यवस्था, महाविद्यालय पहुंच मार्ग स्थित नाले का सुदृढ़ीकरण तथा चिकित्सालय में ऑडियोलॉजिस्ट एवं ऑप्टोमेट्रिक की सेवाएं और कलेक्टर दर पर मानव संसाधन रखने आदि विषयों पर चर्चा की गई। इसके अलावा वर्ष 2024 में प्रबंध कारिणी समिति से अनुमोदन प्राप्त सामग्री/उपकरणों के क्रय पर व्यय की जानकारी दी गई।

# उर्स पाक पर की गई चादर पोशी, इफ्तार में जुटे रोजेदार

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई
www.dailypioneer.com



हर साल की तरह इस साल भी ताज दरबार कैंप एक साक्षरता चौक के सामने भिलाई में हजरत बाबा ताजुद्दीन औलिया के मुरीद और चाहने वाले हजारों की तादाद में 17 मार्च को इकट्ठा हुए। मौका था बाबा ताज के उर्स पाक का। हालांकि इस बार रमजान का पाक महीना होने की वजह से पहले 16 वे रोजे की इफ्तार कराई गई। इस अफ्तार दावत में बड़ी तादाद में रोजेदारों ने हिस्सा लिया। इसके बाद आम लंगर का एहतमाम भी किया गया था। जोकि उर्स पाक पर आए मुरीदो में तक्सीम किया गया। इसके बाद हज़रत बाबा ताजुद्दीन औलिया सेवा समिति भिलाई की अध्यक्ष ताज अंजुम ताजी एवं ताज दरबार की खिदमत गुज़ार गुलामाने ताज हज्जन बदरुनिसा ताजी और गद्दीनशीन मोहम्मद सादिक ताजी ने बाबा के मुरीदों और चाहने वालों के साथ बाबा ताज के आस्ताने पर लोभान पेश की। फिर चादर पोशी की रस्म अदा की गई। बाबा के खिदमत गुज़ार के आशियाने से लाई गई संदल बाबा हुजूर में पेश की गई। इस मौके पर सभी के लिए खास दुआएं भी की गई। ताज दरबार में गद्दीनशीन मोहम्मद सादिक ताजी का इस्तकबाल फूलों से किया गया। गुलामाने ताज हज्जन बदरू निसा ताजी एवं ताज दरबार के गद्दीनशीन मोहम्मद सादिक ताजी ने बताया कि इस ताज दरबार में जो भी अपनी अकीदत लेकर आता है वह अपनी मुरादे यहां से लेकर जाता है। यही वजह है कि दिनों दिन इस ताज दरबार अकीदत पेश करने वालों की तादाद बढ़ती जा रही है और यहां से शिफा पाने वाले लोग बाबा के मुरीद होते जा रहे हैं।

# महापौर ने वार्ड क्रमांक 20 का किया निरीक्षण वार्डवासियों से रूबरू होकर सुनी समस्या

- वार्ड में सफाई व्यवस्था में सुधार करें, महापौर का अधिकारियों के साथ औचक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com





नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र के उचित विकास के लिए दुरुस्त मार्ग व्यवस्था, बेहतर सीवेज सिस्टम और अन्य मूलभूत आवश्यकताओं का बेहतर होना बेहद आवश्यक होता है। इसलिए विकसित संरचनात्मक व्यवस्था का होना प्रगतिशील समाज के लिए बेहद आवश्यक है। इसी कड़ी में आगे बढ़ते हुए नगर पालिक निगम महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा ने आयुक्त सुमित अग्रवाल, वार्ड पार्षद सहित जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ आदित्य नगर वार्ड क्रमांक 20 में क्षेत्र के नागरिकों के साथ मिलकर क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया और साथ ही उन्होंने स्थानीय निवासियों की समस्याएं जानी। इस दौरान लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर, राजस्व विभाग प्रभारी चंद्रशेखर चन्द्राकर, स्वास्थ्य विभाग प्रभारी नीलेश अग्रवाल, गरीबी उन्मूलन, समाज कल्याण विभाग प्रभारी शिव नायक, वार्ड पार्षद सावित्री दमाहे, पार्षद सुरुचि उमरे, अरुण सिंह, मनमोहन शर्मा के अलावा सहायक अभियंता संजय ठाकुर, वीपी मिश्रा, धर्मेंद्र मिश्रा, पंकज साहू, मोहित मरकाम, तेखन सिन्हा, जिंतेंद्र सिंह राजपूत के सहित नागरिकगण मौजूद रहें। महापौर अलका बाघमार ने बुधवार को आदित्य नगर वार्ड 20 का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ने वार्ड के समस्त गलियों और चौक चौराहे का निरक्षण किया। इस दौरान गलियों में गंदगी मिलने के चलते सुपर वाइजर व सफाई कर्मियों को सफाई व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए।

**महापौर ने वार्डवासियों की सुनी समस्या**-आदित्य नगर के वार्ड 20 के कुछ हिस्सों में सफाई व्यवस्था बेहतर नहीं है,वार्ड के नालिया कचरे से जाम मिली जिसे तत्काल साफ करवाने के निर्देश दिए।साथ ही साथ लोग अपने घर के पास नालियों के ऊपर फॉरिंग कर रखा है। जिसके चलते स्थानीय निवासियों के लिए आने जाने में बाधा उत्पन्न होती है। महापौर ने संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी कर नाली के ऊपर फॉरिंग को तोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने आदित्य नगर में जहाँ नाली नही है वहाँ नाली निर्माण को प्रस्तावों में लाने की बात कही।

# खनिज क्षेत्र में पारदर्शिता और नवाचार का नया अध्याय खनिज प्रबंधन में डिजिटल युग की नई शुरुआत

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने पारदर्शी खनन नीति, ई-नीलामी, डिजिटल निगरानी और पर्यावरण-संवेदनशील खनन रणनीतियों को अपनाकर प्रदेश के आर्थिक और औद्योगिक विकास को नए आयाम दिए हैं। खनिज संसाधनों के सुव्यवस्थित उत्खनन के चलते बीते वर्षों में छत्तीसगढ़ के खनिज राजस्व में ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की गई है। राज्य के गठन के समय की तुलना में खनिज राजस्व में 30 गुना वृद्धि हुई है, जो 2023-24 में 13,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया और 2024-25 में अप्रैल से फरवरी तक ही 11,581 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया जा चुका है। यह पारदर्शी खनन नीति और प्रभावी प्रशासन का परिणाम है। अब तक 44 खनिज ब्लॉकों की ई-नीलामी सफलतापूर्वक की जा चुकी है, जिसमें अब तक चूना पत्थर के 14, लौह अयस्क के 9, बॉक्साइट के 11, स्वर्ण के 3, निकल, क्रोमियम के 2, ग्रेफाइट के 2, ग्लूकोनाइट के 2 और लिथियम के 1 खनिज ब्लाक की निलामी की गई है। भारत सरकार द्वारा देश के आर्थिक एवं सामरिक विकास को ध्यान में रखते हुए क्रिटिकल एवं सामरिक महत्व के खनिजों के लिए राष्ट्रीय क्रिटिकल मिनरल मिशन की घोषणा जनवरी, 2025 में की गई है। इस के अनुरूप प्रदेश में विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 से ही क्रिटिकल एवं सामरिक महत्व के खनिजों के अन्वेषण / खोज पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिसके तहत 56 अन्वेषण परियोजनाओं में से 31 परियोजनाओं अंतर्गत क्रिटिकल एवं डीप सीटेड मिनरल्स पर कार्य किये जा रहे है। प्रदेश में अब तक 10 क्रिटिकल एवं डीप सीटेड मिनरल्स ब्लॉक्स जिसमें लिथियम का 1, स्वर्ण का 3, निकल, क्रोमियम का 2, ग्रेफाइट का 2 ग्लूकोनाइट के 2 मिनरल ब्लॉक की नीलामी की गई है। देश में पहली बार खनिज लिथियम ब्लॉक की सफलतापूर्वक नीलामी की कार्यवाही भारत सरकार द्वारा की गई है जिसके तहत् जिला कोरबा के कटघोरा लिथियम ब्लॉक को मेसर्स साउथ मायकी मायनिंग कंपनी को 76 प्रतिशत प्रीमियम राशि पर आबंटित किया गया है। राज्य के सुकमा एवं कोरबा जिले में भी लिथियम अन्वेषण कार्य किया जा रहा है जिसमें लिथियम के भण्डार पाये जाने की पूर्ण संभावना है। बैलाडीला क्षेत्र भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क भंडारों में से एक है। यहां तीन नए लौह अयस्क ब्लॉकों की ई-नीलामी प्रक्रिया जारी है, जिसे मार्च 2025 तक पूरा किया जाएगा। इसके अलावा कांकेर जिले के हाहालद्दी लौह अयस्क खनिज ब्लॉक की नीलामी प्रक्रिया भी अंतिम चरण में है। पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखते हुए खनन क्षेत्र को अधिक पारदर्शी और वैज्ञानिक रूप से संचालित करने के लिए सरकार ने कई नई पहल की हैं। सेटेलाइट इमेजरी और माइनिंग सर्विलियेंस सिस्टम के माध्यम से अवैध खनन की निगरानी की जा रही है। गौण खनिज खानों में सुव्यवस्थित और वैज्ञानिक पद्धति से खनन को बढ़ावा देने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दी। गई है। राज्य सरकार बेहतर कार्य करने वाले पट्टेधारियों को 'स्टार रेटिंग' प्रणाली के तहत प्रोत्साहित कर रही है।

**खनिज राजस्व से सामाजिक विकास और बुनियादी सुविधाओं में निवेश**-खनिज राजस्व का एक बड़ा हिस्सा प्रदेश के सामाजिक विकास में निवेश किया जा रहा है। जिला खनिज संस्थान न्यास के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक 1,673 करोड़ रुपये की निधि प्राप्त हुई है, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल और कौशल विकास सहित 9,362 विकास कार्यों को मंजूरी दी गई। इससे खनन प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के जीवन स्तर में महत्वपूर्ण सुधार हो रहा है।

**खनिज अन्वेषण कार्यों का विस्तार और नई परियोजनाएँ**-राज्य सरकार ने चूना पत्थर, बॉक्साइट, लौह अयस्क और ग्रेफाइट सहित कुल 13 खनिज परियोजनाओं में अन्वेषण कार्य शुरू किया है। प्रारंभिक सर्वेक्षणों में चूना पत्थर के 283 मिलियन टन, लौह अयस्क के 67 मिलियन टन और बॉक्साइट के 3 लाख टन भंडार का अनुमान लगाया गया है। स्वर्ण, ग्रेफाइट और ग्लूकोनाइट जैसे खनिजों की खोज भी की जा रही है, जिससे राज्य के खनन क्षेत्र को और मजबूती मिलेगी।

**संभाग आयुक्त राठौर ने अधिकारियों की बैठक में की समय-सीमा कार्यों की समीक्षा**

# गैर शिक्षकीय कार्यों में अटैच शिक्षकों को तत्काल रिलिफकरें : संभाग आयुक्त

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com



दुर्ग संभाग के अंतर्गत विभिन्न जिलों में गैर शिक्षकीय कार्यो से कार्यालयों में अटैच शिक्षकों की संबंधित स्कूलों में वापसी होगी। संभाग आयुक्त एस.एन. राठौर ने संभागायुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में संभाग स्तरीय अधिकारियों की बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग के समीक्षा के दौरान कहा कि दुर्ग संभाग के अंतर्गत जिलों में गैर शिक्षकीय कार्यो से कार्यालयों में अटैच शिक्षकों को संबंधित स्कूलों में पदभार ग्रहण हेतु तत्काल भारमुक्त किया जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्कूलों में शिक्षकों की कमी को ध्यान में रखते हुए संयुक्त संचालक शिक्षा द्वारा शिक्षकों का अटैचमेंट समाप्त कर उनकी उपस्थिति शिक्षकीय कार्य हेतु संबंधित स्कूलों में कराने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। इसी प्रकार प्रदेश में मादक पदार्थो की रोकथाम हेतु प्रस्तावित कार्ययोजना के तहत स्कूलों के आस-पास ठेलों गुमटी में मादक पदार्थो की बिक्री न होने पाए। संयुक्त संचालक शिक्षा ने अवगत कराया कि स्कूलों के आस-पास मादक पदार्थो की बिक्री की रोकथाम हेतु प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। अब तक 3670 स्कूलों के आस-पास मादक पदार्थो की ब्रिकी न होने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जा चुका है। समीक्षा के दौरान संभागायुक्त ने कहा कि सहकारिता विभाग द्वारा पंचायतों को एक प्राथमिक सहकारी समिति से जोड़ने हेतु मत्स्य समिति के अलावा दुग्ध समिति को भी प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने संयुक्त पंजीयक सहकारिता को इसके लिए दुग्ध संघ के एमडी को प्रस्ताव पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त राठौर ने संभाग के अंतर्गत मिलेट्स की फसलों की पैदावारी पर जोर देते हुए कृषि विभाग के अधिकारियों को मोहला-मानपुर-अंबागढ़चौकी एवं कबीरधाम जिले में मिलेट्स फसलों की रकबा बढ़ाने आवश्यक पहल करने कहा। उन्होंने कहा कि संभाग अंतर्गत स्थापित औद्योगिक क्षेत्रों में भी संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किये जाएं। स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग से संबंधित नवनिर्मित भवन जो शासकीय मद से बने है ऐसे भवनों को तत्काल हैण्डओवर किया जाए और संबंधित विभाग द्वारा भवनों का सदुपयोग सुनिश्चित किया जाए। संभाग आयुक्त राठौर ने नगरीय निकायों में सड़क दुर्घटना की रोकथाम हेतु सड़कों पर पशु विचरण को नियंत्रित करने प्रभावी कार्यवाही हेतु नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी नगरीय निकायों में सॉलिड-लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट सुनिश्चित किया जाए। लोक निर्माण विभाग द्वारा शासकीय चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज के एप्रोच रोड सहित अन्य निर्माण कार्यों को कार्य योजना के तहत् समयावधि में पूर्ण करायी जाए। राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज में रैम्प, लिफ्ट संबंधी कार्य एवं अन्य शासकीय अस्पतालों के निर्माण कार्यों को सीजीएमएससी द्वारा प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराया जाए। बैठक में उपायुक्त (रा.) पदुम लाल यादव सहित लोक निर्माण विभाग, सहकारिता, शिक्षा, क्रेडा, नगरीय प्रशासन, आबकारी, विद्युत यांत्रिकी विभाग के संभाग स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

**आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड**
(CIN: L65922RJ2011PLC034297) पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020
Aavas FINANCIERS LTD — SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

**कब्जा नोटिस**

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13 ( 12 ) और सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन ) नियम के नियम 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र जारी किया गया। नीचे तालिका में उनके सामने दर्शाए अनुसार राशि का मांग पत्र प्राप्ति के 60 दिन के अंदर भुगतान करने की मांग की गयी। यह है कि ऋणी सम्बंधित राशियों का भुगतान करने में विफल रहे अतः ऋणीयों तथा आम जनता को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त एक्ट की धारा 13( 4 ) सहपठित नियम 9 के नियमों के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में नीचे वर्णित सम्पत्तियों का अधिपत्य तालिका में उनके सामने दर्शाई गई दिनांक को ग्रहण कर लिया है। ऋणियों व जमानतियों को विशिष्टया तथा सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है। इन सम्पत्तियों के साथ किसी भी प्रकार का व्यवहार निम्न खातों के सामने दर्शाई गई बकाया राशि तथा उन पर ब्याज व खर्चों के लिए आवास फाइनेंस **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड** के प्रभार के अध्यधीन होगा।

| ऋणी का नाम | धारा 13 (2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक संपत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख एवं प्रकार |
|---|---|---|---|
| **अनुज राम साहू, मंजूषा साहू** खाता सं. LNBMT17423-240305071 | 8 दिसम्बर 2024 ₹ 678958/- 5 दिसम्बर 2024 | सर्वे नं. 414/18 का भाग (नया सर्वे नं. 414/60), पीएच नं. 03 आर.आई.सी. कवर्धा, गांव-कवर्धा, तहसील-कवर्धा, जिला-कबीरधाम, छत्तीसगढ **क्षेत्रफल 654 वर्ग फीट** | सांकेतिक कब्जा दिनांक 15 मार्च 2025 |
| **संदीपसिंह राजपूत,** सिमिरन राजपूत खाता सं. LNBHI16222-230258383 | 8 दिसम्बर 2024 ₹ 672386/- 5 दिसम्बर 2024 | केएच नं. 490 का भाग, प्लॉट नं. 102, स्थित मौजा-धौराभाठा, पीएच नं. 23, आरएनएम, परपोडी, तहसील-साजा, जिला-बेमेतरा, छत्तीसगढ **क्षेत्रफल 1500 वर्ग फीट** | सांकेतिक कब्जा दिनांक 15 मार्च 2025 |

स्थान : जयपुर    दिनांक : 20-03-2025    प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

## संपादकीय

### मोदी का दृष्टिकोण पॉडकास्ट वार्ता

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** की हालिया पॉडकास्ट वार्ता उनके प्रशासनिक और वैश्विक दृष्टिकोण के बारे में बहुत कुछ कहती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने स्पष्ट एवं आकर्षक भाषण के लिए लोकप्रिय हैं। अक्सर वे राष्ट्रीय महत्व के विभिन्न मुद्दों पर बोलते तथा खासकर युवाओं को प्रेरित करते हैं। उनका रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' एक सर्वाधिक लोकप्रिय तथा व्यापक रूप से सुना जाने वाला प्रसारण है। हाल ही में वे एक पॉडकास्ट वार्ता में सामने आए जहां उनकी स्पष्टवादिता अपने सर्वोत्तम रूप में थी। 'लेक्स फ्रीडमैन पॉडकास्ट' के एक एपीसोड में प्रधानमंत्री ने तीन घंटे लंबी वार्ता की तथा अपने व्यक्तिगत जीवन, नेतृत्व दर्शन और विश्व स्तर पर भारत के बढ़ते कद के बारे में स्पष्ट विचार रखे। मोदी के नेतृत्व में भारत के कल्याण के प्रति अडिग प्रतिबद्धता को केन्द्रीय स्थान मिला है। उन्होंने जोर दिया, 'मेरा देश प्रथम है। मैं हमेशा अपने आप से सवाल पूछता हूं कि क्या मैं किसी प्रकार अपने देश को नुकसान तो नहीं पहुंचा रहा हूं।' महात्मा गांधी से प्रेरणा लेते हुए उन्होंने कहा, 'गांधीजी ने हमें सलाह दी थी कि यदि आप अनिश्चित हों तो अपने सामने सबसे गरीब व्यक्ति का चेहरा रख कर स्वयं से सवाल पूछें-क्या इससे उसे सहायता मिलेगी? इसने मुझे हमेशा निर्देशित किया है।' मोदी का कार्यकाल चुनौती भरे समय में उनकी निर्णायक कार्रवाइयों का प्रमाण है। कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान उनको विभिन्न प्रकार की आर्थिक सलाहें मिलीं, पर उन्होंने भारत के विशिष्ट संदर्भ में उचित रास्ता चुना। उन्होंने साक्षात्कारकर्ता को बताया कि गरीब को भूखा नहीं सोना चाहिए तथा मूलभूत आवश्यकताओं पर सामाजिक तनाव नहीं पैदा होना चाहिए। इस दृष्टिकोण ने भारत की दृढ़ता तथा महामारी-पश्चात तेज आर्थिक प्रगति में योगदान किया। मोदी ने भारी मात्रा में नोटों की छपाई या अर्थव्यवस्था को पैसे से पाट देने के सुझावों को अस्वीकार कर यह सुनिश्चित किया कि महामारी के पश्चात भारत में स्थाई सुधार हो। उनके विश्वास ने भारत को विशिष्ट शक्ति दी जिससे देश आपदा से ज्यादा मजबूत होकर उभरा जबकि दूसरे मुद्रास्फीति तथा वित्तीय अस्थिरता का शिकार बन गए।

मोदी का नेतृत्व जोखिम उठाने के लिए तैयारी तथा जिम्मेदारी स्वीकारने से परिभाषित होता है। उन्होंने कहा कि वे हर काम करेंगे जो उनके देश के लिए सही हो और यदि कुछ गलत हो जाता है तो वे उसकी पूरी जिम्मेदारी लेंगे। इस पारदर्शिता ने जनता का विश्वास जीता है और नागरिकों ने उनके ईमानदार इरादों की पहचान की है। उन्होंने स्वीकार किया कि जहां गलतियां अपरिहार्य हैं, वहीं भारत की प्रगति के लिए ईमानदारी और प्रतिबद्धता से काम करने की उनकी प्राथमिकता स्पष्ट है। मोदी के नेतृत्व में भारत का वैश्विक कद काफी बढ़ा है। उन्होंने इसका जिम्मेदार निरंतर एवं स्पष्ट लोकतंत्र को मानते हुए जोर दिया कि दुनिया भारत पर इसलिए विश्वास करती है क्योंकि हमारे भीतर कोई दोमुंहापन नहीं है। इस विश्वसनीयता ने भारत को अंतरराष्ट्रीय शांति प्रयासों और तकनीकी प्रगति में एक प्रमुख पक्ष बना दिया है। उन्होंने एआई व 5जी जैसे उभरती तकनीकों के महत्व पर जोर देते हुए इन खोजों का भविष्य निर्धारित करने में भारत की भूमिका परिभाषित की। पूरी बातचीत में मोदी ने आजीवन सीखने तथा परिवर्तनशीलता पर अपना विश्वास प्रकट किया। उन्होंने कहा, 'यदि मैं कुछ समझ नहीं पाता हूं तो एक छात्र की तरह पूछता हूं-क्या आप इसे स्पष्ट कर सकते हैं? इसके बाद क्या होगा? मैं विचारों को चुनौती देने के लिए नकारात्मकता के पैरोकार वाली भूमिका भी निभाता हूं।' उन्होंने बताया कि मेरी निर्णय लेने की प्रक्रिया तेज तथा सूचनाओं और विभिन्न स्रोतों से प्राप्त गहन जानकारियों पर आधारित है। इस बौद्धिक जिज्ञासा एवं रणनीतिक दूरदृष्टि ने भारत को आधुनिक प्रशासनिक माडल तथा परंपराओं और प्रगति में संतुलन बनाने में सहायता की है। इस पॉडकास्ट ने न केवल मोदी के व्यक्तिगत व राजनीतिक दर्शन पर, प्रकाश डाला है, बल्कि समकालीन दुनिया में भारत की रणनीतिक दिशा रेखांकित की है। परंपरागत मूल्यों और आधुनिक प्रशासन का सम्मिश्रण उनका दृष्टिकोण रेखांकित करता है जिसकी जड़ें संस्कृति में हैं और इससे विश्व मंच पर भारत की स्थिति मजबूत होती है। आश्चर्य नहीं कि नरेन्द्र मोदी भारत के अब तक के सर्वाधिक स्पष्टवादी प्रधानमंत्री हैं।

# स्टालिन की भाषा पर राजनीति

स्टालिन ने तमिलनाडु के विधानसभा चुनाव के पहले भाषा पर राजनीति शुरू की है तथा बजट के तमिल संस्करण में रुपये का प्रतीक बदल दिया है। इससे भाषा के प्रभुत्व तथा केन्द्र-राज्य संबंधों पर तीखी बहस शुरू हो गई है।



**कल्याणी शंकर**
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



स्टालिन ने तमिलनाडु के विधानसभा चुनाव के पहले भाषा पर राजनीति शुरू की है तथा बजट के तमिल संस्करण में रुपये का प्रतीक बदल दिया है। इससे भाषा के प्रभुत्व तथा केन्द्र-राज्य संबंधों पर तीखी बहस शुरू हो गई है। गुरुवार को तमिलनाडु में एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक परिवर्तन आया क्योंकि उसने आधिकारिक रुपये के प्रतीक को बजट दस्तावेज में एक तमिल अक्षर से बदल दिया जिसका उच्चारण 'रु' होता है। यह अक्षर तमिल भाषा में भारतीय मुद्रा का प्रतिनिधित्व करता है और क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के प्रतीक बदलने के निर्णय के व्यापक वैश्विक प्रभाव होंगे। रुपये का प्रतीक भारतीय संप्रभुता का एक सर्वाधिक महत्वपूर्ण प्रतीक है। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव अगले साल होने हैं और कुछ लोगों का विश्वास है कि द्रमुक इसे चुनावी मुद्दा बनाना चाहती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-एनईपी के खिलाफ साहसी और निर्णायक कदम के रूप में तमिलनाडु सरकार ने रुपये के आधिकारिक प्रतीक को 2025 के राज्य के बजट में एक तमिल प्रतीक से बदल दिया है। मुख्यमंत्री स्टालिन ने घोषणा की है कि इस तमिल प्रतीक का प्रयोग 2025-26 के राज्य बजट प्रतीक के रूप में किया जाएगा। इससे उनके निर्णय का महत्व स्पष्ट होता है।

तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविण मुन्नेत्र कझगम-द्रमुक तथा केन्द्र सरकार के बीच विभिन्न मुद्दों पर टकराव है जिनमें भाषा संबंधी नीति भी शामिल है। हाल ही में 'एक्स' पर अपने एक पोस्ट में स्टालिन ने रुपये के सरकार द्वारा निर्धारित प्रतीक के स्थान पर प्रयोग किए जाने वाले नए तमिल प्रतीक का एक 'टीज़र वीडियो' जारी किया। इस पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'तमिलनाडु के व्यापक विकास तथा समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित करने के लिए' यह कदम उठाया गया। इसके साथ ही 'हैशटैग द्रविणियनमाडल' तथा 'हैशटैग टीएनबजट2025' भी जारी किए गए। स्टालिन द्वारा जारी प्रतीक चिन्ह या लोगो में 'सबके लिए सबकुछ' वाक्यांश भी जोड़ा गया है। इस वाक्यांश के माध्यम से समावेशी प्रशासन के प्रति द्रमुक की प्रतिबद्धता प्रकट की गई है। एम.के. स्टालिन के नेतृत्व वाली तमिलनाडु सरकार ने भारत सरकार द्वारा रुपये के प्रतीक लोगो 'रू' के स्थान पर तमिल शब्द 'रूबाई' का पहला अक्षर जारी किया है। तमिल भाषा में रूबाई का अर्थ रुपया होता है। इस लोगो में 'सबके लिए सब कुछ' कैप्शन भी शामिल किया गया है जो समावेशन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता प्रकट करता है तथा विविधतापूर्ण जनसंख्या में एकता की भावना पैदा करने का उद्देश्य भी सामने रखता है।

स्टालिन के नेतृत्व वाली द्रमुक तथा भारत सरकार द्वारा लागू की जा रही राष्ट्रीय शिक्षा नीति-एनईपी में त्रिभाषा फार्मूले को लेकर भी टकराव और तनाव और बढ़ गया है। त्रिभाषा फार्मूले में हिंदी और अंग्रेजी के साथ एक क्षेत्रीय भाषा को स्थान दिया गया है। इसके स्थान पर तमिलनाडु में द्विभाषा फार्मूला लागू है जिसमें तमिल के साथ अंग्रेजी को शामिल करते हुए हिंदी को कोई स्थान नहीं दिया गया है। इस नए विवाद ने तमिलनाडु और केन्द्र सरकार के बीच जारी वर्तमान राजनीतिक टकराव में आग में घी का काम किया है। यह टकराव भाषा नीति के मामले में खासतौर से बहुत तीखा हो गया है। तमिलनाडु ने लगातार केन्द्र के त्रिभाषा फार्मूले का विरोध किया है और अपनी द्विभाषा नीति बनाए रखने पर जोर दिया है। तमिलनाडु में हिंदी-विरोध का इतिहास रहा है और इसके चलते द्रमुक ने एक बार फिर दुहराया है कि वह ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के विकल्प के रूप में 'हिंदी उपनिवेशवाद' स्वीकार नहीं करेगी। इस बीच केन्द्र सरकार ने राज्य सरकार पर आरोप लगाया है कि वह 'बेईमान' है तथा राजनीतिक लाभ के लिए छात्रों के भविष्य को दांव पर लगा रही है। अपने बजट दस्तावेज में रुपये के प्रतीक चिन्ह के स्थान पर तमिल अक्षर प्रयोग कर तमिलनाडु सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि वह तमिल संस्कृति संरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके विपरीत भाजपा-नीत केन्द्र सरकार पूरे भारत में तीसरी भाषा के रूप में हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहित कर रही है। लेकिन तमिलनाडु भाषाई विविधता की पैरवी करते हुए इसे अपनी सांस्कृतिक पहचान पर गर्व से जोड़ता है।

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने द्रमुक की कठोर निन्दा करते हुए कहा है कि पार्टी को इसका विरोध उस समय करना चाहिए था जब 2010 में कांग्रेस नीत संप्रग सरकार ने रुपये के प्रतीक के प्रयोग का निर्णय किया था। उस समय द्रमुक केन्द्र में सत्तारूढ़ कांग्रेस नीत संप्रग गठबंधन का हिस्सा थी। आश्चर्यजनक रूप से अब तमिलनाडु 14 साल बाद राष्ट्रीय मुद्रा के प्रतीक चिन्ह का विरोध करने वाला पहला राज्य बन गया है। उसने यह कदम राष्ट्रीय शिक्षा नीति-एनईपी के माध्यम से हिंदी को प्रोत्साहन देने के विरोध में उठाया है। मजेदार बात है कि रुपये के प्रतीक चिन्ह का डिजाइन उदय कुमार ने बनाया था जो पूर्व द्रमुक विधायक के बेटे हैं तथा वर्तमान समय में आईआईटी में एक प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं। 2010 के पहले भारतीय रुपये का प्रतिनिधित्व अंतरराष्ट्रीय रूप से 'आरएस' या 'आईएनआर' के संक्षिप्त नामों से किया जाता था। इनसे कभी-कभी पाकिस्तानी या श्रीलंकाई रुपये का भ्रम पैदा हो जाता था। 2009 में वित्त मंत्रालय ने रुपये का नया प्रतीक निर्धारित करने के लिए एक प्रतियोगिता आयोजित की थी। इस प्रतियोगिता में डिजाइनरों, कलाकारों और आम जनता से रुपये के नए प्रतीक चिन्ह के बारे में उनके विचार आमंत्रित किए गए थे। रुपये के अंतिम प्रतीक की डिजाइन उदय कुमार धर्मलिंगम ने बनाई थी जिसमें देवनागरी अक्षर को रोमन अक्षर 'आर' से मिला कर इसे एक विशिष्ट भारतीय पहचान देते हुए यह सुनिश्ति किया गया था कि इसे वैश्विक मान्यता मिले। लेकिन तमिलनाडु सरकार ने इस प्रतीक को अपनी सहमति नहीं दी थी क्योंकि वह अपनी भाषा को महत्व देते हुए देवनागरी लिपि पर आधारित रुपये की प्रतीक चिन्ह वाली डिजाइन स्वीकारने को तैयार नहीं थी। गुरुवार को तमिलनाडु विधानसभा में द्रमुक सरकार द्वारा रुपये के प्रतीक चिन्ह के स्थान पर नया प्रतीक चिन्ह लाने का प्रस्ताव रखने पर भारतीय जनता पार्टी-भाजपा तथा अन्ना द्रविणमुन्नेत्र कझगम-अन्नाद्रमुक सदस्यों ने प्रतीक चिन्ह में परिवर्तन का विरोध किया। अन्नाद्रमुक के विरोध से स्पष्ट हो जाता है कि तमिल जनता का एक हिस्सा द्रमुक द्वारा केन्द्र सरकार के विरोध में अपनाये जाने वाले हथकंडों के पक्ष में नहीं है और इसे वह द्रमुक का चुनावी एजेंडा ही मानती है। यदि ऐसा न होता तो भावनात्मक राजनीति तथा अपनी पहचान की राजनीति को प्रमुखता देने वाले तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक इसका विरोध न करती जो राज्य की सत्ता में कई बार भागीदार रह चुकी है तथा आगामी विधानसभा चुनाव में भी द्रमुक की मुख्य प्रतिद्वंद्वी है।

लेकिन त्रिभाषा फार्मूले को लागू करने तथा रुपये का प्रतीक चिन्ह बदलने के मामले में भाजपा नीत केन्द्र सरकार तथा द्रमुक नीत तमिलनाडु सरकार के बीच टकराव और तीखा हो गया है। ऐतिहासिक रूप से तमिलनाडु में आर्य और द्रविण पहचान के बीच टकराव होता रहा है। यह राज्य तमिल भाषा का मजबूत समर्थन करता रहा है और रुपये के राष्ट्रीय चिन्ह का विरोध करने वाला एकमात्र राज्य बन गया है। इस निर्णय का केन्द्र सरकार तथा अन्य राज्यों के साथ इसके संबंधों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ सकता है। मुख्यमंत्री स्टालिन का उद्देश्य भाषा के मुद्दे पर कठोर दृष्टिकोण अपनाना है। इस बीच वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारतीय रुपये का महत्व लगातार बढ़ता जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष-आईएमएफ ने चीन की मुद्रा रेनम्बिनी-आरएमबी के साथ ही इसे संभावित अंतरराष्ट्रीय मुद्रा के रूप में स्वीकार किया है।

अनेक देश अब भुगतान के लिए भारतीय मुद्रा स्वीकार करते हैं और भारत ने रुपये में लेनदेन के आधार पर व्यापार समझौते भी किए हैं। विवाद के केन्द्र में यह तत्व है कि तमिलनाडु को दो या तीन-भाषा फार्मूला स्वीकार करना चाहिए। द्रमुक की मुख्य चिन्ता यह है कि छात्रों को तीसरी भाषा सीखने के लिए कहने से उनके ऊपर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा तथा इससे पूरे भारत में हिंदी का वर्चस्व स्थापित हो सकता है। लेकिन इस तथ्य को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि बड़ी संख्या में तमिल नौजवान बाकी भारत में नौकरियां और रोजगार प्राप्त करने के लिए स्वेच्छा से हिंदी भाषा सीखते हैं और महात्मा गांधी द्वारा स्थापित दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा के अनेक कार्यालय तमिलनाडु में हिंदी प्रचार का काम कर रहे हैं। इन स्थितियों को देखते हुए केन्द्र और राज्य को परस्पर सहमति से समाधान खोजने पर विचार-विमर्श करना चाहिए।

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता बनाम लैमार्क का सिद्धांत


**बीजू धर्मपालन**
(लेखक बंगलौर के एक विश्वविद्यालय में संकायाध्यक्ष हैं)



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-एआई के आगमन ने सीखने, ज्ञान प्राप्ति और यहाँ तक कि संज्ञानात्मक प्रक्रियाओं में क्रांति ला दी है। जैसे-जैसे शिक्षा तेजी से खंडित होती जा रही है, वैसे-वैसे हम कौशल और ज्ञान कैसे प्राप्त करते हैं, इसकी प्रकृति भी तेजी से बदल रही है। यह परिवर्तन एक दिलचस्प सवाल उठाता है- क्या एआई संचालित शिक्षा लंबे समय से विवादित लैमार्कियन सिद्धांत को जीवंत कर सकती है? संरचित शिक्षा का पारंपरिक मॉडल जहां ज्ञान एक रेखीय और अनुक्रमिक तरीके से प्राप्त किया जाता है-काफी हद तक कम हो गया है।

पिछली पीढ़ियों के विपरीत जो व्यवस्थित अध्ययन के माध्यम से सीखते थे, आज के शिक्षार्थी तकनीकी उपकरणों पर बहुत अधिक निर्भर करते हैं जो जानकारी को खंडित, छोटे-छोटे टुकड़ों में प्रदान करते हैं। सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म, माइक्रोलर्निंग मॉड्यूल और डिजिटल सामग्री उपभोग पैटर्न ने छात्रों को तेज़ गति वाले, गैर-रेखीय तरीके से ज्ञान को अवशोषित करने के लिए तैयार किया है। इस खंडित शिक्षण मॉडल ने सटीकता और महारत पर जोर कम कर दिया है। किसी विषय का गहन अध्ययन करने में घंटों बिताने के बजाय, छात्र अक्सर मुख्य बिंदुओं को निकालने और सतही स्तर की जानकारी को याद करने का सहारा लेते हैं। जबकि यह दृष्टिकोण समय बचाता है, यह समझ की गहराई और आलोचनात्मक सोच को कम करता है-संरचित शिक्षण के महत्वपूर्ण पहलू।

21वीं सदी की शुरुआत में, शिक्षाविदों ने छात्रों के सीखने पर इंटरनेट, विशेष रूप से गूगल के प्रभाव के बारे में गंभीर चिंताएँ व्यक्त कीं। पुस्तकालयों में पुस्तकों को संदर्भित करने की संस्कृति धीरे-धीरे फीकी पड़ गई क्योंकि छात्र तत्काल गूगल खोजों की ओर आकर्षित हुए। जबकि गूगल एक शक्तिशाली ज्ञान संसाधन बन गया, इसने जानकारी के साथ सतही जुड़ाव को भी बढ़ावा दिया, गहन



संज्ञानात्मक प्रयास की आवश्यकता के बिना त्वरित उत्तर प्रदान किया। आज, एआई ने सीखने की गतिशीलता में इस बदलाव को और बढ़ा दिया है। ,एआई-संचालित उपकरण तत्काल लेखन सहायता प्रदान करते हैं, जिससे छात्रों को भाषा कौशल विकसित करने या संज्ञानात्मक क्षमताओं को बढ़ाने की आवश्यकता कम हो जाती है। इसके अलावा, हस्तलेखन-जिसे कभी संज्ञानात्मक विकास के लिए आवश्यक माना जाता था-अब तेजी से अप्रचलित हो गया है। शोध से पता चला है कि हस्तलेखन स्मृति प्रतिधारण, वैचारिक स्पष्टता और मोटर कौशल में सुधार करता है। हालांकि, आधुनिक शिक्षार्थी कीबोर्ड, वॉयस रिकग्निशन टूल और स्क्रीन-आधारित संचार पर बहुत अधिक निर्भर करते हैं, जिससे यह मूल्यवान कौशल खत्म हो जाता है।

एआई संचालित ट्रांसक्रिप्शन टूल ने छात्रों को पारंपरिक नोट लेने के तरीकों से और दूर कर दिया है, जिससे हाथ से लिखने से जुड़े संज्ञानात्मक लाभ कम हो गए हैं। लैमार्क के विकास के सिद्धांत ने प्रस्तावित किया कि अर्जित लक्षण अगली पीढ़ियों को दिए जा सकते हैं। हालांकि डार्विन के प्राकृतिक चयन के पक्ष में इसे काफ़ी हद तक बदनाम किया गया है, लेकिन एपिजेनेटिक्स में आधुनिक विकास ने अर्जित विशेषताओं की संभावित विरासत के बारे में चर्चाओं को पुनर्जीवित किया है। दिलचस्प बात यह है कि संज्ञानात्मक विकास पर एआई का प्रभाव लैमार्क की परिकल्पना से मिलता-जुलता है। शिक्षा में एआई के तेजी से एकीकरण से पता चलता है कि छात्र सक्रिय रूप से नए संज्ञानात्मक पैटर्न अर्जित कर रहे हैं-जो खंडित सीखने, सतही स्तर की समझ और कम स्मृति निर्भरता को प्राथमिकता देते हैं।

हालाँकि ये परिवर्तन आनुवंशिक नहीं हैं, लेकिन वे पूरी पीढ़ियों की बौद्धिक आदतों को तेज़ी से आकार दे रहे हैं। बच्चे अब ऐसे माहौल में बड़े हो रहे हैं जहाँ संज्ञानात्मक शॉर्टकट सामान्य हो गए हैं, जो संभावित रूप से विश्लेषणात्मक सोच और गहन सीखने पर कम जोर देते हैं। इस अर्थ में,एआई का पर्यावरणीय प्रभाव बौद्धिक संदर्भ में लैमार्कियन विकास की नकल कर रहा है।

एक बार मानव विकास के लिए महत्वपूर्ण माने जाने वाले कौशल-जैसे गहन पढ़ना, आलोचनात्मक तर्क और लिखावट-मुख्यधारा की शिक्षा से लुप्त हो रहे हैं। भविष्य की पीढ़ियों को न केवल डिजिटल निर्भरता विरासत में मिल सकती है, बल्कि निरंतर बौद्धिक जुड़ाव की कम क्षमता भी मिल सकती है। जबकि ,इ निस्संदेह सूचना और स्वचालित सहायता उपकरणों तक त्वरित पहुंच के माध्यम से सीखने को बढ़ाता है, संज्ञानात्मक कौशल को नया रूप देने की इसकी क्षमता को नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता है।

खंडित सीखने को बढ़ावा देने और संरचित शिक्षा के मूल्य को कम करके, एआई लैमार्क के सिद्धांत की याद दिलाने वाला एक बौद्धिक वातावरण बनाता हुआ प्रतीत होता है, जहां अर्जित लक्षण, जैसे कि शॉर्टकट सोच और कम संज्ञानात्मक कठोरता, भविष्य की पीढ़ियों में जड़ जमा लेने का जोखिम उठाते हैं। एआई प्रेरित संज्ञानात्मक गिरावट के जोखिम को कम करने के लिए, शैक्षिक प्रणालियों को संरचित सीखने के तरीकों के साथ एआई एकीकरण को संतुलित करना चाहिए।

छात्रों को निरंतर पढ़ने और आलोचनात्मक लेखन अभ्यास में संलग्न होने के लिए प्रोत्साहित करना खंडित सीखने के मॉडल को संतुलित करने में मदद कर सकता है।

## आप की बात

### कांग्रेस का संकट

**भारत** की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस आज उस मोड़ पर है, जहाँ उसकी वैचारिक गूंज अतीत की गलियों में खोती प्रतीत हो रही है। वह पार्टी जिसने स्वतंत्रता आंदोलन को न केवल नेतृत्व दिया बल्कि राष्ट्र की आत्मा को वैचारिक संरचना प्रदान की, आज अपने ही सिद्धांतों की परछाइयों में दिशा तलाश रही है। राजनीति केवल चुनावी गणित नहीं होती है। लेकिन जब नेतृत्व स्वयं विचारधारा और रणनीति के मध्य उलझ जाए तब संगठन न केवल गतिहीन होता है बल्कि जड़ों से भी शिथिल हो जाता है। कांग्रेस के समक्ष संकट केवल संगठनात्मक नहीं, बल्कि वैचारिक विमर्श का है। पार्टी में नीतियाँ अब परिस्थितियों के अनुरूप नहीं, बल्कि असमंजस के गर्भ से जन्म लेती हैं। लोकतांत्रिक विमर्श का स्तंभ रहा दल आज संवादहीनता की स्थिति में मौन की राजनीति अपनाए हुए है। राजनीतिक पुनर्जागरण केवल चुनावी घोषणापत्रों से नहीं होता, बल्कि वह विचारों की प्रामाणिकता, नेतृत्व की पारदर्शिता और कार्यकर्ता से संवाद की जीवंतता से उपजता है। कांग्रेस के लिए यह समय आत्म मंथन, कार्यकर्ताओं, आम जनता और बुद्धिजीवियों से संवाद का है, लेकिन वह कुछ लोगों से घिरे आलाकमान के निर्देशों तक सीमित होकर रह गया है।

**अवनीश कुमार गुप्ता**, आजमगढ़

### नेजा मेले पर प्रतिबंध

**होली के बाद** लगने वाले नेजा मेले पर पुलिस प्रशासन ने प्रतिबंध लगा दिया है। मुस्लिम समाज बड़ी धूमधाम से इस मेले का आयोजन करता रहा है, लेकिन इस बार प्रशासन ने इस पर रोक लगा दी है। सम्भल का नेजा मेला महमूद गजनवी के भांजे व सेनापति सैयद सालार मसूद गाजी की याद में लगाया जाता है। मसूद गाजी ने आक्रमणकारी व लुटेरे महमूद गजनवी के साथ सोमनाथ मंदिर को लूटने व तोड़ने में भाग लिया था। सोमनाथ मंदिर पर हिन्दुओ के नरसंहार में भी मसूद गाजी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इसी ने अजमेर के हिन्दू राजा को धोखे से हराकर जबरन उनकी बहन को अपने साथ ले गया था। इसी ने बहराइच के सूर्य मंदिर को तोड़कर मस्जिद बनवाई थी। जिस भाले या नेजे से मसूद गाजी ने हिन्दू युवकों महिलाओं तथा मासूम बच्चों को मौत के घाट उतारा था उसी के प्रतीक को मेले में गाड़कर लोगों द्वारा खुशियां मनाई जाती है। विडंबना है कि ऐसी हृदय विदारक कुरीति को सम्भल के मुस्लिम परम्परा बताकर प्रशासन पर दबाव बना रहे थे। लेकिन सम्भल पुलिस प्रशासन ने जिस मजबूती से इस कुरीति को समाप्त करने की घोषणा की वह स्वागत व सम्मान योग्य है।

- **ललित शंकर**, गाजियाबाद

### सुनीता विलियम्स की वापसी

**सुनीता विलियम्स** एवं बुच विल्मोर पिछले 9 माह से अंतरिक्ष में अटके पड़े थे। अब उनको लेने के लिए एक अंतरिक्षयान अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन पर पहुंच गया है। अतः अब इन दोनों अंतरिक्ष यात्रियों की धरती पर वापसी का रास्ता साफहो गया है। उम्मीद है कि 19 मार्च तक भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स की अंतरिक्ष से धरती पर वापसी हो जाएगी। भारतीय हमेशा ही अपनों की सुरक्षा के लिए काफी भावुक रहे हैं। चूंकि सुनीता विलियम्स एक भारतीय पिता की संतान है तो हर भारतीय का दिल उनकी सुरक्षित वापसी के लिए धड़कता रहा है। उनकी सुरक्षित वापसी के लिए भारत में कई बार पूजा पाठ भी किए गए हैं। आठ दिनों के लिए अंतरिक्ष में गई सुनीता विलियम्स के लिए यही आठ दिन महीनों में बदल गए। उनके अंतरिक्ष में फंस जाने से निजी क्षेत्र में अंतरिक्ष यात्रा की कल्पनाओं पर भी सवालिया निशान लग गए थे। पहले केवल कुछ देशों की सरकारों के एकाधिकार वाली अंतरिक्ष खोज और अंतरिक्ष यात्रा अब निजी क्षेत्र के लिए खुल रही है, लेकिन इस प्रकरण से अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षा के साथ ही अंतरिक्ष खोज जैसे अत्यधिक तकनीकी क्षेत्र में निजी क्षेत्र की क्षमताओं पर भी सवाल उठे हैं।

- **एमएम राजावत**, शाजापुर

### क्रिप्टोकरेंसी की चोरी

**क्रिप्टोकरेंसी** जगत में एक बड़ी चोरी का मामला सामने आया है। बायबिट एक्सचेंज से करीब 1.5 अरब डॉलर, यानी लगभग 13,000 करोड़ रुपये मूल्य की डिजिटल करेंसी चोरी हो गई है। इसे अब तक की सबसे बड़ी क्रिप्टो चोरी में से एक माना जा रहा है। एक हैकर ने बायबिट के ऑफलाइन एथेरियम वॉलेट पर नियंत्रण कर लिया और कई लेनदेन के जरिए बड़ी मात्रा में फंड अन्य जगह ट्रांसफर कर दिया। बिटकॉइन के बाद एथेरियम को दुनिया की दूसरी सबसे मूल्यवान डिजिटल करेंसी माना जाता है। पिछले साल जुलाई में भारत के क्रिप्टो एक्सचेंज वज़ीरएक्स पर भी एक बड़ा साइबर हमला हुआ थाए जिसमें लगभग 2,000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। क्रिप्टो लेनदेन का विश्लेषण करने वाली कंपनी एलिप्टिक ने इस साइबर हमले को उत्तर कोरिया के सरकारी हैकिंग ग्रुप लाजरस से जुड़ा बताया है। यह ग्रुप क्रिप्टो इंडस्ट्री से अरबों डॉलर की चोरी के लिए कुख्यात है। अब सवाल उठता है कि दुनिया भर में हो रहे साइबर हमलों के चलते क्रिप्टोकरेंसी में निवेश कितना सुरक्षित है? इसकी वैधता पर गंभीर विचार होना चाहिए।

- **दत्तप्रसाद शिरोडकर**, मुंबई

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# नहर लाइनिंग कार्य में लगे मजदूरों को ठेकेदार ने नही दी मजदूरी किराना व्यवसायी का भी रोका पैसा, कलेक्टर से शिकायत



पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

सेमरिया नाला से सोहतरा-बिरेतरा नहर लाइनिंग में कार्यरत मजूदरो को उनकी मजदूरी का भुगतान ठेकेदार द्वारा नही किये जाने, उनसे धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। जिसकी लिखित शिकायत ग्रामीण मजदूरो ने कलेक्टर से की हैं। और मजदूरी राशि का अतिशीघ्र भुगतानकर ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। ग्राम सोहतरा के 40 से अधिक ग्रामीण मजदूर कलेक्ट्रेट पहुचे, और कलेक्टर को शिकायत आवेदन सौप कार्यवाही की मांग की। शिकायत के माध्यम से मजदूरो ने अवगत कराते हुए कलेक्टर को बताया है कि सिंचाई विभाग के द्वारा ग्राम सोहतरा में सेमरिया नाला से सोहतरा-बिरेतरा नाली का सीमेंटीकरण का कार्य दुर्ग के अनिल मित्तल कंपनी, इम्प्रो क्राम के माध्यम से माह जनवरी 2025 से प्रारंभ कराया गया है, जो वर्तमान में कार्य चालू है। उक्त नाली सीमेंटीकरण का कार्य अनिल मित्तल कंपनी, इम्प्रो क्राम द्वारा नियुक्त सुपरवाईजर पीताम्बर, ठेकेदार अरुण यादव एवं सहयोगी पप्पू यादव के माध्यम से कराया जा रहा है, तथा उनके द्वारा मजदूरो को कार्य करने प्रतिदिन 200 रुपये की दर से मजदूरी पर रखा गया था। किंतु ठेकेदार अरुण यादव, पप्पू यादव के द्वारा मजदूरो को मजदूरी की राशि लगभग 55 हजार का भुगतान नही किया गया और उक्त दोनों व्यक्ति काफी समय से कार्य छोड़कर चले गये हैं। जो आज तक वापस नहीं आये हैं। मजदूरो ने शिकायत में आगे बताया कि सुपरवाईजर पीताम्बर से मजदूरी राशि मांग किये जाने पर आज-कल में मजदूरी का भुगतान कर देंगे, कहकर टाल-मटोल किया जा रहा है तथा ठेकेदार अरुण यादव एवं पप्पू यादव से उसके मोबाईल नंबर से संपर्क करने पर वे फोन रिसीव नहीं कर रहे हैं तथा सुपरवाईजर को बार-बार राशि मांग किये जाने पर अनिल मित्तल कंपनी के किसी व्यक्ति से मोबाईल से बात कराने पर आप लोगों को जो कार्य में बुलाये हैं, वे ही मजदूरी का भुगतान करेंगे कहकर मजदूरी का भुगतान नहीं कर रहे हैं।

## मजदूर आर्थिक और मानसिक रूप से हो रहे परेशान

इसी प्रकार ग्राम सोहतरा के किराना दुकान संचालक रामनारायण साहू के यहां से भी ठेकेदार अरुण यादव एवं पप्पू यादव दोनों मिलकर लगातार खाद्य सामाग्री उधार में क्रय किये थे, जिसका 6 हजार 893 रुपये भी भुगतान नहीं किये हैं और फोन के माध्यम से संपर्क करने पर फोन रिसीव नहीं करते। 18 मार्च को बड़ी मुश्किल से पप्पू यादव फोन रिसीव किया और मैं नहीं जानता कहकर फोन काट दिया। ग्रामीण मजदूरो का आरोप है कि अनिल मित्तल कंपनी, सुपरवाईजर पिताम्बर, ठेकेदार अरुण यादव एवं पप्पू यादव ने मिलकर मजदूरो से मजदूरी कार्य कराकर छलकपट, धोखाधड़ी एवं ठगी कर मजदूरी राशि 55 हजार रुपये का आज तक भुगतान नहीं किये हैं, जिसके कारण परिवार वाले लगातार शारीरिक, आर्थिक व मानसिक परेशानियों का सामना कर रहे हैं। शिकायकर्ता मजदूरो ने कलेक्टर से शिकायत पर त्वरित व निष्पक्ष जांच कराकर अनिल मित्तल कंपनी, सुपरवाईजर पिताम्बर, ठेकेदार अरुण यादव एवं पप्पू यादव के विरुद्ध कार्यवाही कर मजदूरी राशि का भुगतान कराने की मांग की हैं। शिकायकर्ता में प्रमुख रूप से ग्रामीण रामनारायण साहू, पिंकी बाई पटवा, दुलेश, द्रोपती पटेल, जागेश्वरी साहू, पुष्पा साहू, उषा, सन्तोषी, सुमित्रा, सुमन पटेल, सोहद्रा, शशिबाई, अनिता बाई उपस्तिथ रहें।

# मेरी छवि धूमिल करने का कथित प्रयास : पूर्व सरपंच

## रुद्रगांव मामले में लीगल नोटिस व मानहानि की तैयारी

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत रुद्रगांव में सरपंच का प्रभार विवाद गहरा गया है। इस मामले में नवनिर्वाचित सरपंच भारती सोनकर द्वारा पूर्व सरपंच के कार्यकाल दौरान के लेनदेन से किनारा करते हुए प्रभार लेने से मना कर दिया था। अब इस घटनाक्रम से क्षुब्ध पूर्व सरपंच ने इस वाकये से मानसिक आघात पहुंचने का हवाला देते हुए संबंधितों के खिलाफ लीगल नोटिस भेजकर मानहानि का दावा करने की बात प्रेसवार्ता में कही है। ब्लॉक सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं रुदगांव के पूर्व सरपंच टीकाराम सोनकर ने प्रेस भवन में आहुत प्रेसवार्ता में आधिकारिक तौर पर बताया कि उन्होंने 6 मार्च को ग्राम पंचायत में सचिव के साथ नवनिर्वाचित सरपंच को विधिवत प्रभार सौंपने एक संक्षिप्त कार्यक्रम आहुत की थी। तब नवनिर्वाचित सरपंच को कुछ लोगों के द्वारा बरगलाते हुए प्रभार लेने से रोक दिया गया। पूर्व सरपंच की माने तो कुछ लोगों द्वारा नवनिर्वाचित सरपंच के नए होने व पंचायत कार्यों में जानकारी का अभाव होने का लाभ उठाते हुए पूर्व कार्यकाल में साढ़े सात लाख कर्ज होने का भ्रम फैलाते हुए नवनिर्वाचित सरपंच को डराया गया, जिससे उन्होंने प्रभार लेने से मना कर दिया। इस वाकये से सचिव द्वारा जनपद पंचायत को भी अवगत कराया गया। पूर्व सरपंच ने प्रेसवार्ता में बताया कि दरअसल अपने गत कार्यकाल के अंतिम पड़ाव 2024 में उन्होंने 15 वें वित्त आयोग अंतर्गत विधिवत पंचायत प्रस्ताव व मूल्यांकन सत्यापन के साथ 5 लाख का एक निर्माण कार्य कराया था, इसी दरम्यान 2024 के 15 वें वित्त आयोग की राशि अटक गई। यह एक सतत प्रक्रिया है। लेकिन नवनिर्वाचित सरपंच को पंचायत कार्यों में जानकारी के अभाव का फायदा उठाते हुए कुछ लोगों ने सरपंच को डराते हुए भड़काया गया है। पूर्व सरपंच सोनकर ने बताया कि कुछ सोशल मीडिया से जुड़े तथाकथित लोगों द्वारा उनकी छवि खराब करने अनर्गल एवं तथ्यहीन भ्रामक बातें वायरल कर मानसिक आघात पहुंचा रहे हैं। पूर्व सरपंच सोनकर ने संबंधितों को लीगल नोटिस भेजकर मानहानि का दावा करने की बात कही है।

# उतई की राशन दुकानें अब खुलेगी प्रतिदिन, सोमवार रहेगा अवकाश



पायनियर संवाददाता < उतई
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत उतई के अध्यक्ष सरस्वती नरेंद्र साहू तथा उपाध्यक्ष शिवनारायण देशमुख ने आमजन के प्रति अपनी महती जवाबदारियों के साथ एक्शन मोड पर आकर कार्य करना शुरू कर दिया है। नगर पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सभी पार्षदों ने मिलकर आम लोगों के हित में फैसला लेते हुए नगर में संचालित दो उचित मूल्य की दुकानों के संचालक रामखिलावन साहू और अंचल वर्मा को बुलाकर रोजमर्रा की अन्य दुकानों की तरह ही रोजाना सुबह 9 से संध्या 5 बजे तक उचित मूल्य की दुकानें खुली रखने का निर्देश दिया। जिस पर दुकान संचालकों ने भी सहमति जताते आदेश का पालन करने की बात कही। ताकि आमजन को हो रही परेशानियों से निजात मिल सके। साप्ताहिक अवकाश हेतु सोमवार का दिन निर्धारित किया गया।मंगलवार से रविवार तक रोजाना अब नगर के उचित मूल्य की राशन दुकानें सुबह 9 बजे से संध्या 5 बजे तक खुली रहेंगी। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती नरेंद्र साहू, उपाध्यक्ष शिवनारायण देशमुख एवं पार्षद सोनू राजपूत, सुनीता चंद्राकर, खूबीराम साहू, रमशीला नेताम, विजयलक्ष्मी साहू, अनिता गढे, शिव ठाकुर, लता सोनवानी, भीमसेन सिन्हा, संगीत रजक, द्वारिका साहू एवं सेल्समैन अंचल वर्मा, राम खिलावन साहू उपस्थित थे।

# 21 से पीजी कॉलेज बेमेतरा में आयोजित होगी विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम 2025



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा विकसित भारत युवा संसद 2025 के आयोजन के लिए शासकीय पंडित जवाहरलाल नेहरू कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेमेतरा को बेमेतरा और कवर्धा जिले के लिए नोडल संस्था बनाया गया है। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 16/03/25 निर्धारित की गई थी। अंतिम तिथि तक 328 युवाओं ने वीडियो अपलोड करते हुए पंजीयन किया। जो छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में सर्वाधिक है। जिसके स्क्रुटनी के पश्चात 150 उत्कृष्ट युवाओं का चयन अगले चरण के लिए किया गया है। अगले चरण में 150 उत्कृष्ट युवाओं को शासकीय पीजी कॉलेज बेमेतरा में 21 और 22 मार्च को आयोजित होने वाले विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम 2025 में शामिल होकर एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर 3 मिनट का भाषण प्रस्तुत करना होगा। निर्णायक मंडल द्वारा इनमें से उत्कृष्ट 10 का चयन किया जाएगा जो राज्य स्तर पर बेमेतरा/कबीरधाम नोडल जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे। संपूर्ण कार्यक्रम के आयोजन के लिए आयोजन समिति गठित की गई है। जिसमें प्राचार्य डॉ वीणा त्रिपाठी पीजी कॉलेज बेमेतरा अध्यक्ष रहेंगी, सचिव नितिन शर्मा नेहरू युवा केंद्र, सदस्य जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ कामती सिंह परिहार, डी आर साहू विभागाध्यक्ष भौतिकी, जिला नोडल अधिकारी जितेन्द्र बारले और टेक्निकल एक्सपर्ट के रूप में बी आर साहू विभागाध्यक्ष कंप्यूटर शामिल रहेंगे। कार्यक्रम समन्वयक डॉ जनेंद्र सिंह दिवान रासेयो हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग ने सभी चयनित युवाओं को बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित किए हैं।

# एसएसपी द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम के अधिकारी एवं कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभा कक्ष में पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के द्वारा जिला विशेष शाखा एवं पुलिस कंट्रोल रूम के अधिकारी एवं कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण एवं बैठक ली। जिसमें तथा कंट्रोल रूम में प्राप्त सभी सूचनाओं को तत्काल संबंधित अधिकारियों को अवगत कराना और उस सुचना पर क्या कार्यवाही की गई है दोनो बातो को अपने लॉक बुक में दर्ज करने के संबंध दिशा निर्देश दिए। वीआईपी, वीवीआईपी प्रवास के दौरान होटल, ढाबा की चेकिंग करने व इस दौरान यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने की मार्ग में कोई अनावश्यक वाहन खडी ना रहें जिससे यातायात बाधित हों। इसलिए जिस मार्ग से वीआईपी, वीवीआईपी प्रवास हो उस मार्ग को पहले से ही यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने व डियुटी में लगे वाहन चालको का स्वास्थ्य व चरित्र सत्यापन कराने के साथ ही पासपोंट, विजा, चरित्र सत्यापन, वीआईपी गतिविधि, सुरक्षा, फटाका, शस्त्र लायसेंस, संगठन गतिविधि, मिनट बुक आदि रजिस्टरो को अद्यतन करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा सभी को अपनी जवाबदारी एवं भूमिका का कुशल निर्वहन करने एवं वीआईपी, वीवीआईपी सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जारी दिशा-निर्देशो का पालन करने हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया। वीआईपी, वीवीआईपी प्रवास के दौरान जिले में आने वाले एवं जिले के माननीय मंत्री, विधायको की पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था ड्यूटी के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए और कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने व कार्यक्रम के शांतिपूर्ण आयोजन हेतु व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा आसूचना तंत्र मजबूत करने, असामाजिक तत्वों पर सतत निगाह रखने आवश्यक निर्देश दिए। अवैध कारोबारियो, अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली दवा एवं अन्य अवैध कार्यो में लिप्त लोगो के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करने, मजबूत सूचना तंत्र विकसित कर बेहतर पुलिसिंग करने हेतु निर्देशित किया गया।

# नगर पंचायत भिंभौरी में पीआईसी का गठन पहली बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com




नगर पंचायत कार्यालय भिंभौरी में नव निर्वाचित अध्यक्ष संदीप कुमार परगनिहा पार्षदों का शपथ ग्रहण उपाध्यक्ष निर्वाचन पुष्पा साहू और होली त्यौहार के बाद नगर विकास के लिए कामकाज प्रारंभ हो गया है अध्यक्ष के आदेशनुसार सबसे पहले मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीनिवास द्विवेदी के समक्ष प्रेसिडेंट इन काउंसलिंग सभापति का गठन किया गया पीआईसी के सभी पांच सदस्यों को विभागों का वितरण किया गया। अध्यक्ष के अध्यक्षता सभी पार्षदों के साथ प्रथम सम्मेलन का आयोजन किया गया। बैठक में सिटी डेवलपमेंट प्लान बनाने की योजना भी बनाई गई और आर्किटेक्ट के साथ मिलकर अध्यक्ष संदीप कुमार परगनिहा उपाध्यक्ष पुष्पा साहू एवं वार्ड पार्षदों के साथ मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीनिवास द्विवेदी उप अभियंता लक्ष्मी कोठारी नगर भ्रमण भी किया गया एवं साथ ही पीआईसी के पहली बैठक में नगर विकास हेतु विभिन्न योजना के लिए जैसे नगर पंचायत के मूलभूत सुविधा अटल परिसर निर्माण, बीटी रोड, सीसी रोड, नाली, बिजली, पानी, चौक चौराहे प्रवेश द्वार, तालाब सौंदर्यकरण, मुक्तिधाम सौंदर्यकरण, बाजार व्यवस्थापन, नवीन कार्यालय भवन कर्मचारी आवास जैसे विभिन्न योजनाओं पर निर्णय लिया गया। आगामी पीआईसी बैठक के लिए विभिन्न एजेंडा तैयार करने से लेकर नवरात्र प्रारंभ में नगर विकास हेतु शिलान्यास के लिए तैयारी करने परिषद की पहली बैठक में तैयारी किया जाएगा। अध्यक्ष संदीप कुमार परगनिहा ने कहा कि नगर पंचायत भिंभौरी में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनी है जिसमें सभी सभापति एवं पार्षद अपने अपने वार्ड की समस्या जिम्मेदारी के साथ पूरी ईमानदारी से कार्य करेंगे अध्यक्ष ने खुशी जाहिर की और सभी को बधाई शुभकामनाएं दी उन्होंने यह भी कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार से सभापति एवं पार्षदों से मिलकर वार्ड विकास कार्यों के लिए अनुशंसा पत्र मगाने जैसे महत्वपूर्ण निर्णय। अध्यक्ष ने कहा कि विकास कार्य करने के लिए राशि की कोई कमी नहीं होगी लोगों की हर समस्या का समाधान सरकार कर रही है। नगर पंचायत भिंभौरी में भी जनता जनार्दन के लिए विकास की कार्य योजना बनाई जाएगी।

# धोबी समाज का जिला स्तरीय संत गाडगे जयंती विवाह योग्य बेटा बेटी परिचय सम्मेलन

## सम्मान समारोह व महाअधिवेशन 26 मार्च को देवरबीजा में

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



झेरिया धोबी समाज देवरबीजा राज एवं धोबी समाज जिला बेमेतरा के तत्वाधान में जिला स्तरीय संत गाडगे जयंती, विवाह योग्य बेटा बेटी परिचय सम्मेलन, सम्मान समारोह एवं विशाल सामाजिक महाअधिवेशन का आयोजन 26 मार्च दिन बुधवार को सुबह 09 बजे से बाजार चौक देवरबीजा में रखा गया है। देवरबीजा राज के अध्यक्ष बुधराम निर्मलकर उपाध्यक्ष जनक निर्मलकर सचिव संतु राम निर्मलकर ने बताया कि जिला स्तरीय संत गाडगे जयंती, विवाह योग्य बेटा बेटी परिचय सम्मेलन, सम्मान समारोह एवं विशाल सामाजिक महाधिवेशन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल होंगे। विवाह योग्य बेटा बेटी परिचय सम्मेलन में पढ़े लिखे से लेकर अनपढ़ तक अपना परिचय देंगे। अध्यक्षता समाज के प्रदेश अध्यक्ष मनोज निर्मलकर भिलाई के द्वारा किया जाएगा।। विशिष्ट अतिथि खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, बेमेतरा विधायक दीपेश साहू साजा विधायक ईश्वर साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष अजय साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी, प्रदेश महासचिव कृष्ण कुमार निर्मलकर, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष निर्मला रजक महिला प्रकोष्ठ प्रदेश महासचिव नेमबाई रजक अति विशिष्ट अतिथि समाज के जिला अनिल रजक, जिला पंचायत उपाध्यक्ष खुशबू गोविंद पटेल, जिला पंचायत सदस्य प्रीति गोवेंद्र पटेल, जनपद सदस्य प्रेमलता मंडावी, सरपंच हेमलाल देवांगन, रजक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष लोकेश कनौजे, मुख्य चुनाव अधिकारी पी पी बलभद्र, प्रदेश कोषाध्यक्ष विजय कनौजे, प्रदेश उपाध्यक्ष चोवाराम निर्मलकर, डॉ रामकुमार निर्मलकर, सूरज निर्मलकर बस्तर, पुरुषोत्तम रजक, भोजेंद्र निर्मलकर, प्रदेश संरक्षक झड़ीराम कनौजे, महेश निर्मलकर, प्रदेश मीडिया प्रभारी कमलेश रजक, प्रदेश प्रवक्ता राजेश रजक, प्रदेश महामंत्री नरेंद्र चौधरी, प्रदेश संगठन मंत्री ललित बुंदेला, गोपाल दुर्गाशी कांकेर, बेमेतरा जिलाध्यक्ष अनिल रजक, कबीरधाम जिलाध्यक्ष हिमलेश निर्मलकर, केसीजी जिलाध्यक्ष अशोक निर्मलकर, बलौदाबाजार जिलाध्यक्ष श्रीराम रजक, दुर्ग जिलाध्यक्ष विष्णु निर्मलकर, महासमुंद जिलाध्यक्ष पंचुराम निर्मलकर, बिलासपुर जिलाध्यक्ष नरेंद्र निर्मलकर, मुंगेली जिलाध्यक्ष दिलीप रजक, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश कोषाध्यक्ष संतोषी निर्मलकर, जिला सचिव राजेंद्र निर्मलकर, जिला कोषाध्यक्ष ठाकुर राम निर्मलकर, जिला उपाध्यक्ष इंद्रासन रजक, महिला जिला अध्यक्ष कविता रजक, युवा अध्यक्ष तारकेश्वर रजक, जीवन निर्मलकर, शशि प्रकाश निर्मलकर, नारायण निर्मलकर, रामगोपाल निर्मलकर, मनमोहन निर्मलकर, नीलकंठ निर्मलकर, रामेश्वर रजक, विजय रजक, बुधारी निर्मलकर, मनहरण रजक, जगनू निर्मलकर, कुंवरसिंह निर्मलकर, सुरेश कन्नौजे, हरि निर्मलकर, पोषण निर्मलकर, दिनेश निर्मलकर, लखन निर्मलकर, सत्यनारायण सिंह रजक, भरत निर्मलकर, भागीरथी निर्मलकर, अशोक निर्मलकर, तेजराम निर्मलकर, राजेंद्र निर्मलकर खपरी, नेमचंद निर्मलकर, शिवकुमार निर्मलकर, प्रकाश निर्मलकर, नेमीराम रजक, परमानंद रजक,अनीता निर्मलकर, ज्योति निर्मलकर प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे।

# शहीद अस्पताल में 16 मार्च से 22 मार्च तक टीबी सप्ताह का आयोजन



पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

विश्वभर में 24 मार्च को विश्व क्षय दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसे मनाने का उद्देश्य टीबी के प्रति लोगो में जागरूकता बढ़ाना है। इसी विषय को लेकर शहीद अस्पताल में 16 मार्च से 22 मार्च तक टीबी सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। साप्ताहिक कार्यक्रम के रुपरेखा के अनुसार 18 मार्च को नगर पालिका परिषद् दल्लीराजहरा में शहीद अस्पताल के द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष, वार्ड पार्षद एवं जन प्रतिनिधियों के साथ एक दिवसीय चर्चा रखी गई जिसमे टीबी के फैलाव, बचाव एवं शासन द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। खासकर निक्षय मित्र योजना पर सभी ने विशेष रूचि दिखाते हुए निक्षय मित्र बनने हेतु सहमती जताई। नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू के द्वारा 01 टी बी मरीज को गोद लेने कि बात कही गई। इसी कड़ी में नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष पुरोबी वर्मा 1 भाजपा मंडल महामंत्री रमेश गुजर के द्वारा 1 मरीज, वार्ड क्र. 07 के वार्ड पार्षद वीरेन्द्र साहू के द्वारा अपने वार्ड के सभी टी बी मरीज, वार्ड क्र 03, 04, 21, 22, 26, के पार्षदों द्वारा भी मरीज को गोद लेने की बात कही है। डॉ. शैबाल जाना के द्वारा स्वच्छता मित्र महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु हेल्थ कार्ड बनाकर आवश्यक टीकाकरण जैसे हेपेटाइटिस एवं टिटनेस निःशुल्क करने की घोषणा की। नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू ने कहा कि शहीद अस्पताल द्वारा टीबी मुक्त दल्ली राजहरा के लिए किया जा रहा कार्य बहुत ही प्रशंसनीय है। शहीद अस्पताल के द्वारा 16 मार्च से 22 मार्च तक टीबी सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए मैं अस्पताल के सभी डॉक्टरों एवं कर्मचारियों को बधाई देता हूं। शहीद अस्पताल हमेशा जनहित में कार्य आगे रहता है। नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा भी आपके कार्यों का सम्मान करता है तथा जब भी आपको नगर पालिका परिषद की आवश्यकता हो हम आपके जनहित कार्य में हमेशा सहयोग करेंगे। नगर पालिका अध्यक्ष में नगर पालिका परिषद की तरफ से एक मर्च्यूरी बनाने की घोषणा की।

# तहसील साहू संघ महिला प्रकोष्ठ द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

तहसील साहू संघ महिला प्रकोष्ठ के द्वारा दल्लीराजहरा साहू सदन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तोरण लाल साहू अध्यक्ष नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा, विशेष अतिथि रेखू राम साहू, रूप लाल साहू, विजय साहू, अंजू साहू, राधा साहू, संगीता साहू, द्रौपती साहू, घना राम साहू थे। दामिनी साहू ने स्वागत भाषण दिया। भक्ति गीत रेखा साहू, निर्मला साहू, नीतू साहू, फाग गीत विमला साहू, चम्पा देवी साहू प्रस्तुत की। तोरण लाल साहू ने महिला प्रकोष्ठ को होली की शुभकामनाएं दिया तथा कहा कि होली का त्यौहार आपसी मतभेद भुलाकर आपसी भाईचारा का संदेश देता है। मंच संचालन सचिव गायत्री साहू ने की, आभार व्यक्त सह सचिव विमला साहू ने की। आयोजन में समाज की अनेक महिलाएँ उपस्थित थी।



# जेजीएम अस्पताल का यह कैसा इलाज, ठीक होने के बजाय मासूम बच्ची की हो गई मौत

## परिजनों ने हॉस्पिटल के विरुद्ध राज्यपाल कलेक्टर एसपी से की उचित जांच एवं कड़ी कार्रवाई की मांग

- बच्ची की मौत के बाद परिजनों को बहला-फुसलाकर शक्ति भेज दिया गया

पायनियर संवाददाता ➤ चांपा
www.dailypioneer.com






चांपा नगर मे स्थित जे.जी.एम. अस्पताल में एक गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है, जहां जिला शक्ति निवासी मनीष कुमार सार्वडिया और उनकी पत्नी मनीषा सार्वडिया की डेढ़ साल की मासूम बेटी अंशिका सार्वडिया की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस घटना ने अस्पताल प्रबंधक की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं और चिकित्सा व्यवस्था में व्याप्त लापरवाही को उजागर किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मनीष कुमार अपनी पत्नी और बीमार बेटी अंशिका के साथ बेहतर इलाज की उम्मीद में शक्ति से चांपा के जे.जी.एम. अस्पताल पहुंचे थे। दोपहर करीब 2:40 बजे उन्होंने अस्पताल में अपनी बेटी को भर्ती कराया। लेकिन गंभीर बीमार बच्ची को देखते हुए भी अस्पताल में मौजूद डॉक्टरों ने लापरवाही बरती। सबसे बड़ा सवाल यह है कि इलाज के दौरान अस्पताल के मुख्य चिकित्सक डॉ. सुमित गुलाबानी अस्पताल में मौजूद नहीं थे। बिना विशेषज्ञ डॉक्टर की निगरानी में बच्ची को ब्लड चढ़ाया गया, जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। जब स्थिति गंभीर हो गई, तब आनन-फानन में डॉ. गुलाबानी पहुंचे, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। मासूम अंशिका ने दम तोड़ दिया। मासूम अंशिका की असामयिक मृत्यु से उसके माता-पिता गहरे सदमे में हैं। परिजनों ने डॉक्टरों और अस्पताल प्रबंधक पर घोर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि अगर समय रहते सही देखरेख और इलाज मिला होता, तो उनकी बेटी की जान बच सकती थी। परिजनों का कहना है कि बच्ची को बिना विशेषज्ञ डॉक्टर की निगरानी में ब्लड चढ़ाना, अस्पताल में महत्वपूर्ण डॉक्टर की गैर-मौजूदगी और समय पर सही इलाज न मिल पाना, ये सभी लापरवाही के स्पष्ट प्रमाण हैं। इसके चलते परिजनों ने सक्ती कलेक्टर, सक्ती पुलिस अधीक्षक, सक्ती पुलिस एसडीओपी और थाना प्रभारी के पास जाकर शिकायत दर्ज कराकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ताकि भविष्य मे ऐसी गलती दोबारा ना हो सके। इस घटना ने अस्पताल प्रबंधक की घोर लापरवाही को उजागर कर दिया है। परिजनों के अनुसार, अस्पताल के प्रबंधकों और कुछ बाहरी दलालों की मिलीभगत से मामले को दबाने की कोशिश की जा रही थी। बच्ची की मौत के बाद परिजनों को बहला-फुसलाकर शक्ति भेज दिया गया, ताकि वे ज्यादा हंगामा न कर सकें। इस घटना ने अस्पताल की व्यवस्था और प्रशासन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस पूरे मामले की जानकारी लेने डॉक्टर सुमित गुलाबनी को फोन लगाया गया, लेकिन डॉक्टर ने फोन तक नही उठाया। इससे साफ पता चलता है कि अस्पताल प्रबंधक की लापरवाही से ही बच्ची की जान चली गई। अब देखना बाकी है कि अस्पताल प्रबंधक पर क्या कारवाही होती है।

# शासकीय लक्ष्मनेश्वर महाविद्यालय खरौद में एक दिवसीय बेबीनार आयोजित

पायनियर संवाददाता ➤ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com




शासकीय लक्ष्मनेश्वर स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरौद में "व्यक्तित्व विकास एवं रोजगार निर्माण" विषय पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय बेबीनार का गरिमामय आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ज़ी. सी. भारद्वाज की अध्यक्षता एवं क्षेत्रीय अपर संचालक उच्च शिक्षा बिलासपुर संभाग की मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस दौरान स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई छत्तीसगढ़ के इसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रोहित कुमार मिरी और डॉ. आर. ज़ी. ब्रजेश मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। प्रारम्भ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.ज़ी. सी. भारद्वाज के स्वागत भाषण और कार्यक्रम के उद्देश्य के पश्चात् डॉ. रोहित कुमार मिरी ने 'शिक्षा और रोजगार के बीच सेतु निर्माण' विषय पर अपनी महत्वपूर्ण ब्याख्यान्र दी! इस दौरान उसने शिक्षा और रोजगार के बीच स्कील की पुल बांधने की बात कही। इस कार्यक्रम को बढ़ावा देने हेतु उसने वोकेशनल ट्रेनिंग प्रोग्राम पर बल देने को कहा। उन्होंने छोटे छोटे देश ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, सिंगापुर, फिनलैंड और निदरलैंड जैसे देशों के विकास में स्कील डेवलपमेंट की बात कही। दूसरे वक्ता डॉ. आर. ज़ी. ब्रजेश ने "शिक्षा जगत में अनुसन्धान और नवाचार की भूमिका" पर अपना वक्तव्य रखते हुए कहा कि पहले लोग खाने के लिए चिंतित थे, विज्ञान का युग है! लोग शोध और नवाचार के लिए चिंतित हैं। नित नए सृजन में शोध और नवाचार की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख करते हुए उसने अमेरिका, रुष और जापान के उपलब्धि का उल्लेख किया। इस दौरान उसने एलन मास्क की उपलब्धि और टेस्ला, मेरी क्यूरी जैसे वैज्ञानिकों के अविष्कार को देश के लिए एक मजबूत आधार कहा। इस क्षेत्र में भारत के पिछड़ेपन के लिए उसने शोध और नवाचार में प्रैक्टिकल नॉलेज, शिक्षा और अनुसन्धान में कमतरता (अभाव) को जिम्मेदार माना। मुख्य अभ्यागत डॉ. प्रवीन पाण्डेय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति में कौशल विकास को प्रश्रय देने की बात करते हुए भारत की प्रतिष्ठित ज्ञान परंपरा से सीख और सबक लेने की बात करते हुए तक्षशिला और नालंदा का उदाहरण प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में शोधर्थी, विद्यार्थी और प्राध्यापक गण बहु संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रो. जी. एन. भतपरे ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# फिजियोथैरेपी में गोल्ड मेडल हासिल करने वाली बिटिया का हुआ सम्मान

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com




आंल इंडिया लीनेस क्लब्स सेवा कार्य में अग्रणी है, लीनेस क्लब सक्ती ने डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट एक डिस्ट्रिक्ट एक सेवा के तहत अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मां से बेटी सवाई अर्थात् बेटी मां से बढ़कर है, और बेटी भी एक महिला ही है, इसी के तहत सक्ती की बेटी जिसे फिजियोथैरेपी में गोल्ड मेडल पाया, उसका सम्मान मां के साथ किया, इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट एक्सक्यूटिव आफिसर डॉ शालू पाहवा ने कहा कि आज बेटियां किसी से काम नहीं है, एवं बेटियों ने पूरे देश में बड़े-बड़े पदों पर अपने हुनर से सफलता हासिल की है, तथा हमारे शक्ति की भी इस बेटी ने फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में गोल्ड मेडल हासिल कर पूरे अंचल को गौरवांनित किया है, जिसके लिए मैं इन्हें एवं उनके पूरे परिवार को बधाई देती हूं, इस दौरान प्रशासनिक सह सचिव लीनेस अनीता सिंह, पूर्व अध्यक्ष विजिया जायसवाल, क्लब सचिव भगवती देवांगन, क्लब कोषाध्यक्ष पूनम साहू, रीता राज, ललिता साहु, कलेश्वरी साहू, रामकुमार साहू, मीरा देवांगन, विनिता जायसवाल, प्रभा जायसवाल एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# महापौर के मुख्य आतिथ्य में छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल महिला संगठन एवं सप्तदेव मंदिर महिला मंडल ने धूमधाम से मनाया होली मिलन समारोह



पायनियर संवाददाता ➤ कोरबा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल महिला संगठन एवं सप्तदेव मंदिर महिला मंडल, कोरबा के संयुक्त तत्वावधान में "होली मिलन समारोह" का भव्य आयोजन सप्तदेव मंदिर परिसर में उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस रंगारंग उत्सव में कोरबा नगर पालिक निगम की नव-निर्वाचित महापौर संजू देवी राजपूत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

विशिष्ट अतिथि के रूप में अग्रवाल सभा कोरबा की पूर्व अध्यक्ष आभा अग्रवाल एवं उमा डीडवानिया ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मती सरला मित्तल ने की।

### भजन एवं रंगों से सजी

होलीसमारोह का शुभारंभ मंदिर परिसर में भजन संध्या के साथ हुआ। समिति की भजन गायिकाओं लीना अग्रवाल, सुनीता देवड़ा एवं आशा अग्रवाल ने अपनी सुमधुर वाणी से होली के फाग गीतों एवं भजनों की प्रस्तुति दी। इसके पश्चात सभी ने फूलों की होली खेलकर एवं नृत्य कर इस उत्सव का आनंद उठाया।

### 80 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं का सम्मान

समाज में वरिष्ठ महिलाओं के योगदान को सम्मानित करने की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए, समारोह में 80 वर्ष से अधिक आयु की वयोवृद्ध मातृशक्तियों का विशेष अभिनंदन किया गया। नानकी देवी अग्रवाल एवं गायत्री अग्रवाल, जो पिछले 30 वर्षों से मंदिर में नियमित रूप से उपस्थित हो रही हैं, को महापौर के कर-कमलों द्वारा फल एवं मोतियों की माला प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस भावनात्मक पहल की सभी उपस्थित जनों ने भूरी-भूरी प्रशंसा की।

### महापौर का आध्यात्मिक भाव एवं उद्बोधन

महापौर संजू देवी राजपूत ने अपने उद्बोधन में कहा कि चुनाव से पूर्व उन्होंने मंदिर आकर रानी सती दादी एवं श्याम बाबा के समक्ष मन्नत मांगी थी, और उनके आशीर्वाद से ही वे भारी मतों से विजयी हुईं। इस अवसर पर उन्होंने भगवान के दर्शन कर कृतज्ञता व्यक्त की और नगर के समृद्धि एवं विकास की कामना की।

### 200 से अधिक महिलाओं की गरिमामयी उपस्थिति

इस भव्य आयोजन में छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल महिला मंडल एवं सप्तदेव मंदिर महिला मंडल की 200 से अधिक महिलाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। मुख्य रूप से उपस्थित गणमान्य महिलाओं में विद्या अग्रवाल, प्रेमा अग्रवाल, उमा बंसल, संतोष देवी अग्रवाल, बिमला देवी, किरण मोदी, शिखा मोदी एवं अंकिता मोदी आदि शामिल थीं। स्वादिष्ट प्रसाद एवं पारंपरिक व्यंजन-समारोह के समापन पर भगवान को भोग अर्पित किया गया, जिसके बाद सभी महिलाओं ने गरमा-गरम जलेबियों, पकौड़ियों, मिर्ची भजिए एवं ठंडाई का आनंद लिया। इस उत्सव ने भक्ति, उल्लास और समरसता के संगम को सजीव कर दिया, जिससे सभी उपस्थित जनों के मन में अमिट यादें बस गईं।

# सेवानिवृत प्राचार्य पेंशन के लिए 5 साल से काट रहें कार्यालयों के चक्कर

## आर्थिक तंगी से जुझ रहा है परिवार

पायनियर संवाददाता ➤ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

पेंशन प्रकरण की संपूर्ण कार्यवाही को गत 5 मार्च 2025 को पूर्ण कर देने तथा 15 दिनों के बीत जाने के बाद भी अभी तक दावों के निराकरण में विलंब किए जाने का तथ्य प्रकाश में आया है। इस संबंध में प्राप्त विस्तृत जानकारी के अनुसार शासकीय लक्ष्मणेश्वर स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरौद से जून 2020 में सेवानिवृत हुए प्राचार्य, स्थानीय निवासी डॉक्टर ए आर बंजारे का प्रकरण पौने 5 वर्ष होने को है किंतु आयुक्त तथा सचिव उच्च शिक्षा विभाग संचालनालय, मंत्रालय रायपुर के द्वारा त्वरित निराकरण नहीं करने का तथ्य प्रकाश में आया है। इस संबंध में आवेदक के परिवार के लोगों और घर की आर्थिक स्थिति से तंग होने का प्रकरण सामने आया है। कोष लेखा एवं पेंशन संभागीय कार्यालय बिलासपुर और कोषालय जांजगीर इन दोनों के बीच डॉक्टर बंजारे का प्रकरण पेंडुलम की तरह लटका पड़ा हुआ है। डॉक्टर बंजारे ने इस संवाददाता को बताया कि तंग आकर उन्होंने छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को दिनांक 13 फरवरी को पत्र भेज कर अवगत करा दिया है, ताकि, कार्यवाही जल्द से जल्द हो जाए लेकिन लगभग 1 महीने के बीत जाने के उपरांत भी अभी तक कार्यवाही लंबित ही पड़ी हुई है। जो कि उच्च शिक्षा विभाग की लचर स्थिति को दर्शाता है। डॉक्टर बंजारे का कहना है कि वे इस स्थिति से संभागीय कार्यालय कोष लेखा एवं पेंशन बिलासपुर तथा कोषालय जांजगीर में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अवगत करा दिया है फिर भी उनका पेंशन प्रकरण लंबित है, शासन को चाहिए कि लंबित लगभग पौने 5 साल के प्रकरण का निराकरण शीघ्र ही कर दे।

# राज्यपाल रमेन डेका ने ली जिले के प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल रमेन डेका ने सक्ती जिला प्रवास के दौरान कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रशासनिक अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में राज्यपाल रमेन डेका ने सभी प्रशासनिक अधिकारियों को प्रकृति को सहेजने और भू-जल स्तर को बढ़ाने के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण करने कहा। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को पर्यावरण और जल संरक्षण की दिशा में प्रभावी कदम उठाये जाने के निर्देश दिए। बैठक में राज्यपाल रमेन डेका द्वारा विभिन्न विभाग अंतर्गत एजेंडावार सभी बिंदुओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। राज्यपाल रमेन डेका की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में सर्वप्रथम कलेक्टर अमृत विकास तोपनो और पुलिस अधीक्षक द्वारा बुके भेट कर स्वागत किया गया द्य बैठक में राज्यपाल द्वारा सर्वप्रथम जल जीवन मिशन अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों की जानकारी ली गई। राज्यपाल द्वारा जिले में कार्यरत भारत वाहिनी समूह के वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गई तथा भारत वाहिनी समूह और पुलिस विभाग को आपसी समन्वय से विभिन्न गतिविधियों को सुव्यवस्थित ढंग से करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस विभाग को नशा, मद्यपान व नशीली सिरप के उपयोग के रोकथाम के लिए कार्य करने के निर्देश दिए। राज्यपाल द्वारा जिले में कार्यरत स्व-सहायता समूह की भी जानकारी ली गई तथा स्व-सहायता समूह के उत्पाद के विक्रय के लिए संबंधित अधिकारियों को मार्केटिंग पर भी फोकस करने कहा। उनके द्वारा शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की जानकारी संबंधित अधीकारियों से लेते हुए सुव्यवस्थित ढंग से स्वच्छता संबंधी कार्यों को करने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने आयुष विभाग के अधिकारी को योग का शिविर ज्यादा से ज्यादा आयोजित कर आमजन को योग के लिए जागरुक करने कहा द्यराज्यपाल रमेन डेका ने जिले में शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन, जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यों एवं अभियान के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने जिले में पर्यावरण संरक्षण के माध्यम से प्रकृति का संतुलन बनाए रखने, जल संचयन को बढ़ाने, पर्यटन को बढ़ावा देने, टीबी उन्मूलन, जैविक खेती, रेडक्रास, स्वच्छ भारत मिशन, असहाय, परित्यक्ता एवं वृद्धजनो की सहायता करने, सड़क दुर्घटना के रोकथाम हेतु प्रभावी कदम उठाने, मादक पदार्थों के परिवहन, विक्रय, भंडारण को प्रतिबंधित करने जैसे अन्य विषयों का धरातल पर उचित क्रियान्वयन करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए।

# जिले में पहुंचे राज्यपाल ने किया प्रधानमंत्री आवास का निरीक्षण गांव पहुंचे महामहिम ने गुणवत्ता पूर्वक निर्माण के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



जिले में पहुंचे छत्तीसगढ़ के महामहिम राज्यपाल रमन डेका ने शक्ति विकासखंड के ग्राम- सकरेली बाराद्वार में पहुंचकर प्रधानमंत्री आवास का निरीक्षण किया, इस दौरान राज्यपाल ने जहां गुणवत्ता पूर्वक निर्माण के निर्देश दिए तो वहीं पीएम आवास के अनेकों हितग्राहियों के घर स्वयं राज्यपाल पहुंचे जहां उन्होंने लोगों से प्रधानमंत्री आवास मिलने पर उसका अनुभव जाना तथा उनसे चर्चा भी की, पहली बार ऐसा देखने को मिला कि किसी संवैधानिक पद पर बैठे राज्यपाल महोदय द्वारा स्वयं केंद्रीय योजनाओं का जाकर निरीक्षण किया गया एवं केंद्रीय योजनाओं को तकनीकी प्राक्कलनों के अनुरूप निर्माण करने के निर्देश भी जारी किये, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका नवगठित जिला सक्ती के प्रवास पर पहुंचे। राज्यपाल रमेन डेका के कलेक्टर कार्यालय जेठा, सक्ती पहुचने पर कलेक्टर-एसपी द्वारा बुके भेंटकर स्वागत किया गया। इस दौरान उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी भी दी गई। राज्यपाल रमेन डेका ने इस दौरान कलेक्टर कार्यालय परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत मौलश्री का पौधा लगाए। इस दौरान उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और धरती को हरा भरा बनाने सभी को अपने आसपास ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कलेक्टर अमृत विकास तोपनो, जिला पंचायत सीईओ वासु जैन, पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, डीएफओ प्रियंका पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे, छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल रमेन डेका ने सक्ती जिला प्रवास के दौरान ग्राम सकरेली (बा) पहुंचकर प्रधामंत्री आवास योजना के कार्यों का औचक निरिक्षण किया। राज्यपाल रमेन डेका प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित विभिन्न हितग्राहियों के घर स्वयं पहुंचे। राज्यपाल को अपने गाँव में देख विभिन्न ग्रामीण, महिलाए, बुजुर्ग व बच्चे बहुत ही उत्साहित दिखे। राज्यपाल ने विकासखंड सक्ती के ग्राम सकरेली (बा) में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही दाऊराम राठौर और नवधा राठौर के पक्के आवास का निरिक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने रामाशंकर चौहान के निर्माणाधीन आवास निर्माण कार्य का भी निरिक्षण करते हुए गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य करने के निर्देश दिए।

## गृहमंत्री विजय शर्मा से मांगा जवाब

# विधायक व्यास कश्यप ने विधानसभा में उठाया साइबर टीम ने अवैध वसूली का मामला

पायनियर संवाददाता ➤ चांपा
www.dailypioneer.com



चांपा में साइबर टीम द्वारा सटटा के मामले में अवैध वसूली और जबरन दबाव बनाने के गंभीर आरोपों को लेकर विधानसभा में क्षेत्रीय विधायक व्यास कश्यप ने बड़ा सवाल खड़ा किया। विधायक ने गृहमंत्री विजय शर्मा से इस पूरे मामले पर जवाब मांगा और कहा कि साइबर टीम द्वारा सट्टा के नाम पर वसूली का खेल खुलेआम चल रहा है। विधायक ब्यास कश्यप ने अपने प्रश्न में बताया कि साइबर टीम ने एक युवक को उसके घर से उठाकर 4 लाख 30 हजार रुपये जब्त किए थे, लेकिन मामला केवल 1 लाख रुपये का बताया गया। इसके अलावा, घटना स्थल को भी गलत स्थान बताया गया, जबकि सीसीटीवी फुटेज में स्पष्ट दिख रहा है कि युवक को उसके घर से ले जाया गया था और रकम भी घर से बरामद हुई थी। विधायक ने आरोप लगाया कि साइबर टीम ने युवक के साथ मारपीट कर किसी अन्य व्यक्ति का नाम लेने के लिए दबाव डाला। इतना ही नहीं, युवक के बड़े भाई के पास जाकर अवैध वसूली करने के भी आरोप लगे हैं।

विधायक ने कहा कि इस तरह की घटनाओं से जिले में पुलिस की छवि धूमिल हो रही है और जनता का पुलिस पर से भरोसा उठ रहा है। इस मामले में पीड़ित युवक की महिला परिजन ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। महिला की शिकायत पर चांपा एसडीओपी को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है, लेकिन जांच की रफ्तार इतनी धीमी है कि इस पर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि पुलिस के अधिकारियों को बचाने के लिए जांच को जान बूझकर धीमा किया जा रहा है और मामले को ठंडे बस्ते में डालने की तैयारी हो रही है।

अब इस मामले को विधानसभा में उठाए जाने के बाद पूरे जिले में हलचल मच गई है। लोगों को गृहमंत्री विजय शर्मा से उम्मीद है कि इस मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी और दोषियों को कड़ी सजा मिलेगी। विधायक ब्यास कश्यप के सवाल के बाद अब देखना होगा कि सरकार इस मामले में क्या कदम उठाती है।

# ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना में छूटे पात्र हितग्राहियों की सर्वे जल्दी कराई जाए

- जनपद अध्यक्ष पुष्पा -परदेशी खुंटे ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित कलेक्टर को लिखा पत्र

पायनियर संवाददाता ➤ जैजैपुर
www.dailypioneer.com



जनपद अध्यक्ष पुष्पा परदेशी खुंटे ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जैजैपुर सहित कलेक्टर को पत्र लिखकर अपने जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) आवास प्लस 2.0 हेतु सर्वे कराने की बात कही है। जनपद अध्यक्ष पुष्पा खुंटे ने इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जैजैपुर को लिखे अपने पत्र में बताया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत 2024- 25 में आवास प्लस 2.0 ऐप के माध्यम से छूटे हुए पात्र परिवारों का सर्वेक्षण मार्च 2024 तक पूर्ण किया जाना है। लेकिन जनपद पंचायत जैजैपुर अंतर्गत किसी भी ग्राम पंचायतों में इस हेतु ना तो प्रचार-प्रसार किया जा रहा है और न हीं ग्राम पंचायतों में मुनादी कराई गई है। इसके चलते जैजैपुर जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत आने वाले 78 ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित हजारों पात्र हितग्राही वंचित ही रह जाएंगे। ऐसे में उन्होंने अपने जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण हेतु छूटे हुए पात्र हितग्राहियों की सर्वे कराने की मांग की है।

# सब्जी बाड़ी के कार्य से बदली खैरवाही के महिलाओं की जीवन की कहानी

## घर की चारदिवारी से निकलकर अब खुद को बना रहीं हैं आत्मनिर्भर




पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

यह कहानी बालोद जिले के के छोटे से गांव खैरवाही की है। जहाँ सीमित अवसरों और संसाधनों के बीच गांव की कुछ महिलाओं ने अपने घर की चार दिवारी से निकलकर अपने जीवन की कहानी को एक नया मोड़ दिया है। इन महिलाओं ने सब्जी बाड़ी के कार्य को चुनकर अपने जीवन को आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण की राह पर लाया है। गुरुर ब्लॉक के ग्राम खैरवाही की कमला स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने गॉव में की जा रही पारम्परिक रूप से धान की खेती से हटकर सब्जी बाड़ी के कार्य को चुना। जिससे उन्हें अब प्रतिमाह बेहतर आय अर्जित हो रहा है, वे अब अपनी जरूरतों के साथ ही घर का खर्च भी वहन करने में सक्षम हुई हैं। कमला स्वसहायता समूह की सीता साहू ने बताया कि उनके समूह में कुल 10 महिलाएं हैं। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़कर अपने समूह को सशक्त बनाने का कार्य किया है। घरेलु महिलाओं को घर से बाहर ले जाने के साथ ही उन्हें बैंक से ऋष्टा लेना, गॉव में कृषि भूमि, सिंचाई का साधन, सब्जी की बुआई, उत्पादन सहित विक्रय हेतु सब्जी मण्डी तक परिवहन का कार्य करना, यह सब कार्य उन्होंने बिहान से जुड़कर सीखा है, जिससे उनके जीवन की कहानी में सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता एक नया अध्याय जुड़ा है।

### धमतरी और चारामा मंडी में करते है विक्रय

समूह की महिलाओं ने बताया कि उन्होंने सब्जी बाड़ी के कार्य की शुरूआत छोटे स्तर से की थी, लेकिन समय के साथ वे लगभग 23 एकड़ कृषि भूमि में खेती का कार्य कर रहीं हैं। जिसके लिए उन्होंने गॉव के अन्य लोगों को भी काम पर रखा हुआ है। उन्होंने बताया कि मौसम के आधार पर वे सब्जी की फसल का उत्पादन करती हैं, जिससे उन्हें अच्छा उत्पादन और बेहतर मुनाफा होता है। पहले वे आसपास के बाजार में सब्जियों का विक्रय करते थे, लेकिन अब उत्पादन अधिक होने से बालोद सहित धमतरी और चारामा के सब्जी मंडी में भी उत्पादित सब्जियों का विक्रय करते हैं। वर्तमान में उनके द्वारा भिण्डी, कुम्हड़ा, लौकी, गोभी, ककड़ी आदि का उत्पादन किया जा रहा है।

### महिलाओं को सशक्त बनाने का किया जा रहा प्रयास

समूह की सदस्य सीता साहू ने बताया कि उनके समूह की सभी महिलाओं को प्रतिमाह महतारी वंदन योजना का भी लाभ मिल रहा है। जिससे उन्हें अपने कार्य को निरंतर ही बेहतर ढंग से करने के लिए प्रोत्साहन मिल रहा है। महिलाओं ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय प्रदेश में महिलाओं के हित में बेहतर कार्य कर रहे हैं। हम महिलाओं को सशक्त बनाकर लखपति दीदी बनाने का कार्य किया जा रहा है। समूह की सदस्यों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे महिलाओं को आगे बढ़ाने व प्रोत्साहित करने के लिए बेहतर कार्य कर रहे हैं। जिला पंचायत सीईओ डॉ. संजय कन्नौजे ने बुधवार को महिलाओं द्वारा किए जा रहे सब्जी बाड़ी उत्पादन के कार्य का जायजा लिया। उन्होंने महिलाओं द्वारा उत्पादित सब्जी का अवलोकन कर उसकी सराहना की। डॉ. कन्नौजे ने कहा कि जिले में मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत महिलाओं को समय समय पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है तथा उन्हें आजीविकामूलक गतिविधियों से जोड़कर सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

# नवनिर्वाचित सरपंचों को बताई गई पंचायत राज व्यवस्था की बारीकियां

## एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम संपन्न

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com



पंचायती राज व्यवस्था की व्यापक जानकारी देकर प्रभावी नेतृत्व प्रदान करने के उददेश्य से जिले के विकासखंड कसडोल अंतर्गत नवनिर्वाचित सरपंचों के लिए एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत संसाधन केंद्र मे किया गया। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्या अग्रवाल ने विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की और उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया। इसके साथ ही विशेषज्ञ प्रशिक्षकों के द्वारा सरपंचों को पंचायत संचालन, प्रशासनिक प्रक्रियाओं, वित्तीय प्रबंधन और ग्रामीण विकास से संबंधित विषयों पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिए गए। इस अवसर पर जिला समन्वयक मुरलीकांत यदु सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं बड़ी संख्या मे सरपंचगण उपस्थित थे।

# सीईओ जिला पंचायत ने निर्माणाधीन पीएम आवास का किया निरीक्षण, तेजी से निर्माण कार्य पूरा करने दिये निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com



सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल ने गत दिवस बलौदाबाजार जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत कोकड़ी और दशरमा क़ा दौराकर प्रधानमंत्री आवास योजना( ग्रामीण ) अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया। उन्होंने हितग्राहियों एवं सम्बंधित कर्मचारियों क़ो तेजी से आवास निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिये। सीईओ जिला पंचायत के द्वारा हितग्राही सोहन दास, सेवती बाई, जोधराम, सेवक राम मानिकपुरी के द्वाराप्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत बनाए जा रहे। आवासो का निरीक्षण किया गया। पंचायतों में कुछ हितग्राहियों को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से सेंट्रिंग प्लेट प्रदान किया गया है। इस दौरान जनपद सीईओ फकीरचरण पटेल, कार्यक्रम अधिकारी अविनाश पैंकरा, ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर पूजा केरकेट्टा, सब-इंजीनियर, तकनीकी सहायक, सरपंच, रोजगार सहायक, आवासमित्र, सक्रिय महिला उपस्थित रहे।

# जल संरक्षण हेतु सामूहिक भागीदारी से खैरवाही के नाला में किया गया बोरी बंधान का कार्य

## जिला पंचायत सीईओ सहित अधिकारी, कर्मचारियों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने किया श्रमदान



पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

जिला प्रशासन बालोद द्वारा जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु लोगों को जागरूक करने चलाए जा रहे जल जतन अभियान के अंतर्गत जल जतन पखवाड़ा का आयोजन कर जिले भर में विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत बुधवार को जिले के गुरूर ब्लॉक के ग्राम खैरवाही स्थित नाला में जल संरक्षण हेतु बोरी बंधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। बोरी बंधान कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, बिहान की महिलाए और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी सामूहिक भागीदारी निभाते हुए बोरी में रेत भरकर उसे नाला में बांधने का कार्य किया। इससे अब नाला में बह रहे पानी को उपयुक्त मात्रा में रोककर उसका उपयोग किया जा सकेगा। जिससे भूजल स्तर में भी काफी बढ़ोत्तरी होगी।

### हमें पानी का उपयोग और बचत के बारे में सोंचना चाहिए : डॉ. कन्नौजे

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले पीढ़ी के बेहतर भविष्य के लिए पानी का संरक्षण एवं संवर्धन बहुत जरूरी है। इसके लिए जिला प्रशासन बालोद द्वारा जिले में 12 मार्च से 21 मार्च तक जल जतन अभियान के अंतर्गत जल जतन पखवाड़ा चलाया जा रहा है। इस दौरान जन सहयोग एवं विभिन्न विभागों के सामूहिक भागीदारी से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर ग्रामीणों को पानी के संरक्षण एवं संवर्धन के उपायों की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने पानी के महत्व की जानकारी देते हुए हर घर में सोख्ता गड्ढा का अनिवार्य रूप से निर्माण करने तथा बारिश के दिनों में बहने वाले पानी के लिए रैन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को धरातल में लाने की बात कही। उन्होंने कहा कि हमें पानी का उपयोग और पानी के बचत के बारे में सोंचना चाहिए, जिससे आने वाली पीढ़ी के बेहतर भविष्य को पेयजल संकट का सामना न करना पड़े। कार्यक्रम में बिहान की महिलाओं द्वारा जल संरक्षण के संबंध में नुक्कड़ नाटक एवं गीत-संगीत की प्रस्तुति भी दी गई। इस अवसर पर उप संचालक पंचायत आकाश सोनी, जनपद पंचायत गुरूर के सीईओ उमेश रात्रे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, ग्राम पंचायत के पदाधिकारी, बिहान की महिलाएं और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# खुशबू साहू का चयन ऑल इंडिया बाल बैंडमिंटन प्रतियोगिता तामिलनाडू में

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय की बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा कु. खुशबू साहू का चयन ऑल इंडिया बाल बैंडमिंटन प्रतियोगिता तामिलनाडू में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर की टीम के लिए हुआ है। 19 से 24 मार्च तक पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर में प्रशिक्षण होगा एवं 25.03.2025 को टीम तामिलनाडू के लिए रवाना होगी। कु. खुशबू साहू 2024-25 में 69जी राष्ट्रीय बॉल बैंडमिंटन प्रतियोगिता नागपुर में भी अपने खेल का अच्छा प्रदर्शन किया था। अत्यंत हर्ष की बात है कि खुशबू साहू का पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय टीम में चयनित होने पर महाविद्यालय परिवार गौरान्वित हो गया है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वासु वर्मा, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. सुलेखा राउत, एवं समस्त महाविद्यालयीन परिवार ने कु. खुशबू साहू को पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर की टीम के लिए चयन होन पर बधाई दी।

# ऑल इंडिया लीनेस क्लब द्वारा मणी कंचन केंद्र की बहनों को होली मिलन पर दिया उपहार



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ऑल इंडिया लीनेस क्लब बेमेतरा प्रेरणा के द्वारा मणी कंचन केंद्र की बहनों को होली मिलन के अवसर पर उपहार दिया गया एवं गुलाल लगाकर उनका मुंह मीठा कराया गया तथा स्वच्छता अभियान के तहत कार्य कर रही हमारी बहनों का उत्साह वर्धन बढ़ाया गया मणी कंचन केंद्र की बहनों ने कहा कि आपके द्वारा हर वर्ष महिला दिवस या होली मिलन में हमारा सम्मान किया जाता है तो हमें बहुत ही अच्छा महसूस होता है और हम गौरवान्वित महसूस करते हैं कि हम एक सफाई की ओर अच्छा कार्य कर रहे हैं अगर महिलाएं करना चाहे तो और भी आगे बढ़कर कार्य कर सकती है इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष रामेश्वरी साहू चार्टर अध्यक्ष विनोद राघव उपाध्यक्ष शारदा तिवारी सचिव निधि बनाफर कोषाध्यक्ष उमा तिवारी बेबी साहू सीमा साहू व सदस्य गण उपस्थित रहे।

# ईको क्लब द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



यूथ एवं ईको क्लब के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु मिडिल स्कूलों के ईको क्लब प्रभारियों/ विज्ञान शिक्षकों का विकासखंड स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण स्थान- शासकीय हाई स्कूल झिलमिला, में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस विकासखंड स्त्रोत केन्द्र समन्वयक सतीश स्वरुप पटेल ने प्रशिक्षण में उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी विद्यार्थियों को सीखने का अवसर देना जरूरी है। विद्यार्थियों को समूह में कार्य करने के अवसर मुहैया कराने से उनका सीखना तेज होता है इसलिए यह क्लब काफ़ी लाभदायक सिद्ध होता है। इसके साथ ही उन्होंने विभागीय योजनाओं के संबंध में जानकारी दी और निष्ठा, लगन और सकारात्मकता के साथ स्कूलों में टीम भावना से कार्य करने प्रशिक्षणार्थियों को प्रेरित किया। जिला स्तर से प्रशिक्षित कुशल प्रशिक्षक (बीआरजी) के रूप में यशवन्त कुमार चौधरी, चंद्रभानु पटेल, कनकलता राजहंस, संगीता पंडा आदि ने प्रशिक्षणार्थियों को यूथ एवं ईको क्लब के संबंध में संदर्शिका अनुसार प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रभावी प्रशिक्षण दिया। ट्रेनर टीम द्वारा विभिन्न गतिविधियों से अभ्यास कराते हुए नवाचार हेतू प्रेरित किया गया। खासकर वृक्षारोपण, बागवानी, पोषण वाटिका निर्माण, सीड बॉल निर्माण एवं फैलाव आदि के साथ थ्री आर पद्धति, प्लास्टिक के प्रकार एवं उपयोग संबंधी जानकारी/ सुझाव दिया गया और ग्रुप एक्टिविटी से सीख ली गई। प्लास्टिक साक्षरता के तहत - मानव स्वास्थ्य पर प्लास्टिक का प्रभाव,प्लास्टिक जलाने के दुष्प्रभाव, महासागर पर प्लास्टिक से उत्पन्न प्रभाव, प्लास्टिक/कचरा व्यवस्थापन के मुख्य थ्री आर. रिड्यूस, रियूज, रिसायकल, प्लास्टिक के स्थान पर उसके विभिन्न विकल्पों की जानकारी दी गई और पेपर बैग बनाना सिखाया गया तथा स्कूल पोषण वाटिका को स्कूली विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया गया। समृद्ध एवं स्वस्थ जीवनशैली, पर्यावरणीय अनुकूलन आधारित कार्य हेतू एवं अनुभव आधारित शिक्षा के लिए ईको क्लब एक्टिविटी जैसे पर्यावरण संवर्धन हेतु बीज संग्रहण, वृक्षारोपण, कचरों के संग्रहण व सुरक्षित निपटान आदि को जरूरी बताया गया। जल संरक्षण, पर्यावरण प्रदूषण की रोकथाम, प्रकृति अध्ययन, स्वच्छता जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला गया। स्कूलों में यूथ क्लब के तहत बच्चों में जीवन जीने का कौशल, आत्मसम्मान एवं आत्मविश्वास, लीडरशिप विकसित करने तथा तनाव, भय एवं संकोच जैसे मनोविकारों को दूर कर सोच में लचीलापन विकसित करने के उद्देश्य आवश्यक बताया गया वहीं ईको क्लब के तहत बच्चों को अपने आसपास के पर्यावरण एवं जैव-विविधता के प्रति जागरूक एवं संवेदनशील बनाने तथा पर्यावरणीय गतिविधियों एवं प्रोजेक्ट्स पर कार्य करने के लिए सक्षम बनाने ज़रूरी बताया गया।

# जनपद पंचायत के सामने सचिव संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी




पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

प्रदेश पंचायत सचिव संघ के आह्वान पर जनपद मुख्यालय में सचिव संघ द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है इस संबंध में सचिव संघ के अध्यक्ष नेहरू पटेल ने कहा कि विधानसभा चुनाव वर्ष 2023-24 में साय सरकार ने सभी पंचायत सचिवों के शासकीय करण को मोदी की गारंटी के तहत् अपने घोषणा पत्र में रखा था विगत माह 7-7-2024 को इंडोर स्टेडियम रायपुर के सभागार में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा घोषणा किया गया था कि 30 दिवस के भीतर समिति गठित कर पंचायत सचिवों का शासकीय करण किया जाएगा परंतु साय सरकार के लगभग डेढ़ वर्ष बीत जाने के उपरांत भी वर्तमान बजट सत्र में सचिवों के संबंध किसी प्रकार का कोई पहल नहीं किए जाने से पूरे प्रदेश के पंचायत सचिव क्षुब्ध एवं आक्रोशित हैं और खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।

# मजदूर संघ के जिला मंत्री मुश्ताक अहमद के नेतृत्व में केन्द्रीय वित्त मंत्री के नाम जिलाधीश को सौंपा गया ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com




भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री मुश्ताक अहमद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर 18 मार्च को पूरे प्रदेश में केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नाम का ज्ञापन जिलाधीश के माध्यम से सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से वित्त मंत्री को बताया है कि भारतीय मजदूर संघ की अखिल भारतीय कार्य समिति बैठक 10-12 फरवरी को गुवाहाटी में संपन्न हुई थी इस बैठक में भारत सरकार का केन्द्रीय बजट 2025-26 पर प्रस्ताव पारित किया गया था। भारत सरकार द्वारा 1 फरवरी 2025 को प्रस्तुत बजट में जहां आयकर सीमा बढ़ाकर कर्मचारी जगत को राहत दी गयी है। वही डेयरी उद्योग, मत्सय उद्योग, गिग वर्कर एवं लघु उद्योगो को भी राहत प्रदान की है। वरिष्ठ नागरिकों को भी टीडीएस द्वारा राहत देकर उनका सम्मान किया गया है। कैंसर जैसी बीमारी की दवा पर आयात शुल्क में छूट देकर राहत दी गई है, वहीं स्टार्टअप चमड़ा उद्योग ढांचागत विनिर्माण के माध्यम से रोजगार सृजन की दिशा का महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है जिसका यह कार्य समिति स्वागत करती है। किन्तु वित्त मंत्री को 6 जनवरी 2025 को बजट पूर्व बैठक में भारतीय मजदूर संघ द्वारा दिये गये सुझावों पर अपेक्षा के अनुरूप पूरी तरह कार्यवाही नहीं की गई। कार्यसमिति यह अनुभव करती है कि प्रस्तुत बजट से ईपीएस 95 के 75 लाख से अधिक पेंशनर्स युग में को कई राहत नहीं दी गई, जिससे उनमें घोर निराशा व्याप्त है क्योंकि इस मंहगाई के 1000 रूपये से जीवन निर्वाह करना कल्पनातीत है। स्कीम वर्कर जैसे आंगनवाड़ी, आशा, मिड डे मील के साथ-साथ असंगठित जैसे बीड़ी, प्लांटेशन, चाय बागान मजदूर, कृषि मजदूर एवम् खनन मजदूरों की भी उपेक्षा की गई है। सरकार ने प्रस्तुत बजट में वर्ष 2030 तक एसेट मोनेटाईजेशन के माध्यम से 10 लाख करोड़ रूपये जुटाने का लक्ष्य तय किया है। वहीं जीवन बीमा निगम में 100 प्रतिशत विदेशी निवेश की अनुमति देकर सार्वजनिक सम्पत्ति की बिक्री का मार्ग खोलकर जले पर नमक छिड़का है और सरकार का यह कदम आत्मर्निभर भारत की अवधारण पर चोट है। भारतीय मजदूर संघ की 158 वीं कार्यसमिति में निम्न प्रस्ताव पारित किए गए थे और भारत सरकार से यह मांग किया गया था कि इन प्रस्तावों को वित्तमंत्री के अवलोकनार्थ एवं क्रियान्वयन के भेजा जा रहा है। ईपीएस 95 की न्यूनतम पेंशन रूपये 5000 तत्काल की जाये व अंतिम तौर पर वेतन का 50 प्रतिशत मंहगाई राहत पेंशन का भुगतान किया जाये। ईपीएफ की वेतन सीमा 15000 रूपये से बढ़ाकर 30000 रूपये और ईएसआईसी की वेतन सीमा 21000 रूपये से बढ़ाकर 42000 रूपये की जाये। सार्वजनिक सम्पत्ति की बिकी पर तत्काल रोक लगाई जाये। बीमा / वित्तीय क्षेत्र में 100 प्रतिशत विदेशी निवेश पर रोक लगाई जाये। स्कीम वर्कर्स को सरकारी कर्मचारियों के समान वेतन एवं सामाजिक सुरक्षा दी जाये। असंगठित क्षेत्र हेतु पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करवाई जाये। ज्ञापन सौंपने में मुख्य रूप से जिला मंत्री मुश्ताक अहमद, राष्ट्रीय मंत्री आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ आयशा खान, प्रदेश महामंत्री माधुरी रथ, खदान मजदूर संघ भिलाई के अध्यक्ष लखन लाल चौधरी, कुलेश्वरी साहू, कमला चन्द्राकार, मीना बाई, सुनीता साहू, लक्ष्मी बाई,राधीका साहू, विद्या गुप्ता एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# जिलेवासियों से अपील, लू से बचने के लिए सतर्कता बरतें

पायनियर संवाददाता ∢ कवर्धा
www.dailypioneer.com




ग्रीष्म ऋतु के मौसम में तापमान में वृद्धि के साथ भीषण गर्मी और तेज धूप से लू लगने की आशंका बढ़ गई है। इस संबंध में जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी. एल. राज ने समस्त जिलेवासियों से सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्होंने बताया कि जैसे-जैसे मौसम में बदलाव हो रहा है, तेज धूप और गर्मी के प्रभाव से शरीर का तापमान अनियंत्रित होकर अत्यधिक बढ़ सकता है, जिससे लू लगने या हीट-स्ट्रोक जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

लू लगने के कारण शरीर में पानी और खनिज लवण की कमी हो जाती है, जो खतरनाक और जानलेवा साबित हो सकता है। डॉ. राज ने कहा कि इस समय ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोग दिन-रात खेतों में काम, खरीदारी और अन्य कार्यों के लिए बाहर जा रहे हैं, लेकिन वे पर्याप्त मात्रा में पानी या अन्य पेय पदार्थ साथ नहीं ले जाते, जिसके कारण निर्जलीकरण का शिकार हो जाते हैं। निर्जलीकरण से समय पर उपचार न मिलने पर मरीज की स्थिति गंभीर हो सकती है।

### लू से बचाव के उपाय

इस संबंध में जिले के नोडल अधिकारी (आई.डी.एस.पी.) डॉ. केशव ध्रुव ने बताया कि जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों, जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और उपस्वास्थ्य केंद्रों में लू से बचाव और उपचार के लिए जीवन रक्षक दवाइयां और ओआरएस पैकेट उपलब्ध हैं। लू से बचने के लिए जन सामान्य से अपील की जाती है कि जब भी बाहर जाएं, तो पर्याप्त मात्रा में पानी और अन्य पेय पदार्थ जैसे नींबू पानी, मट्ठा, जलजीरा, पना आदि का सेवन करें। साइकिल, स्कूटी, मोटरसाइकिल पर चलते समय सिर और कानों को मुलायम कपड़े से ढकें, चश्मा और टोपी पहनें। बीच-बीच में छायादार स्थान पर रुक कर विश्राम करें। ताजे फल, फलों का जूस और ओआरएस घोल का सेवन करें।

### ओआरएस का महत्व

यदि ओआरएस पैकेट उपलब्ध न हो, तो एक गिलास पानी में एक चम्मच शक्कर, एक चुटकी नमक और कुछ बूँदें नींबू का रस मिलाकर घोल तैयार करें और उसे पिएं। इससे शरीर में पानी और खनिज लवण की कमी को पूरा किया जा सकता है।

### चेतावनी, लू का उपचार जरूरी

यदि शरीर से पसीना कम आ रहा हो, पेशाब में कमी हो, या बुखार की स्थिति हो, तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर चिकित्सकीय सलाह लें। लू लगने से बचाव ही सबसे बेहतर उपाय है। इस गर्मी में सभी जिलेवासी अपनी सुरक्षा का ध्यान रखें और स्वास्थ्य संबंधी किसी भी समस्या के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें।

# सकुशल पहुंची सचखंड नान्देड़ साहिब यात्रा

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ सिख संगठन द्वारा श्री हजूर साहिब नांदेड़ एवं गुरुद्वारा नानक झीरा बिदर की निशुल्क धार्मिक यात्रा 12 मार्च को रायपुर के स्टेशन रोड स्थित गुरुद्वारा से रवाना हुई थी। प्रदेश अध्यक्ष दलजीत सिंह चावला, संस्थापक हरपाल सिंह भामरा के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के सिख, सिंधी एवं हिंदू श्रद्धालु लगभग 1200 संगत इस यात्रा का हिस्सा बने, जिसमें 13 बसें एवं 4 ट्रक की व्यवस्था की गई थी। रायपुर से रवाना होकर राजनांदगांव गुरुद्वारा व यवतमाल होते हुए नांदेड़ 14 मार्च नांदेड़ साहिब को पहुँची वहाँ ऐतिहासिक गुरुद्वारों के दर्शन किये जिनमें गुरुद्वारा माता साहिब कौर, शिकार घाट, नानकसर, रतनगढ़, हिरा घाट, माल टेकरी एवं लंगर साहिब प्रमुख हैं 15 मार्च सचखंड श्री हजूर साहिब में होला महल्ला मनाया, जिसके बाद यात्रा बिदर रवाना हुई 16 मार्च संगत गुरुद्वारा नानक झीरा बिदर में आयोजित कीर्तन दरबार में शामिल हुई। जहाँ पर गुरु नानक देव जी ने टीले से पत्थर हटाकर मीठे जल का प्रवाह किया, वहाँ से 17 मार्च को यात्रा रायपुर के लिए रवाना हुई 18 मार्च यात्रा सुबह सकुशल रायपुर पहुँची। इस यात्रा के प्रमुख सेवादार जत्थेदार प्रदेश अध्यक्ष दलजीत सिंह चावला, हरपाल सिंह भामरा, गुरुचरन सिंह टैंक, जस्सी सिंह, चरन अरोरा, गुरुभेज सिंह, सागर सिंह, आशु राजपाल, मुरली खेमलानी, राजविंदर सिंह खालसा, रोहित, मोनू सलूजा, मनमीत सिंह होरा सहित आदि थे।

# वनांचल सहित ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करें : कलेक्टर गोपाल वर्मा

पायनियर संवाददाता ∢ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जल जीवन मिशन और पेयजल व्यवस्था के संबंध में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के साथ अन्य संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने बैठक में शासन की प्राथमिकता में शामिल हर घर पर शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने वाली जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता डीएस राजपुत,, जिला शिक्षा अधिकारी वाईडी साहू, कृषि विभाग के उपसंचालक अमित मोहंती, सभी एसडीओं, इंजीनियर और ठेकेदार उपस्थित थे। कलेक्टर वर्मा ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक घर को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से कार्यों की समीक्षा करें और फील्ड विजिट कर यह सुनिश्चित करें कि सभी परियोजनाएँ समय पर और गुणवत्ता के साथ पूरी हों। कलेक्टर वर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जल जीवन मिशन महत्वपूर्ण योजना है। इसके अंतर्गत हर घर में नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य है।उन्होंने कहा कि जिले के जिन-जिन ग्रामों में जल जीवन मिशन को कार्यों की ऐजेसियां के द्वारा पूरी बताई जा रही है, ऐसे ग्रामों में ग्राम पंचायत को हैंड ओवर करें।

# एमएसएमईएस और निर्यात पारिस्थितिकी तंत्र को समर्थन देने के लिए मल्टी-सेक्टरल एक्सपो सीआईटीईएक्स 2025 का आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com




सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमईएस) और संबंधित निर्यात पारिस्थितिकी तंत्र को समर्थन देने के उद्देश्य से, पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) 20-23 मार्च 2025 को रायपुर के सेंट पॉल चर्च कम्पाउंड, सिविल लाइंस में छत्तीसगढ़ अंतर्राष्ट्रीय व्यापार एक्सपो 2025 (सीआईटीईएक्स 2025) का आयोजन कर रहा है। सीआईटीईएक्स 2025 का उद्घाटन 20 मार्च को किया जाएगा। सीआईटीईएक्स 2025, एमएसएमईएस और उनके जुड़े निर्यात पारिस्थितिकी तंत्र से संबंधित एक प्रमुख पहल है, जो केंद्रीय भारत में एक अद्वितीय एक्सपो के रूप में होगा। यह एक्सपो सूक्ष्म, लघु और मध्यम व्यवसायों के व्यापारिक संभावनाओं को बढ़ाने के लिए एक मंच प्रदान करेगा, ताकि उन्हें उपयुक्त बाजार लिंक मिल सकें और वे बड़े कॉर्पोरेट्स के साथ सहायक इकाइयों या आपूर्तिकर्ताओं के रूप में जुड़ सकें। इस एक्सपो के माध्यम से संवाद और नेटवर्किंग के द्वारा, सीआईटीईएक्स 2025 वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, उद्योग के हितधारकों, शिल्पकर्मियों, पेशेवरों, अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों, नागरिक समाज के सदस्य, मीडिया और उपभोक्ताओं की भागीदारी आकर्षित करेगा। अन्य बातों के अलावा, सीआईटीईएक्स 2025 एक मल्टी-सेक्टरल एक्सपो होगा, जिसमें एमएसएमईएस के प्रतिनिधित्व वाले विभिन्न क्षेत्र होंगे। हस्तशिल्प, फर्नीचर और खिलौने, रत्न और आभूषण, निर्माण उपकरण, कृषि और खाद्य प्रसंस्करण, आयुष, शिक्षा, हरित और वैकल्पिक ऊर्जा, होटल उद्योग, साहसिक पर्यटन।

# उरकुरा में भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ∢ बीरगांव
www.dailypioneer.com




उरकुरा भवानी शंकर मंदिर में चल रहे श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजक सर्व विंध्य समाज के द्वारा किया जा रहा है, जिसमें आयोजकों ने बताया कि यह कथा 18 मार्च से 25 मार्च तक चलेगी जिसमें कथा शुरू होने से पहले भव्य कलश यात्रा के साथ बड़ी शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष शामिल हुए यह शोभा यात्रा हर्षित विहार उरकुरा से बाजार चौक शीतला मंदिर से होते हुए कथा स्थल में स्थापना की गई। इस कथा की व्याख्या रामललाचार्य महाराज के मुखारविंद से की जा रही है कथा के पश्चात महाराज ने जगत जननी मां बंजारी से आशीर्वाद लेने पहुंचे और क्षेत्र की जनता के लिए सुख शांति का आशीर्वाद मांगा यह कथा दोपहर 3:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक आयोजित की गई है, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त पहुंचकर कथा का आनंद ले रहे हैं। वही बीरगांव नगर निगम क्षेत्र के भक्तों के अलावा अन्य जगह से भी लोग कथा का आनंद लेने पहुंच रहे हैं। इस कथा को सुनने लोगों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

# प्रख्यात अन्तर्राष्ट्रीय गायक हंसराज रघुवंशी आ रहे हैं धर्मनगरी कवर्धा के भोरमदेव महोत्सव में

पायनियर संवाददाता ∢ कवर्धा
www.dailypioneer.com




प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला भोरमदेव महोत्सव इस बार अन्तर्राष्ट्रीय गायक हंसराज रघुवंशी की ऐतिहासिक प्रस्तुति से सारे कबीरधाम जिले को भक्तिभाव की अमृतधारा में प्रवाहित करने वाला है । विदित हो कि 26 मार्च को प्रख्यात भजन गायक हंसराज रघुवंशी जी अपनी सम्पूर्ण टीम के साथ अपने लोकप्रिय भजनों की सुरमय धारा भोरमदेव महोत्सव में प्रवाहित करेंगे । कवर्धा विधानसभा के स्थानीय विधायक व राज्य के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का कहना है कि बरसों बाद हम फिर से भोरमदेव महोत्सव के गौरव को पुनर्स्थापित करने का प्रयास भोरमदेव सनातन तीर्थ ट्रस्ट के माध्यम से करने जा रहे हैं।कवर्धा के जनमानस का धार्मिक व आध्यात्मिक भाव का ध्यान रखते हुए एक वृहद भव्य आयोजन को साकारित करने के लिए हम सब प्रणबद्ध हैं। भोरमदेव सनातन तीर्थ ट्रस्ट व जिला प्रशासन कबीरधाम स्थानीय विधायक विजय शर्मा के मार्गदर्शन में महोत्सव की तैयारियों को जोर-शोर से कर रहा है। कलेक्टर गोपाल वर्मा का कहना है कि इस ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन में जिले की जनता व विशेषकर श्रद्धालु भक्ति की अलौकिक छटा का अनुभव कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि कबीरधाम जिले में आयोजित होने वाले दो दिवसीय भोरमदेव महोत्सव की तैयारी जोरो-शोरों से की जा रही है। यह आयोजन छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक पुरातात्विक और जन आस्था के केन्द्र बाबा भोरमदेव के मेला स्थल प्रांगण में किया जाएगा। भोरमदेव महोत्सव के प्रथम दिन 26 मार्च को 'मेरा बोला है भंडारी, करे नंदी की सवारी, वो भोलेनाथ रे, वो शंभूनाथ रे...' 'युग रामराज का आ गया, शुभ दिन ये आज का आ गया...' 'ऐसा डमरू बजाया भोलेनाथ ने, सारा कैलाश पर्वत मगन हो गया...'लागी मेरी तेरे संग लगी ओ शंकरा, लागी मेरी प्रीत तेरे संग मेरे शंकरा...' व शिव कैलाशों के वासी-- जैसे अत्यंत लोकप्रिय भजनों के प्रख्यात भजन गायक हंसराज रघुवंशी अपने भजनों की भव्य प्रस्तुति देंगे। भोरमदेव महोत्सव को इस वर्ष और भी भव्य बनाने के लिए जिला प्रशासन और भोरमदेव सनातन तीर्थ ट्रस्ट ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है।

# प्राकृतिक मड़ थेरेपी चिकित्सा शिविर का हुआ शुभारंभ




पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा आयोजित मद थेरेपी का रामनाथ भीमसेन समता कॉलोनी में हुआ शुभारंभ उपरोक्त शिविर 19 से 25 मार्च तक चलेगा। शिविर का उद्घाटन सम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक ईश्वरप्रसाद अग्रवाल पूर्व आईएएस अशोक अग्रवाल अग्रवाल सभा अध्यक्ष विजय अग्रवाल हनुमान प्रसाद अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार महामंत्री मुरली अग्रवाल युवा चेयरमैन कर्तव्य अग्रवाल युवा अध्यक्ष प्रमोद जैन अशोक अग्रवाल रमेश अग्रवाल द्वारा महाराज अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। शिविर का शुभारंभ उदयपुर से आए हुए डॉक्टरों के प्रशिक्षित टीम द्वारा चालू किया गया, जिसमें पैठ दर्द पीठ दर्द घुटना दर्द मूत्र समस्या डायबिटीज सुगर आदि से ग्रसित मरीजों का उपचार किया गया, जिसमें लगभग 200 मरीजों ने इसका लाभ प्राप्त किया। प्रचार प्रसार प्रभारी प्रमोद जैन कर्तव्य अग्रवाल ने बताया कि उदयपुर से आए हुए डॉक्टरों द्वारा मिटी से मरीजों का उपचार किया। मिटी मै 26 प्रकार के जड़ीबूटियों का समावेश है। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन युवा सम्मेलन महिला सम्मेलन लगी हुए है। कार्यक्रम में अशोक अग्रवाल रमेश अग्रवाल सतपाल जैन राकेश अग्रवाल हरीश अग्रवाल विकाश अग्रवाल विशंभर अग्रवाल अशोक अग्रवाल आशुतोष अग्रवाल चंद्रभान गुप्ता सुनीता चौधरी के साथ ही बड़ी संख्या में अग्रबंधु उपस्थित थे।

# अमेजन फैशन के नेक्स्ट जेन स्टोर से जेन जेड शॉपर्स में 3 गुना बढ़ोतरी हुई

**रायपुर।** अमेजन फैशन ने एक बड़े ग्रोथ पैटर्न की जानकारी देते हुए, नेक्स्ट जेन स्टोर की भारत में फैशन से जुड़ी खपत में तेज बढ़ोतरी प्रदर्शित करने वाली एक बड़ी उपलब्धि का खुलासा किया है। 2023 में जेन जेड के लिए भारत के पहले समर्पित डिजिटल फैशन हब के रूप में लॉन्च किए गए, अनूठे स्टोर से जेन जेड ग्राहकों में 3 गुनी और टियर-टू शहरों से 4 गुनी से ज्यादा की दमदार बढ़ोतरी देखने को मिली है, जिससे भारत में सभी के लिए नए-नए ट्रेंड्स उपलब्ध होने का पता चलता है। नेक्स्ट जेन स्टोर ने वैश्विक रुझानों को स्थानीय विशेषताओं के साथ जोड़ने के अपने रणनीतिक दृष्टिकोण के माध्यम से बाजार में युवाओं पर केंद्रित फैशन से जुड़ी कमियों को सफलतापूर्वक दूर कर दिया है। 2 मिलियन से अधिक उत्पादों के साथ 340 से ज्यादा घरेलू और वैश्विक ब्रांडों के बड़े पोर्टफोलियो की खासियत वाले, ऑनलाइन स्टोर ने खुद को ऐसे डिजिटली कुशल फैशन उपभोक्ताओं के लिए एक आकर्षक स्थान के रूप में स्थापित किया है, जो पहुंच और अभिव्यक्ति दोनों की तलाश कर रहे हैं। अमेजन फैशन एंड ब्यूटी इंडिया के डायरेक्टर सिद्धार्थ भगत ने कहा- हमारे नेक्स्ट जेन स्टोर की शानदार ग्रोथ से भारत के फैशन इकोसिस्टम में एक बुनियादी बदलाव जाहिर होता है। उन्होंने कहा, हम इसके जरिये फैशन के एक नए दौर का उदय देख रहे हैं। जहां भारत के अलग-अलग इलाकों के जेन जेड उपभोक्ता अनोखे स्टाइल के माध्यम से आत्म-अभिव्यक्ति को अपना रहे हैं।

# हटसन एग्रो प्रॉडक्ट लिमिटेड ने आंध्र प्रदेश के भीमावरम में अपना 4000वां एचएपी डेली आउटलेट खोल कर रिटेल के क्षेत्र में अपनी स्थिति और अधिक मजबूत की

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com




हटसन एग्रो प्रॉडक्ट लिमिटेड, जो कि भारत की अग्रणी निजी क्षेत्र की डेयरी कंपनी है, ने आंध्र प्रदेश के भीमावरम में अपना 4000वां एचएपी डेली आउटलेट खोला है। यह उपलब्धि उपभोक्ताओं को ताज़ा और उच्च गुणवत्ता वाले डेयरी उत्पाद उपलब्ध कराने की कंपनी की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। कंपनी का उददेश्य अरुण आइसक्रीम्स, अरोक्य, हटसन और हैनोबार सहित विभिन्न ब्राण्ड्स के माध्यम से रिटेल क्षेत्र में अपनी स्थिति मजबूत करना है और एचएपी डेली एक्सक्लूसिव स्टोर्स इसी रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इन स्टोर्स में आइसक्रीम, ताज़ा दूध, दही, छाछ, पनीर, योगर्ट, जूस, चॉकलेट, मक्खन आदि उत्पाद रिटेल में बेचे जाएंगे। उपभोक्ताओं को सीधे बिक्री करने के अलावा, एचएपी डेली आउटलेट अपने आसपास स्थित रिटेल दुकानों में भी इन उत्पादों की आपूर्ति करके ब्रांड की पहुंच को बढ़ाने में योगदान देंगे। 4000वें एचएपी डेली आउटलेट के उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए हटसन एग्रो प्रॉडॅक्ट लिमिटेड के चेयरमैन, आर.जी. चंद्र मोगन ने कहा, आंध्र प्रदेश के भीमावरम में हमारे 4000वें एचएपी डेली एक्सक्लूसिव आउटलेट का उद्घाटन उपभोक्ताओं को ताज़ा और उच्च गुणवत्ता वाले डेयरी उत्पाद सहज रूप से उपलब्ध कराने की दिशा में कंपनी की यात्रा में एक अहम मील का पत्थर है। हटसन एग्रो का लक्ष्य हमेशा से न केवल डेयरी किसानों और फ्रेंचाइज़ी भागीदारों के लिए नए अवसरों का सृजन करना रहा है, बल्कि उच्च गुणवत्ता वाले नए उत्पाद विकसित कर उन्हें आसानी से उपलब्ध कराना भी रहा है।

## राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा शपथ ग्रहण समारोह में हुए शामिल

# जनपद पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों ने ली शपथ

पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा जनपद पंचायत सिमगा एवं भाटापारा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह मे मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा भारत माता एवं छतीसगढ़ महतारी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह क़ा शुभारंभ किया गया। पीठासीन अधिकारी के द्वारा जनपद पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। राजस्व मंत्री वर्मा ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि सभी अपनी जिम्मेदारियों क़ा बखूबी निर्वाहन कर जनता की आशा और उम्मीद पर खरा उतरें। केंद्र और राज्य सरकार अनेक योजनाएं बानाती हैं लेकिन उन योजनाओं का धरातल पर क्रियान्वयन मे पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। उन्होने कहा कि विकास कार्यो के साथ ही लोगों के छोटे-छोटे समस्याओं का निराकरण भी कराएं। कई बार राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड के लिए लोग भटकते रहते हैं, इनका समाधान कराना है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व मे हमारी सरकार प्रदेश मे विकास के पथ पर आगे बढ़ रही है। ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। पंचायतों मे विकास कार्य के लिए राशि की कोई कमी नहीं होगी। समारोह को पूर्व विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा, पूर्व विधायक बिलाईगढ़ डॉ. सनम जांगड़े ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष आनंद यादव, जिला पंचायत सदस्य ईशान वैष्णव, शशि आनंद बंजारे, दीप्ति वर्मा सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या मे ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# एमजी कॉमेट ईवी 2025 को बेहतर सुविधा और आराम के साथ किया गया पेश

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



भारत की स्ट्रीट-स्मार्ट कार को और भी स्टाइलिश और आकर्षक बनाते हुए, जेएसडब्ल्यु एमजी मोटर इंडिया ने कॉमेट ईवी 2025 पेश किया है। एमजी कॉमेट ईवी 2025 को 4.99 लाख (बैटरी-एज़-ए-सर्विस के साथ 2.5/किमी) की आकर्षक शुरुआती कीमत के साथ पेश किया गया है। बेहतर सुविधाओं और एडवांस टेक्नोलॉजी फीचर्स के साथ इस कार में भविष्य की डिज़ाइन देखने को मिलती है। वे ग्राहक जो तकनीक से भरपूर और शहरी आवागमन के लिए एक प्रैक्टिकल कार चाहते हैं, वे अपनी नज़दीकी एमजी डीलरशिप पर जाकर नई एमजी कॉमेट 2025 और हाल ही में लॉन्च किए गए कॉमेट ब्लैकस्टॉर्म एडिशन को 11,000 में बुक कर सकते हैं। एमजी कॉमेट ईवी 2025 को पांच अलग-अलग वैरिएंट में पेश किया गया है, इन वैरिएंट में एग्जीक्यूटिव, एक्साइट, एक्साइट फास्ट चार्ज, एक्सक्लूसिव और एक्सक्लूसिव फास्ट चार्ज शामिल हैं। इन सभी को एक बेहद खास ड्राइविंग अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। एक्साइट और एक्साइट एफसी वैरिएंट अब रियर पार्किंग कैमरा और पावर-फोल्डिंग आउटसाइड रियर व्यू मिरर से लैस हैं, ये फीचर्स वाहन चालकों के लिए ड्राइविंग को और भी सुविधाजनक और सुरक्षित बनाने हैं। एक्सक्लूसिव और एक्सक्लूसिव एफसी वैरिएंट को प्रीमियम लेदरेट सीट और 4-स्पीकर ऑडियो सिस्टम के साथ अपग्रेड किया गया है, यह बदलाव इन-केबिन अनुभव को और भी प्रीमियम बनाता है। फास्ट चार्जिंग वैरिएंट 17.4 किलोवाटबैटरी पैक के साथ आते हैं, ये एक बार चार्ज करने पर 230 किमी तक की ड्राइविंग रेंज प्रदान करते हैं।


# सुशासन कि सरकार में नाबालिग हुआ घायल, अधिकारी हुए मौन

## कलेक्टर ने नहीं सुनी पुकार तो पीड़ित बुजुर्ग पिता ने मुख्यमंत्री से लगाई गुहार

■ बलरामपुर जिले में शिक्षा विभाग का कई काले कारनामे में हो रहे उजागर

पायनियर संवाददाता ➤ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

एक पीड़ित बुजुर्ग पिता अपने नाबालिक पुत्र के साथ बेरहमी से हुए मारपीट के घटना को लेकर विजयनगर चौकी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामचंद्रपुर, जिला शिक्षा अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं कलेक्टर बलरामपुर को घटना से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करते हुए कार्रवाई की मांग की गई थी। किंतु कार्रवाई नहीं होने के करण पीड़ित बुजुर्ग पिता ने अब इसकी शिकायत छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, शिक्षा मंत्र, पुलिस महानिदेशक, कमिश्नर सरगुजा, पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा को अब अवगत कराते हुए नाबालिग छात्र की बेरहमी से पिटाई के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने की मांग की गई है। बलरामपुर जिले के रामचंद्रपुर विकासखण्ड अंतर्गत माध्यमिक शाला मेघुलि में शिक्षक द्वारा नाबालिग बच्चे को बंधक बनाकर पीटे जाने



के मामले में एक तरफ जहां तूल पकड़ता जा रहा है वहीं इस बात का चर्चा चरम पर है कि पीड़ित बुजुर्ग पिता ने जब संबंधितों को अवगत कराने के बाद भीं मामला को लटकाए रखने से यह प्रतीत होता है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश के सुशासन वाली विष्णु देव साय की सरकार को बलरामपुर जिले के अफसर उनके साख पर बट्टा लगाने का कार्य कर रहे हैं जिसके कारण छत्तीसगढ़ सरकार की पूरे क्षेत्र में आलोचना हो रही है। गौरतलब है कि माध्यमिक शाला मेघुलि में अध्ययनरत एक नाबालिग छात्र को बंधक बनाकर स्थानीय शिक्षक विद्यासागर यादव के द्वारा घायल होते तक पीटा गया था, पीड़ित बुजुर्ग पिता ने संबंधित शिक्षक के विरुद्ध करवाई करने हेतु विकासखंड शिक्षा अधिकारी सदानंद कुशवाहा जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. डी.एन.मिश्रा पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर रमनलाल कलेक्टर राजेंद्र कटारा को लिखित में शिकायत कर मामले से अवगत कराया था,परंतु किसी अफसर ने नाबालिग बच्चे को बंधक बनाकर घायल होते तक पीटने वाले शिक्षक विद्यासागर यादव पर करवाई करने की हिम्मत नहीं जुटा पाए। एक तरफप्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राइट टू एजुकेशन को बढ़ावा देने एवं बच्चों पर हुए अत्याचार की शिकायत पर त्वरित निराकरण के निर्देश जारी किए गए हैं किंतु बलरामपुर जिले में बैठे हुए अफसर मुख्यमंत्री के निर्देशों की अवहेलना करते हुए 03 सप्ताह का समय व्यतीत होने के बावजूद भी शिक्षक पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। पीड़ित बुर्जुग पिता मोहम्मद असगर अंसारी का कहना है कि दर दर भटकने के बाद भी इंसाफ नहीं मिलने से अफसर के प्रति नागरिकों का विश्वास घटता जा रहा है, एक आम आदमी को जिला कलेक्टर एवं एसपी तथा डीईओ बीईओ चौकी प्रभारी से काफी उम्मिद रहती है, और जब यही लोग न्याय से मुंह मोड़ ले तो फिर सरकार की विफलता स्पष्ट झलकने लग जाती है, आखिर कोई भी व्यक्ति अपनी फरियाद लेकर कहाँ जाए जब कोई सुनने को तैयार नहीं, स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि शिक्षक विद्यासागर यादव आए दिन किसी न किसी बच्चे के साथ मार पिट करते रहते हैं परंतु सामान्य घटना होने के कारण किसी ने शिकायत नहीं कि थी,परंतु इस बार नाबालिग छात्र को बंधक बनाकर घायल होते तक पिटे जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है, स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि यदि उदंड शिक्षक पर करवाई नहीं हुई तो उनका मनोबल और बढ़ेगा तथा आगे और बृहद घटना को अंजाम दिया जा सकता है।

### शिकायतों पर क्या है मुख्यमंत्री के निर्देश

छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश के सभी अधिकारियों को यह निर्देश दे रखा है कि शिकायतों का तत्काल निराकरण करते हुए जरूरतमंदों को न्याय दिलाने में उनका सहयोग करें। क्योंकि सबका विश्वास, सबका विकास' के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता हैं। उन्होंने यह भी निर्देश दिय है कि राजस्व और पुलिस मामले से संबंधित एवं सभी विभाग के मामलों को पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ निपटाया जाए।

### बुजुर्ग ने की पुलिस अधीक्षक की प्रशंसा

पीड़ित बुजुर्ग पिता मोहम्मद असगर अंसारी ने बताया कि घटना के बाद हमने अपनी पीड़ा एक शिकायत के माध्यम से लेकर संबंधित को अवगत कराया लेकिन किसी ने हमारे साथ सहानुभूति पूर्वक व्यवहार ना कर रूखापन से ही पेश आए लेकिन एसपी वैभव बैंकर रमनलाल के द्वारा आदर सम्मान के साथ बैठक कर हमारी समस्याएं सुनने के उपरांत उन्होंने तत्काल विजयनगर चौकी में फोन कर जांच करने के निर्देश देते हुए दोषियों पर कार्रवाई करने की बात कही। आगे पीड़ित बुजुर्ग पिता ने कहा कि ऊंचे अवधेश के अधिकारी को हमेशा फरियादियों के साथ सहानुभूति पूर्वक व्यवहार करना चाहिए जो अब के समय में नहीं रह गया है? भला हो एसपी साहब का जो अच्छे संस्कारी परिवार से संबंध रखते हैं इसके लिए मैं उनका प्रशंसा करता हूं।

### शिक्षा विभाग के कार्य प्रणाली पर उठ रहे सवाल

शिक्षा विभाग के रिटायर्ड एवं शिक्षकों का कहना है कि उक्त मामले को प्रिंसिपल इस्तर पर ही सुलझ जाना चाहिए था और बहुत होता तो विकासखंड शिक्षा अधिकारी से ऊपर नहीं जाना चाहिए था? लेकिन जब बात कलेक्टर तक पहुंच गई तो इस मामले में तत्वरित निलंबन की कार्रवाई होनी चाहिए थी इसके बाद जांच किया जाता इस बात से यह स्पष्ट होता है कि विकासखंड शिक्षा अधिकारी को ना तो अपने वरिष्ठ अधिकारियों का डर है और नहीं जिला प्रशासन सहित शासन प्रशासन का इन्होंने यह भी कहा कि शासन प्रशासन के द्वारा पीड़ित महिलाओं एवं नाबालिकों पर हुए अत्याचार पर तत्काल कार्रवाई की जाए लेकिन इस जिले का दुर्भाग्य है कि पीड़ित परिवारों को दर-दर भटकना एवं ठोकर खाना पड़ रहा है जो काफी चिंता का विषय है समय रहते इस पर ध्यान देना बहुत जरूरी है।

# आयुष्मान वय वंदना कार्डः जिले में अब तक बनाए गए 17831 वयं वदना कार्ड

## जिले में कार्ड बनाने के लिए 44 चिकित्सालय चिन्हांकन, आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाने की अंतिम तिथि 31 मार्च तक

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना का दायरा बढ़ाते हुए केन्द्र सरकार ने 70 साल व इससे अधिक उम्र के व्यक्तियो को 5 लाख तक मुक्त ईलाज की सुविधा दिये जाने के लिए आयुष्मान वय वंदना कार्ड के माध्यम से योजना का शुभारंभ किया गया है। जिसका लाभ आयुष्मान योजना के तहत् रजिस्टर्ड किसी भी निजी और सरकारी अस्पताल में करा सकते है। इसका लाभ हर वर्ग व आयु के वरिष्ठजन ले सकते हैं। इसकी एक और खात बात यह है कि पहले से परिवार का आयुष्मान कार्ड बना हो तक भी 70 से ज्यादा वालों को 5 लाख का अतिरिक्त कवर मिलेगा। बुजुर्गो को इस योजना के तहत लाभान्वित करने के लिए जिले के समस्त 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत् लाभ दिए जाने हेतु आयुष्मान वय वंदना



कार्ड स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा डोर-टू डोर एवं स्वास्थ्य सेटर में बनाया जा रहा है। पात्रता का आधार हितग्राही की आयु ही मात्र होगी, जिसे आधार कार्ड के माध्यम से सत्यापित किया जाएगा। जिसमें आयुष्मान भारत में सम्मिलित अर्थात् राशन कार्ड में सूचीबद्ध एवं अन्य समस्त 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिक पात्र होगे। चूंकि पहले बुजुर्गों का कार्ड भी राशन कार्ड के हिसाब से बनता था इसलिए किसी का 50 हजार तो किसी का 5 लाख का कार्ड बना हुआ है। अब जिले के समस्त वरिष्ठ नागरिको 70 वर्ष से अधिक से अपील किया गया है कि अपना आयुष्मान वय वंदना कार्ड नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में बनवा लेवें। आयुष्मान वय वदना कार्ड बनाने का अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 तक है। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु निर्धारित समय सीमा में वय वंदना कार्ड बना लेवे। कार्ड बनाने हेतु आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड साथ लेकर आयें। जिले में अब तक 17831 वयं वदना कार्ड बनाया गया है। आयुष्मान वयं वंदना कार्ड बनाने के लिए जिले के 44 चिकित्सालयों का चिन्हांकन किया गया है। इनमें जिला चिकित्सालय जशपुर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आरा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पैकु, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आस्ता, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र घाघरा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कस्तुरा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रनपुर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुजारा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बगिया, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दोकड़ा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भेलवा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तपकरा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोल्हेनझरिया, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोतबा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बागबहार, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तमता, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुरंगपानी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बगीचा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सन्ना, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र छिछली, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुलेसा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पडरापाठ, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोदाम, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र घोलेंग, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनोरा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनक्यारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दुलदुला, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुनकुरी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नरायणपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कांसाबेल, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बटाईकेला, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फरसाबहार, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भगोरा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र केरसई, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पत्थलगांव, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लुड़ेग, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शेखरपुर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुरंगपानी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र किलकिला, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुर्रोग, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र झिक्की, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चम्पा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मैनी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कलिया शामिल हैं।

# महिला बाल विकास विभाग की टीम ने पोर्तेंगा डूमरटोली में बालिका का बाल विवाह रूकवाया

## परिजनों दी गई समझाईश बेटी का विवाह 18 वर्ष के बाद ही करे



पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिला प्रशासन और महिला बाल विकास विभाग की टीम ने समय पर बालिका के घर पहुंचकर बाल विवाह रुकवाया। महिला बाल विकास विभाग पोर्तेंगा की सेक्टर पर्यवेक्षक रूपमती बड़ाईक ने बताया की उनको सूचना मिली कि जशपुर विकास खंड के डूमरटोली में एक नाबालिग लड़की की शादी झारखंड राज्य के ग्राम हल्दी बेड़ा पोस्ट कैशलपुर सिमडेगा निवास बंधनु किसान से हो रहा है। महिला बाल विकास विभाग की टीम ने बालिका के परिजनों को समझाया और अपनी बेटी की शादी 18 वर्ष से अधिक होने के बाद ही शादी करने की समझाइश दी गई। और अपनी बेटी को अच्छी शिक्षा दीक्षा देने कहा गया।

# शराबी हेड कांस्टेबल ने की मासूम पिटाई एसपी ने किया निलंबित



पायनियर संवाददाता ➤ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

पुलिस विभाग के एक हेड कांस्टेबल ने होली के दूसरे दिन 5 वर्षीय मासूम को शराब के नशे में धुत बेवजह उसके साथ डंडे से मारपीट की गई उसके बाद परिजनों ने आप बीती थाने में बताने के बाद उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज़ होते ही पुलिस अधीक्षक ने उसे तत्काल निलंबित कर दिया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम दहेजवार में होली के दूसरे दिन बलरामपुर पुलिस लाइन में पदस्थ हेड कांस्टेबल रायमल टोप्पो ने शराब के नशे में भूत 5 वर्षीय मासूम की डंडे से पिटाई कर दी। जबकि मासूम का कोई कसर नहीं था बेवजह उसके साथ मारपीट की गई परिजनों ने मासूम को लेकर कोतवाली थाने पहुंची जहां लिखित शिकायत के आधार पर पुलिस ने हेड कांस्टेबल के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। इस बात की खबर जैसे ही पुलिस अधीक्षक बैंकर वैभव रमनलाल को लगी तो हेड कांस्टेबल रायमल टोप्पो को निलंबित करते हुए तत्काल जांच के निर्देश दिए गए हैं।

# पहले मारपीट कर पत्नी को किया घायल, अस्पताल में झूठ से ईलाज, अंतिम संस्कार के दौरान पति गिरफ्तार

■ हत्या करने वाले आरोपी पति थोमस मिंज को जशपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

एसएसपी शशि मोहन सिंह को मुखबीर से सूचना मिली कि चौकी दोकड़ा क्षेत्र के ग्राम जुड़वाईन में मृतिका सिलबिया मिंज उम्र 52 साल की संदिग्ध अवस्था में मृत्यू होने पर उसकी अंतिम संस्कार की तैयारी की जा रही है, मृतिका को उसके पति के द्वारा मारपीट किया गया था। इस सूचना पर एसएसपी के निर्देशन में चौकी दोकड़ा पुलिस द्वारा तत्काल मृतिका के परिजनों से संपर्क करते हुये तत्काल ग्राम जुड़वाईन पहुंचकर थोमस मिंज को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया, पहले तो वह साफइंकार करता रहा, परंतु पुलिस द्वारा मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करने पर वह टूट



गया एवं घटना को घटित करना स्वीकार किया।

**मामूली बात पर विवाद** -संदेही आरोपी थोमस मिंज ने पुलिस को बताया कि घटना 1 मार्च की रात्रि लगभग 10 बजे परछी में सोने की बात को लेकर अपनी पत्नी से मारपीट किया था, मारपीट से अचेत अवस्था में होने पर उसे ईलाज हेतु दूसरे दिन कुनकुी ले जाया गया, पत्नी की गंभीर अवस्था में रहने से वहां से रिफर करने पर रायपुर डी.के.एस. अस्पताल ले जाया गया। थोमस मिंज के द्वारा अस्पताल में अपनी पत्नी को दुर्घटना स्वयं से गिरकर बताकर ईलाज कराया जा रहा था, ईलाज के दौरान 16 मार्च को सिलबिया मिंज की मृत्यू हो गई एवं अपने गृह ग्राम लाकर अंतिम संस्कार करने की तैयारी कर रहा था।

**खून से सनी साड़ी बरामद**-आरोपी के मेमोरंडम कथन से उसके कब्जे से पेटी में छिपाकर रखे घटना दिनांक को मृतिका के पहने कपड़े जिसमें रक्त लगा था उसे जप्त किया गया है। पी.एम. रिपोर्ट में भी मृतिका की मृत्यू सिर में चोंट पहुंचाकर हत्या करना पाया गया है। आरोपी के विरूद्ध अपराध सबूत पाये जाने पर उसे 19 मार्च को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

**इन्हें मिली सफलता** -उक्त कार्यवाही में प निरीक्षक अषोक यादव, स.उ.नि. रामजी साय पैंकरा, प्र.आर. 128 प्रदीप लकड़ा, आर. 773 प्रकाश मिंज, आर. 563 शषिकांत टोप्पो, म.आर. 237 शांति लकड़ा का योगदान रहा है।

# चांपा क्षेत्र में जुआ खेलने वाले 8 जुआडियों को पकड़ने में मिली सफलता, थाना चांपा की त्वरित कार्यवाही



पायनियर संवाददाता ➤ चांपा
www.dailypioneer.com

थाना चांपा पुलिस ने जुआ खेलते हुए 08 आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 52 पत्ती ताश और 57,190 रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में एसडीओपी चांपा यदुमणि सिदार के मार्गदर्शन में 18 मार्च 2025 को थाना चांपा पुलिस को सूचना मिली कि सिंधी कॉलोनी के पीछे बिजली खंभे के नीचे कुछ लोग रुपए-पैसे का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर छापा मारा और 8 आरोपियों को रंगे हाथ जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया।

आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम चंद्रकांत देवांगन पिता बद्री प्रसाद देवांगन, निवासी रानी रोड चांपा योगेश यादव पिता प्रकाश यादव, निवासी बरपाली चौक चांपा रवि नागरची पिता मन्नूलाल, निवासी कोरवा पारा चांपा अमित शर्मा पिता कृष्ण कुमार, निवासी कंवर पारा चांपा यश उर्फ योगेश वासवानी पिता नरेश वासवानी, निवासी सिंधी कॉलोनी चांपा धनराज श्रीवास पिता मदन लाल, निवासी शंकर नगर चांपा रवि यादव पिता अजय यादव, निवासी यादव पारा चांपा रोहित सोनी पिता रामकुमार सोनी, निवासी शंकर नगर चांपा पुलिस टीम का सराहनीय योगदान रहा। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश गुप्ता, प्रधान आरक्षक प्रकाश राठौर, आरक्षक वीरेंद्र टंडन, नरसिंह बर्मन, वीरेश सिंह, रूपनारायण बरेठ, पद्म राज सिंह, दीपक राठौर और भूपेंद्र गोस्वामी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**खेल हमें बहुत कुछ सीखने का देता है अवसरः महापौर**

# प्रेस क्लब का आयोजन सराहनीय, स्व.केशव लाल मेहता स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ भव्य शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ➤ कोरबा
www.dailypioneer.com

कोरबा प्रेस क्लब कोरबा द्वारा स्व.केशव लाल मेहता स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का आतिशबाजी के बीच भव्य शुभारंभ हुआ। घंटाघर स्थित ओपन थियेटर मैदान में दूधिया रोशनी के बीच क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ महापौर संजू देवी राजपूत ने किया। इस अवसर पर महापौर राजपूत ने आयोजन के लिए आयोजक प्रेस क्लब को साधुवाद और बधाई देते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि जीवन में खेल बहुत जरूरी होता है और खेल हमें बहुत कुछ सीखने का अवसर प्रदान करते हैं। इस अवसर पर महापौर ने प्रतियोगिता आयोजन के लिए सहयोग राशि बढ़ाकर 3 लाख एक हजार रुपये करने का वादा किया। प्रेस क्लब अध्यक्ष की मांग पर महापौर की इस सहृदयता का उपस्थित लोगों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। महापौर राजपूत सहित आमंत्रित विशिष्ट अतिथियों मेयर इन काउंसिल सदस्य हितानंद अग्रवाल,





अजय गोंड़, फिरतराम साहू, धनकुमारी गर्ग, अजय कुमार चंद्राकर, सरोज शांडिल्य, पार्षद चन्द्रलोक सिंह, बालको के अधिकारी विजय बाजपेई, सहायक जनसंपर्क अधिकारी प्रखर सिंह, पूर्व पार्षद सुशील गर्ग, छेदीलाल अग्रवाल, वेदप्रकाश मित्तल, विश्वनाथ केडिया व प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने स्व.केशव लाल मेहता के छायाचित्र के समक्ष माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। तत्पश्चात महापौर व सभी एमआईसी सदस्यों ने मैदान में पहुंचकर उद्घाटन मैच के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर बधाई दी। आतिशबाजी के मध्य महापौर संजू देवी और एमआईसी सदस्य हितानंद अग्रवाल ने बैटिंग कर मैच का शुभारंभ किया। स्वागत उद्बोधन में प्रेस क्लब अध्यक्ष राजेन्द्र जायसवाल ने आयोजन पर प्रकाश डाला एवं गरिमामय 20 वर्ष के इस आयोजन की सफलता के लिए सबके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। वरिष्ठ पत्रकार वेद प्रकाश मित्तल ने आभार व्यक्त किया। उपस्थित महापौर सहित समस्त अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिथिगण मेयर इन काउंसिल के सदस्य हितानंद अग्रवाल, अजय गोंड़, फिरतराम साहू, धनकुमारी गर्ग, अजय कुमार चंद्राकर, सरोज शांडिल्य,पार्षद चन्द्रलोक सिंह, बालको के अधिकारी विजय बाजपेई, सहायक जनसंपर्क अधिकारी प्रखर सिंह, पूर्व पार्षद सुशील गर्ग आदि पत्रकार छेदीलाल अग्रवाल, विश्वनाथ केडिया, वेद प्रकाश मित्तल उपस्थित थे। शुभारंभ अवसर पर कमलेश यादव, प्रेस क्लब के संरक्षक मनोज शर्मा, नरेंद्र मेहता, राजेंद्र मेहता, प्रेस क्लब उपाध्यक्ष रामेश्वर ठाकुर, कोषाध्यक्ष ई. जयंन, कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार शाह, शेख असलम, नीलम पड़वार के अलावा पूर्व सचिव दिनेश राज, अनिल पाठक, बीता चक्रवर्ती, प्रतिमा सरकार, संतोष अग्रवाल, सत्यनारायण पाल, राजेश मिश्रा मिट्ठू, धीरज दुबे, विजय दुबे, हीराराम राठौर, कृष्णा राठौर, गयानाथ मौर्य, उमेश यादव, मनोज यादव, पवन तिवारी, दीपक गुप्ता, मारकंडेय मिश्रा, विक्की निर्मलकर, रमेश यादव, मनीष जायसवाल उपस्थित रहे। मैच का आनंद उठाने के लिए बड़ी संख्या में नगर के क्रिकेट प्रेमी मैदान में उपस्थित रहे। कोरबा प्रेस क्लब के द्वारा इस प्रतियोगिता का सीधा प्रसारण भी यूट्यूब पर कराया जा रहा है। मंच का संचालन प्रेस क्लब के सचिव नागेंद्र श्रीवास ने किया।

### डीएसपीएम ने एसईसीएल कोरबा को 8 विकेट से दी मात

प्रतियोगिता का पहला मुकाबला डीएसपीएम कोरबा ईस्ट बनाम एसईसीएल कोरबा एरिया के बीच खेला गया। एसईसीएल की टीम पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी। निर्धारित 10 ओव्हर में एसईसीएल की टीम ने 8 विकेट के नुकसान पर 107 रन बनाए। टीम की ओर से सर्वाधिक 26 रन शिवांशु कश्यप ने बनाए। उन्होंने 9 गेंदों में शानदार 4 छक्के लगाए। डीएसपीएम की ओर से कप्तान सरोज राठौर व शैलेन्द्र पैकरा ने 2-2 व एसके वर्मा ने 3 विकेट लिए। डीएसपीएम की टीम 108 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सलामी बल्लेबाज टेकराम कश्यप और नाइजल की घातक बल्लेबाजी की बदौलत टीम ने आसानी से जीत की ओर कदम बढ़ा दिए। टेकराम ने नाबाद 23 गेंदों में 53 रन बनाए, जिसमें 2 चौके 6 छक्के शामिल थे। नाइजल ने 18 गेंदों में 44 रन बनाए। उन्हें एसईसीएल के शिवांशु कश्यप ने अभिषेक के हाथों कैच कराया। इसके बाद आए सुदेश देवांगन 2 रन बनाकर शिवांशु का ही शिकार बने। 8 ओव्हर 1 गेंद में डीएसपीएम ने 110 रन बनाकर मैच को 8 विकेट से जीत लिया। शानदार बल्लेबाजी के लिए टेकराम कश्यप को मैन ऑफद मैच के खिताब से नवाजा गया।

### बालको ने एसईसीएल दीपका को 122 रन से हराया

प्रतियोगिता का दूसरा मैच बालको बनाम एसईसीएल दीपका के बीच खेला गया। बालको की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओव्हर में 8 विकेट के नुकसान पर 181 रन का विशालकाय स्कोर खड़ा किया। बालको के कप्तान नरेश कश्यप ने सर्वाधिक 40 रन बनाए। इसके अलावा अरविंद कुमार कानिकपुरी ने 39 व राम ने 32 रन बनाए। एसईसीएल दीपका के सभी गेंदबाजों ने जमकर रन लुटाए। परमेश्वर साहू ने 3 गौतम और बिज्जू ने 2-2 विकेट लिए। प्रकाश यादव को एक विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसईसीएल दीपका की टीम बालको की घातक गेंदबाजी के सामने लडखड़ा गई। 10 ओव्हर में 8 विकेट खोकर 59 रन ही बना सकी। इस तरह बालको ने मुकाबला 122 रन के विशाल अंतर से जीत लिया। उम्दा प्रदर्शन के लिए बालको के सोनू साहू को मैन ऑफ द मैच का खिताब मिला।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403